THE FREE INDOLOGICAL COLLECTION

WWW.SANSKRITDOCUMENTS.ORG/TFIC

# FAIR USE DECLARATION

This book is sourced from another online repository and provided to you at this site under the TFIC collection. It is provided under commonly held Fair Use guidelines for individual educational or research use. We believe that the book is in the public domain and public dissemination was the intent of the original repository. We applaud and support their work wholeheartedly and only provide this version of this book at this site to make it available to even more readers. We believe that cataloging plays a big part in finding valuable books and try to facilitate that, through our TFIC group efforts. In some cases, the original sources are no longer online or are very hard to access, or marked up in or provided in Indian languages, rather than the more widely used English language. TFIC tries to address these needs too. Our intent is to aid all these repositories and digitization projects and is in no way to undercut them. For more information about our mission and our fair use guidelines, please visit our website.

Note that we provide this book and others because, to the best of our knowledge, they are in the public domain, in our jurisdiction. However, before downloading and using it, you must verify that it is legal for you, in your jurisdiction, to access and use this copy of the book. Please do not download this book in error. We may not be held responsible for any copyright or other legal violations. Placing this notice in the front of every book, serves to both alert you, and to relieve us of any responsibility.

**If you are the intellectual property owner of this or any other book in our collection, please email us, if you have any objections to how we present or provide this book here, or to our providing this book at all. We shall work with you immediately.**

**-The TFIC Team.**

२९४५

ॐ नमः

# सम्यक्त्व सूर्योदय जैन.

अर्थात्

## मिथ्यात्व तिमिर नाशक.

जिसको

जैनाचार्य पञ्जावी श्री १००८ श्री परमपूज्य
अमरसिंहजीकी संप्रदायमें
सनातन सत्य जैन धर्मोपदेशिका बाल ब्रह्मचारिणी
जैनाचार्य्याजी श्रीमती श्री १००८ सतीजी

## श्री पार्वतीजीने बनाया.

और

लाला कृपाराम कोटूमल श्रावक
हुशीआरपुर निवासीने छपवाया.

श्रीमद्वर्द्धमान स्वामी सम्वत् २४३१.
वि० सम्वत् १९६२. इ. स. १९०५.
श्री पूज्य अमरसिंही सम्वत् २४

All Rights Reserved.

मूल्य रु. १)

Printed at the "Jain Printing Press."

AHMEDBAD.

# सूची पत्र.


| नं० | विषय. | पृष्ठ अंक | पंक्ति अंक. |
|---|---|---|---|
| १ | प्रश्न—तुम ईश्वर को मानते हो किम्वा नहीं? उत्तर—हां, मानते हैं. सूत्र साख सहित ईश्वर सिद्धि की गई है ... ... ... | ७ | ३ |
| २ | प्रश्न—तुम ईश्वर को कर्त्ता मानते हो किम्वा नहीं उत्तर—नहीं; क्यूं कि ईश्वर को कर्त्ता मानने से ईश्वर में चार दोष सिद्ध होते हैं उन चारों दोषों का दृष्टांत सहित विस्तार ... | १७ | ८ |
| | और गुरु चेले के प्रश्नोत्तर कर के प्रगट किया है कि कर्मों का करना भोगना कर्मों के अख्त्यार है कि जीव के वा ईश्वर के ... | १८ | १ |
| ३ | प्रश्न—चोर चोरी तो आप ही कर लेता है परन्तु कैद में तो आप ही नहीं जा धसता है. कैद में पहुंचाने वाला भी तो कोई मानना चाहिये. उत्तर—में इस पक्ष का खण्डन और जीव स्वतंत्रता से कर्म करता है फिर वह कर्म संचित हो कर फलदाता हो जाय और जीव परतंत्रता से निमित्त कारणों से भोगे इसका विस्तार स्वमत परमत के शास्त्रों की शाख सहित किया गया है, ... ... | ५७ | ५।६ |
| ४ | प्रश्न—कर्म तो जड है यह फलदायक कैसे हो सकते हैं? उत्तर—शराब के दृष्टांत सहित दिया है | ७२ | १४।१६ |
| ५ | प्रश्न—भलाजी! परलोक में कर्म कैसे जाते हैं और ईश्वर के विना कर्मों को याद कौन करावे? उत्तर—में इस पक्ष का खण्डन और परलोक | | |

में अंतःकरणरूप हो के कर्मों का जाना और
उन्का निमित्तों से फल का होना सिद्ध किया है ७५ १७

६ प्रश्न—क्यों जी, पहिले जीव है कि कर्म?
उत्तर—जीव और कर्म दोनों ही अनादि है
पहल किसकी कहे ? प्रश्नः— तो फिर अनादि कर्मों
से मुक्ति कैसे होय उत्तर में चार प्रकार के
सम्बंधों का विस्तार सहित स्वरूप लिखा है. ८० १०

७ प्रश्न—अजी, पदार्थ ज्ञान किसे कहते हैं ?
उत्तर—संसार में २ पदार्थ है. १ चेतन २
जड़; जिस्में परमाणु का स्वरूप और पुद्गल
के स्वभाव का प्रणामी होना जिस्की ४ अवस्था
और षट् भेदका स्वरुप दृष्टांत सहित लिखा
गया है ... ... ... ... ८९ ६

८ प्रश्न—सृष्टि का कर्ता ईश्वर ही को मानते है ?
उत्तर में ईश्वर का कर्त्ता न होना और सृष्टि
का सिल सिला परवाह रूप अनादि होना
सिद्ध किया गया है ... ... ११० २

९ प्रश्न—यदि ईश्वर को सृष्टि का कर्त्ता न माना जाय
तो ईश्वर को जाना कैसे जाय?
उत्तरमें ईश्वर का स्वरूप शास्त्रद्वारा और
दलील से भी जानना सिद्ध किया है १२१ ७।८

१० प्रश्न—ईश्वर को सुख दुःख का दाता न माने तो
ईश्वर का नाम लेने से क्या लाभ है ?
उत्तर—वृत्ति की शुद्धि का होना ऐसा दृष्टांत
सहित सिद्ध किया गया है. ... ... १२२ १०।११

११ प्रश्न—जैन पहिले है कि आर्य्य?
इसका उत्तर—आर्य्य नाम तो जैनीयों का ही है,
इसमें सूत्रका प्रमाण दिया है और जैनी आर्य्य
श्रावक और साधुवों के नियम भी लिखे हैं
और जैनी साधों के उपदेश से राजा महाराजा॰

ओंको भी लाभ होता है ऐसा सिद्ध किया है. १२७ १२
पृच्छकः—अजी, हमने सुना है कि जैन शास्त्रों में मांस खाना लिखा है. इस्का सूत्र साख से खण्डन किया हैं और शास्त्रार्थ मानने की विधि लिखी गई है... ... ... १३५ ८

१२ प्रश्न—अजी, हमारी बुद्धि तो चकित (हैरान है) कि-मत तो वहोत हैं परन्तु एक दूसरे मे भेद पाया जाता है तो फेर सचा मत कौनसा है ? इस्का निर्पेक्षता से उत्तर. और कई कहते हैं कि जैन में छोटे२ जीव जतुओंकी दया है; इस्का समाधान. और समाजियों के शास्त्र और धर्म का ढग लिखा गया है और वेदों को कौन२ मानते हैं और उन्के न्यारे२ ढगं भी लिखे हैं. वैदिक मतकी नदीयें नास्तिक समुद्र में मिलती है ... ... १४३ १३

१३ प्रश्न—जैन में आयु अवगाहनादि बहुत कही है इस्का उत्तरः—सूत्रोंका कहना तो सत्य है परन्तु जैसे वेदों से विरुद्ध पुराणों में कई गपौडे पेट भराऊओंने घढ धरे हैं ऐसे ही जैन में भी सूत्रों से विरुद्ध ग्रन्थकारों ने ग्रन्थों में कई गपौडे लिख धरे हैं जिस से पराभव हो कर कई अज्ञ जन सत्य धर्म से हाथ धो बैठे है इत्यादि. ... ... १६५ २

१४ प्रश्न—सर्व मतों का सिद्धांत मोक्ष है सो तुम्हारे मत में मोक्ष ही ठीक नहीं मानी है. इस्के उत्तर में मोक्ष का स्वरूप भलि भांति सवि-स्तार प्रश्नोत्तर कर, के अपना जीवन कथन सहित लिखा गया है. ... ... १७० ४

१५ प्रश्न—तुम मोक्ष से वापस आना नहीं मानते है तो सृष्टि का सिलसिला बन्दना हो जावेगा ?

## शास्त्रीमें.

१ सम्यक्त्व सूर्योदय जैन. रु. १)

२ "सम्यक्त्व" अथवा "धर्मका दरवाजा" किमत रु. ०।. ( सम्यक्त्व और मित्यात्वका स्वरुप, जैन और अन्य मतोंके दृष्टांत और न्यायसे अच्छी तराहसे समझाये गये हैं. धर्मका और आत्मज्ञानका उपदेश अच्छा किया गया है. )

३ आलोयणा ( अति शुद्ध प्रत ) ०-३-०

४ नित्य स्मरण ( सामायिक, स्तवनों, अणुपूर्वि, साधुवंदना, इत्यादि सहित ) विना मूल्य. ( पोष्ट खर्च ० )०॥ भेजना )

५ धर्मतत्व सग्रह. ( दश विधि धर्म का विस्तार पूर्वक उपदेश हिंदीमें किया गया है. वहुत उत्तम पुस्तक है. ) मूल्य रु. १)

## गुजरातीमें.

१ आलोयणा ० )≈

२ धर्मतत्वसंग्रह १ )

३ बार व्रत ०)≈; १०० प्रतके रु. ८ )

४ हित शिक्षा ( सर्व धर्मके लिये अत्यंत उपयोगी पुस्तक. गायकवाड सरकारने मंजुर किया है. १२००० प्रत खप गइ है.) मूल्य रु. ०। १० प्रतका १॥

५ सती दमयंती. ( सरकारने मंजुर की है ) ०-६-० पक्कापुंठा०॥

६ सदुपदेशमाळा (१२ नीतिकी रसमयी वार्त्ताओ ) रु ०॥

७ मधुमीक्षका ०।

८ आवश्यक भावार्थ प्रकाश ( प्रतिक्रमण अर्थ और टीका सहित. ) रु ०॥

पत्र व्यवहार—"जैन हितेच्छु" ऑफिसका मेनेजर

सारंगपुर—अहमदावाद् ( गुजरात )

# भूमिका.

सत्य धर्माभिलाषी विद्वज्जनों को विदित हो कि—इस घोर कलिकाल में विशेष करके मतियों की सम्मति न होनेसे और पूर्व की अपेक्षा प्रीति के कम होजाने से अर्थात् परस्पर विरोध होने के कारण, अनेक प्रकार के मत मतान्तरों का प्रचार हो रहा है; जिसको देख कर विद्वान् पुरुष आत्मार्थी निष्पक्षदृष्टिवाले कुछ शोक सा मानकर बैठ रहते हैं. परन्तु इतना तो विचारना ही पड़ता है कि इस मनुष्य लोक में दो प्रकार के मनुष्य हैं; (१) आर्य्य और (२) अनार्य्य. अनार्य्यों का तो कहना ही क्या है? जो आर्य्य हैं उनमें भी दो प्रकार के मत हैं: (१) आस्तिक, और (२) नास्तिक. "आस्तिक" उसको कहते हैं "जो होते पदार्थ को होता कहे"; अर्थात्—

१. सर्वज्ञ-सर्वदर्शी-निष्कलंक-निष्प्रयोजन-शुद्ध चेतन "परमेश्वर-परमात्मा" है;

२. चेतना-लक्षण, सोपयोगी, सुख दुःख-के वेदक ( अर्थात् जाननेवाले ) अनन्त 'जीव' भी हैं;

३. रूपी (रूपवाले) सर्व पदार्थोंका उपादान कारण परमाणु आदिक "जड़" भी हैं;

४. पुण्य-पाप रूप "कर्म" भी है, तिसका "फल" भी है;

५. "लोक"-परलोक"-"नर्क"-"देवलोक" भी है;

६. "बंध" और "मोक्ष" भी है;

७. "धर्मावतार" तीर्थंकर जिनेश्वर देव भी हैं; "धर्म" भी है; और "धर्मोपदेशक" भी हैं;

८. "कर्मावतार" बलदेव-वासुदेव भी हैं.

इत्यादिक ऊपर लिखे पदार्थों को 'अस्ति' कहे सो "आस्तिक", और जो 'नास्ति'

कहे सो "नास्तिक"; यथा [१] परमेश्वर नहीं, [२] जीव नहीं, [३] उपादान कारण परमाणु नहीं, [४] पुण्य-पाप नहीं, [५] लोक-परलोक-नर्क-स्वर्ग-नहीं, [६] बंध-मोक्ष नहीं, [७] धर्मावतार तीर्थंकर जिनेश्वर देव नहीं, धर्म नहीं, धर्मोपदेशक नहीं, और [८] कर्मावतार बलदेव-वासुदेव नहीं. यह चिह्न नास्तिकों के हैं.

यथा पाणिनीय अपने सूत्रमें यह कहता है:—"परलोकोऽस्ति मतिर्यस्यास्तीति आस्तिकः" और "परलोको नास्ति मतिर्यस्यास्तीति नास्तिकः"

परन्तु यह आस्तिक-नास्तिकपन नहीं है, जैसे कई एक अल्पज्ञ जन कह देतेहैं कि, "जो हमारे माने हुए मत को तथा शास्त्र को माने सो आस्तिक, और जो न माने सो नास्तिक". यह आस्तिक और नास्तिक के भेद नहीं हैं; भला! यों तो सब ही कह देंगे कि, जो हमारे मत को स्विकार न करे सो नास्ति-

क. यह आस्तिक-नास्तिकपन क्या हुआ ? यह तो झगडा ही हुआ !

बस ! नास्तिकों की बात तो अलग रहने दो. अब आस्तिकों में भी बहुत मत हैं. परन्तु विचारदृष्टि से देखा जावे तो आस्तिकों में दो मत की प्रवृत्ति बहुत प्रसिद्ध है, (१) जैन और (२) वैदिक. क्योंकि आर्य्य लोगों में कई शाखे जैनशास्त्रों को मानती हैं, और बहुत शाखें वेदों को मानती हैं. अर्थात् जैनशास्त्रों के माननेवालों में कई मत हैं, और वैदिक मतानुयायीओं में तो बहुत ही मतभेद हैं.

अब विद्वान पुरुषों को विचारणीय यह है कि, इन पूर्वोक्त दोनो में क्या २ भेद हैं ? वास्तव में तो जो अच्छी २ बातें हैं उनको तो सब ही विद्वान प्रमाणिक समझते हैं. और भेद भी हैं; परन्तु सब से बडा भेद तो जैन और वेद में ईश्वर कर्त्ता-अकर्त्ताके वि-

षय में है. यथा कईएक मत जैन, बौध, जैमिनी, मीमांसा, कपिल, सांख्य आदि ईश्वर को कर्त्ता नहीं मानते हैं; और वैदिक, वेदव्यास, गौतमन्याय, ब्राह्मण, वैष्णव, शैव, आदिक ईश्वर को कर्त्ता मानते हैं.

अब ईश्वर के गुण, और ईश्वर का कर्त्ता होना अथवा न होना, इसका निश्चय करने को, और कुछ मुक्ति के विषय में स्व मतपरमत के मतान्तर का संक्षेप मात्र कथन करने के लिये "मिथ्यात्व तिमिर नाशक" नाम ग्रंथ बनाने की इच्छा हुई. इसमें जो कुछ बुद्धि की मन्दता से न्यूनाधिक वा विपरित लिखा जावे तो सुज्ञ जन कृपापूर्वक उसे सुधार लेवें. ऐसे सज्जन पुरुषों का बडा ही उपकार समझा जावेगा.

यह ग्रंथ आद्योपान्त विचारपूर्वक निष्पक्षपात दृष्टि से ( *With UnprejudicedMind* ) अवलोकन करनेवाले श्रेष्ठ पुरुषों को मिथ्या भ्रम रूप रोगके विनाश करनेके लिये औप-

ध रूप उपकारी होगा.

इस ग्रंथ में ईश्वरको कर्त्ता अकर्त्ता मानने के विषय में १५ प्रश्नोत्तर हैं; जिनमें ईश्वर को कर्त्ता मानने में चार दोष दिखाये गये हैं, और कर्म को कर्त्ता मानने के विषय में पदार्थज्ञान अर्थात् जीवका और पुद्गल का स्वरुप संक्षेप मात्र युक्तियों से स्पष्ट रीति से सिद्ध किया गया है. और जो वेदानुयायी पण्डित ब्राह्मण, वैष्णव आदिक हैं वह तो आवागमन से रहित होने को मोक्ष मानते हैं; परन्तु जो नवीन वेदानुयायी 'दयानन्दी' वर्ग हैं वह मोक्ष को भी आवागमन में ही दाखिल करते हैं. इस विषय का भी यथामति युक्तियों द्वारा खण्डन किया गया है. इसके अतिरिक्त, यत्किञ्चित् वेदान्ती अद्वैतवादी नास्तिकों के विषय में २० प्रश्नोत्तर हैं; जिनमें उनही के ग्रंथानुसार द्वैतभाव और आस्तिकता सिद्ध की गई है.

( श्री परमेष्ठिने नमः )

श्री

# सम्यक्त्व सूर्योदय जैन.

अर्थात्

## मिथ्यात्व तिमिरनाशक.

आरिया ( दयानन्दी ):—तुम इश्वर को मानते हो वा नहीं ?

जैनीः—हां ! मानते हैं.

आरियाः—तुम सुनी सुनाई युक्ति से मानते हो वा तुमारे खास मत में अर्थात् किसी मूल सूत्र में भी लिखा है ?

जैनीः—मूल सूत्र में भी लिखा है.

आरियाः—सूत्रों के नाम ?

जैनीः—(१) आचाराङ्गजी, (२) समवायाङ्गजी, (३) भगवतीजी.

आरियाः—इन पूर्वोक्त सूत्रो में ईश्वर

को किस प्रकार से माना है?

जैनीः—श्रीमत् आचाराङ्गजी के अध्ययन पांचवें, उद्देशे छठे के अन्त में ऐसा पाठ हैः—

गाथा.

"न काऊ, न रूहे, न संगे, न इत्थी, न पुरुसे, न अन्नहा परिणे, सन्ने, उवमाण विज्जाइ, अरुवी सत्ता, अपय सपय नत्थी, न सद्दे, न रूवे, न गंधे, न रसे, न फासे, इच्चे तावती तिबेमि"

जिसका अर्थ यह है कि, मुक्त रूप परमात्मा अर्थात् सिद्ध जिसको (न काऊ) काय नहीं अर्थात् निराकार, (न रूहे) जन्म मरण से रहित अर्थात् अजर अमर, (न संगे) राग द्वेषादि कर्म का संग रहित अर्थात् वीतराग सदैव एक स्वरूपी आनंद रूप, (न इत्थी न पुरूसे) न स्त्री, और न पुरुष उपलक्षण से, न क्लीब, (न अन्नहा परिणे) न-

हीं है जिसकी अन्यथा प्रज्ञा अर्थात् विस्मृति नहीं,-अल्पज्ञ नहीं, (सन्ने) ज्ञानसंज्ञा अर्थात् केवलज्ञानी सर्वज्ञ, (उवमाण विजाइ) उपमा न विद्यते अर्थात् इस संसार में कोइ ऐसी वस्तु नहीं कि जिसकी उपमा ईश्वर को दी जावे, (अरुवीसत्ता) अरूपीपन, (अपय सपयनत्थी) स्थावर जंगम अवस्था विशेष नत्थी, (न सद्दे) शब्द नहीं, (न रूवे) कोइ रूप विशेष नहीं अर्थात् श्याम, श्वेत आदि वर्ण नहीं, (न गन्धे) गन्धि नहीं, (न रसे) मधु, कटु आदि रस नहीं, (न फासे) शीतोष्णादिक स्पर्श नहीं, (इच्चे) इति, (तावती) इत्यावत्, (तिब्बेमि) ब्रवीमि=कहता हुं.

आरियाः—यह महिमा तो मुक्त पद की कही है, ईश्वरकी नहीं.

जैनीः—अरे भोले! मुक्त है सो ईश्वर है, और ईश्वर है सो मुक्त है.

इस स्थानमें मुक्त नाम ईश्वर का ही है.

क्यों कि इश्वर नाम तो और ऐश्वर्य्य वालों-का भी होता है, परन्तु खास नाम ईश्वर का मुक्त ही ठीक है; जैसे कि स्वामी दयानन्द ने भी "सत्यार्थ प्रकाश" (संवत १९५४ के छपे हुए) समुल्लास प्रथम पृष्ठ १६ मी पंक्ति नीचे ३ में ईश्वरका नाम मुक्त लिखा हैं; इसीको जैन मत में सिद्ध पद कहते हैं. और भी बहुत से ग्रंथों में ईश्वर की ऐसे ही स्तुति की गई है; जैसे कि मानतुङ्गाचार्य्य कृत "भक्तामर स्तोत्र" काव्य २४:—

श्लोक.

त्वामव्ययं विभु मचिन्त्य मसंख्य माद्यं। ब्रह्माण मीश्वर मनन्त मनंगकेतुम्। योगीश्वरं विदितयोग मनेकमेकं। ज्ञानस्वरुप ममलं प्रवदन्ति सन्तः॥ १॥

इस उल्लिखित श्लोक का अर्थः—हे प्रभो! सन्तजन आप को ऐसा कहते हैं:-अव्ययम्=अविनाशी; विभुर्म्=सव शक्तिमान्; अ-

चिन्त्य; असंख्य; आद्यं अर्थात् सब से प्रथम जहांतक बुद्धि पहुंचावें तुम्हें पहिले ही पावें अर्थात् अनादि; ब्रह्मा ईश्वर अर्थात् ज्ञान आदि ऐश्वर्य्य का धारक, सब से श्रेष्ठ अर्थात् सब से उच्च पदवाला; अनन्तम् जिसका अन्त नहीं; अनंगकेतु=कामदेव-विकारबुद्धिके प्रकाश रुपी सूर्य्य को ढकने वाला केतु रुप जीस्का ज्ञान है; योगीश्वरम्; विदित हुआ है योग स्वरुप जीनकु; अनेकमेकम् अर्थात् परमेश्वर एक भी है, और अनेक भी है; भावत्वं एक, द्रव्यत्वं अनेक; अर्थात् इश्वर पदमें द्वैत भाव नहीं, ईश्वर पद एक ही रूप है. इत्यादि नामों से तथा ज्ञान स्वरूप और निर्मल रूप कीर्त्तन करते है.

आरियाः—यह तो मानतुङ्गजी ने ऋषभ देव अवतार की स्तुति की है, सिद्ध अर्थात् ईश्वर की तो नहीं ?

जैनीः—ऋषभदेवजी क्या अनादि अ-

नन्त थे ? अरे भाई ! ऋषभदेवजी तो राज-पुत्र, धर्मावतार, तीर्थंकर देव हुए हैं; अर्थात् उन्होंने राज को त्याग और संयम को साध, निर्विकार चित्त-निज गुण रमण-आत्मानन्द पाया; तब अन्तःकरण की शुद्धि द्वारा ईश्वरी-य ज्ञान प्रकट हुआ, जिसके प्रयोग से उ-न्होने जाना और देखा कि, शुद्ध चेतन—परमात्मा परमेश्वर भी ऐसे ही सर्व दोष रहित—सर्वदा आनन्द रूप है. तब अज्ञान का अन्त होकर, कैवल ज्ञान प्रगट हुआ, लोकालोक, जड़-चेतन, सुक्ष्म-स्थूल, सर्व पदार्थों को प्रत्यक्ष जाना; अर्थात् सर्वज्ञ हुए. फिर परोपकार के निमित्त, देश देशान्तरों में सत्य उपदेश करते रहे; अर्थात् ईश्वर सिद्ध स्वरुप ऐसा है-और जीवात्मा का स्वरुप एसा है—और जड़ पदार्थ परमाणु आदि का स्वरुप ऐसा है-और इनका स्वभाव जड़ में जड़ता, चेतन में चेतनता, अनादि है-और

ऐसे कर्मबंध और मोक्ष होती है, इत्यादिक. और तुम भी इसी बात को मानते हो; परन्तु यथार्थ न समझने से और प्रकार से कहते हो. जैसे कि, ईश्वर ने ऋषियों के हृदय में ज्ञान की प्रेरणा की, तब उन्होंने वेद कहे. सो हे भोले! क्या ईश्वर को राग द्वेष थी, जो कि उन चार ऋषियों के हृदय में ज्ञान दिया, और सब को न दिया?

आरिया—अजी! जिनके हृदय शुद्ध होते हैं, उन्हीं को ज्ञान देते हैं.

जैनी:—तो बस! वही बात जो हमने ऊपर लिखी है कि ईश्वर ज्ञान नहीं देता, जिन ऋषियों के हृदय तप-संयम से शुद्ध हो जाता हैं, उनको स्वयं ही ईश्वर का ज्ञान प्राप्त हो जाता है. बस! फिर वह ऋषभ-देवजी देहान्त होनेपर रागद्वेष इच्छा संज्ञा के अभाव से मोक्ष अर्थात् ईश्वर परमात्मा के प्रकाश में प्रकाश रुप से प्रविष्ठ हुए—शामिल

हुए. उस मोक्षपद सिद्ध स्वरुप की स्तुति की है. और इसी प्रकार से तुम लोग भी मानते हो. जैसे कि सम्बत् १९५४ के छपे हुए "सत्यार्थ प्रकाश" के प्रथम समुल्लास की ३ री पृष्ठ ११ वीं पंक्तिमें लिखा है, कि "ॐ" आदि परमेश्वर के नाम यजुर्वेद में आते हैं, और ४ थे पृष्ठ नीचेकी १म पंक्ति में और पृष्ठ ५ मी की ऊपरली १म पंक्ति में लिखा है, कि सर्व वेद सर्व धर्म अनुष्ठान रूप तपश्चरण जिसका कथन मान्य करते, और जिसकी प्राप्ति की इच्छा करके ब्रह्मचर्य्याश्रम करते हैं, उसका नाम "ॐ"कार है. अब समझने की यह बात है, कि जिसकी प्राप्ति अर्थात् परमेश्वर के मिलने की इच्छा करके तप आदि करते हैं अर्थात् प्राप्ति होना, मिलना, शामिल होना इनका वास्तव में एक ही अर्थ है.

आरिया:—जैन मत में तो, जीव त-

प—संयम से शुद्ध हो कर मुक्त होता है उसे ही सिद्ध अर्थात् ईश्वर मानते हैं; अनादि सिद्ध अर्थात् ईश्वर कोई नहीं मानते हैं.

जैनः—उत्तराध्ययन सूत्र—अध्ययन ३६ गाथा ६५ में सिद्ध को ही अनादि कहा हैः—

( गाथा. )

एगत्तेण साइया अपजवसीया विय
पुहुत्तेण अणाइया अपजवसिया विय ॥६६॥

( एगत्तेण ) कोइ एक तप—जप से निष्कर्म हो कर सिद्धपद को प्राप्त हुआ उसकी अपेक्षा से सिद्ध ( साइया ) आदि सहित, ( अपजवसीया ) अन्त रहित माना गया है; और ( पहुत्तेण ) इस से पृथक् बहुत की अपेक्षा से सिद्ध ( अनाइया ) आदि रहित अर्थात् जिसका आदि नहीं है, (अपजवसिया)

अन्त रहित ( अन्त नहीं जिसका ) अर्थात्, अनादि—अनन्त ऐसें कहा है जो महात्मा कर्म क्षय करके मोक्षपद को प्राप्त हुए हैं उनकी अपेक्षा से तो सिद्ध, आदि सहित और अन्त रहित माना गया है; और जो सिद्ध पद परम्परा से है वह अनादि—अनन्त है.

( आरिया:— ) वह भी तो कभी सिद्ध बना होगा.

( जैनी:— ) बना हुआ कहे तो आदि हुइ; अनादि की तो आदि नहीं हो सकती-और अनन्तका अन्त नहीं हो सकता क्योंकि जब सूत्रमें सिद्धको—अनन्त कह दिया तो फिर बना हुआ अर्थात् आदि कैसे कही जावे?

( आरिया:— ) "सत्यार्थ प्रकाश" ४८८ पृष्ठ १३ वीं पंक्तिमें लिखा है कि जिस पदार्थको स्वभाव 'एक देशी' होवे उसका गुण—कर्म स्वभावभी 'एक देशी' हुआ करता है.

जैनीः—यह बात ठीक नहीं है; क्योंकि जो मोटा और बड़ा हो क्या उसमें गुण भी बड़े होवें? और जो छोटा-पतला हो उसमें गुण भी छोटे अर्थात् स्वल्प होवें? परन्तु सूर्य्य तो 'एक देशी' और छोटा होता है, और उसका प्रकाश बड़ा—सर्वव्यापक होता है, कहो जी, यह कैसे?

आरियाः—तुम ईश्वर को कर्त्ता मानते हो वा नहीं?

जैनीः—ईश्वर कर्त्ता होता तो हम मानते क्यों नहीं?

आरियाः—तो क्या ईश्वर कर्त्ता नहीं है?

जैनीः—नहीं; क्योंकि हमारे सूत्रों में और हमारी बुद्धि के अनुसार, किसी प्रमाण से भी ईश्वर कर्त्ता सिद्ध नहीं हो सकता है. तुम ईश्वर को कर्त्ता मानते हो?

आरियाः—हां; हमारे मत का तो सिद्धान्त ही यह है कि ईश्वर कर्त्ता है.

जैनीः—ईश्वर किस २ पदार्थ का कर्त्ता है?

आरियाः—सर्व पदार्थों का.

जैनीः—पदार्थ तो कुल दो हैं:-(१) चेतन और(२) जरू. चेतन के २भेदः-(१) परमेश्वर चेतन और(२) संसारी अनन्त जीव चेतन. जरू के २भेदः-(१) अरूपी(आकाश कालादि) और(२)रूपी(परमाणु आदि)सो तो अनादी हैं. अब यह बताओ कि इश्वर कोइ नया जीव अथवा नया परमाणु बना सकता है वा नहीं.

आरियाः—नहीं.

जैनीः—तो फिर तुम्हारे ईश्वर नें बनाया ही क्या? बस! तुम्हारा पूर्वोक्त ईश्वर को सर्व पदार्थ कर्त्ता कहना यह मिथ्या सिद्ध हुआ.

( आरिया मौन हो रहा. )

जैनीः—भला! यह तो बताओ कि ईश्वर (स्वतंत्र) खुद अख्तियार है वा परतंत्र (पराधीन) अर्थात् बे अख्तियार है.

आरियाः—वाहजी वाह! आपने यह कैसा प्रश्न किया? ईश्वर के स्वतंत्र होने में कोई किसी प्रकार का सन्देह कर सकता है? ईश्वर तो स्वतंत्र ही है.

जैनीः—ईश्वर किस २ कर्म में स्वतंत्र है?

आरियाः—ईश्वर के भी क्या कर्म हुआ करते हैं?

जैनीः—तुम तो ईश्वर के कर्म मानते हो.

आरियाः—हम ईश्वर के कैसे कर्म मानते हैं?

जैनीः—तुम ईश्वर को न्यायकारी (न्याय करने वाला-दण्ड देने वाला), अपनी

इछा के अनुसार सृष्टि के रचने वाला मान-
ते हो.

आरिया:--हां! इसको तो हम स्विकार
करते हैं.

जैनी:--न्याय करना भी तो एक कर्म ही
है; और दण्ड देना भी एक कर्म ही है. इछा
भी तो अन्तःकरण की स्थूल प्रकृति (कर्म)
है. सृष्टि का रचना भी तो कर्म है.

आरिया:--( किञ्चित् मौन हो कर ) हां!
मुझे स्मरण है कि हमारे "सत्यार्थ प्रकाश"
के ६३४ पृष्ठ की १२ पंक्तिमें ईश्वर और उ-
सका गुण कर्म स्वभाव ऐसे लिखा है.

जैनी:--भला! यह तो बताओ कि ईश्वर
कोन २ से और कितने कर्म करता है?

आरिया:--कर्मों की संख्या (गिनती)
तो नहीं की है.

जैनीः—तो फिर ईश्वर भी हमारा ही भाई ठहरा; जैसे हम अनेक कर्म करते हैं एसे ही ईश्वर भी करता हैं. तो फिर जिस प्रकार से हम को कर्म का फल भोगना पडता है, इसी प्रकार से ईश्वर को भी भोगना पडता होगा; वा, जैसे हमें कर्म फल भुगताने वाला ईश्वर को मानते हो, ऐसें ही ईश्वर को भी कोइ और ही कर्म फल भुगताने वाला मानना पडेगा.

( आरिया मौन हो रहा. )

जैनीः—जीव स्वतंत्र है वा परतंत्र ?

आरियाः—स्वतंत्र.

जैनीः—जीव में स्वतंत्रता अनादि है वा आदि ? स्वतः सिद्ध है वा किसीने दी है? यदि अनादि मानोगे तो जीव स्वयं ही कर्त्ता सिद्ध हुआ; इसमें फिर ईश्वर की क्या आवश्यक्ता ( जरूरत ) रही ? यदि आदि से ( किसी की

ईश्वर की ) दी हुइ मानोगे तो ईश्वर में दो दोष प्राप्त होंगे.

आरिया:—कौन २ से ?

जैनी:-एक तो प्रथम अल्पज्ञता और द्वितीय अन्यायकारिता.

आरिया:—किस प्रकार से ?

जैनी:—इस को हम विस्तारपूर्वक आगे कहेंगे. अब तो तुम यह बताओ कि तुम ईश्वर में कौन २से गुण मानते हो ?

आरिया:-गुण तो बहुत से हैं; परन्तु संक्षेप से चार गुण विशेष प्रधान (बड़े) हैं.

जैनी:-कौन २से ?

आरिया:-१. सर्वज्ञ; २. सर्व शक्तिमान्; ३. न्यायकारी और ४. दयालु.

जैनी:-ईश्वर को कर्त्ता मानने से ईश्वर में इन चारों ही गुणों का नाश पाया जावेगा.

आरिया:—किस प्रकार से ?

जैनीः—इस रीति से. आप यह तो बताइये कि ईश्वर को न्यायकारी तुमारे मत में किस प्रकार से मानते हैं ?

आरियाः—राजा की तरह; जैसे चोर चोरी कर लेता है, फिर वह चोर स्वयं ही कारागार में (कैद में) नहीं जाता है; उस को राजा ही दण्ड देता है (कैद करता है). ऐसे ही ईश्वर जीवों को उन के कर्म का दण्ड (फल) देता हैं.

जैनीः—वह तस्कर (चोर) राजा की सम्मति (मर्जी) से चोरी करता है वा अपनी ही इच्छा से ?

आरियाः—अपनी इच्छा से; क्यों कि राजा लोगों ने न्यायकारी पुस्तक बना रक्खे हैं, और प्रत्येक स्थान में घोषणा करवा दी हैं कि कोई भी तस्करता (चोरी) मत करे; और अपने पहरेदार नियत कर रक्खे हैं, इत्यादि.

जैनीः—क्या, राजा में चोरों के रोकने की शक्ति नहीं है?

आरियाः—शक्ति तो है; परन्तु राजा के परोक्ष चोरी हुआ करती है.

जैनीः—यदि राजा को किञ्चित् मात्र भी समाचार मिले, कि चोर चोरी करेंगे वा कर रहे हैं, तो राजा चोरी करने देवे वा नहीं?

आरियाः—कदाचित् भी नहीं.

जैनीः—तो क्या करे?

आरियाः—यदि राजा को प्रतीत (मालूम) हो जावे कि मेरे नगर में चोर आए हैं वा चोरी कर रहे हैं अथवा करेंगे, तो राजा उनका प्रथम ही यत्न कर देवे अर्थात् जमानत ले लेवे किंवा कैद कर देवे, इत्यादिक.

जैनीः—यदि राजा ऐसा प्रबन्ध (इन्तियाम्) न करे अर्थात् प्रथम तो चैनसे चोरी कर लेने देवे और फिर दण्ड देने को

सुसम्न्ध अर्थात् होशयार हो जावे तो राजा को कैसे समझना चाहिये ?

आरियाः—अन्यायशाली अर्थात् बे-इनसाफ.

जैनीः-बस ! अब देखिये कि तुम्हारे ही मुख से ईश्वर को राजा की तरह कर्त्ता मानने में तीन गुणो का तो नाश सिन्ध हो चुका.

आरियाः—किस प्रकार से ?

जैनीः—क्या तुम्हें प्रतीत ( मालूम ) नहीं हुआ ?

आरियाः—नहीं.

जैनीः—लो, सुनो ! जब कि तुम ईश्वर के कर्तृत्व अर्थात् कर्त्ता होने के विषय में राजा का दृष्टान्त देते हो, तो इस में युक्ति सुनो. भला ! यह तो बताइये कि चोर ईश्वर की प्रेरणा (इच्छा) से चोरी करने में प्रवृत्त होता है वा अपनी इच्छा से ?

आरियाः—अपनी ही इछा से.

जैनीः—क्या, ईश्वर में चोरों को चोरी से रोकने की शक्ति नहीं है? क्यों कि, विना ही इच्छा के काम तो दुर्बल अर्थात् कमजोर वा परतंत्र [ पराधीन ] के होते हैं; और ईश्वर तो स्वतंत्र [ खुद मुख्त्यार ] और सर्वशक्तिमान् स्वीकार [माना] गया है; तो फिर उस की इछा के विना ही चोरी क्यों कर हुइ ? इससे यह समझा जावेगा कि ईश्वर सर्व शक्तिमान् नहीं है; क्यों कि ईश्वर की इछा के विना ही कुत्सित ( खोटे ) कर्म होते हैं, जिस प्रकार से तुमारे सम्वत् १९५४ के छपे हुए " सत्यार्थ प्रकाश " के १९२ पृष्ठ में लिखा हैः-( प्रश्न ) परमेश्वर क्या चाहता है? ( उत्तर ) सब की भलाइ और सब का सुख चाहता है. अब विचारने की बात है कि वह तो चाहता नहीं कि किसी की बुराई वा किसी को कष्ट हो (कुकर्म हों); परन्तु होते है.

इस लिये ज्ञात हुआ कि ईश्वर कारण वश अर्थात् लाचारी अमर से लाचार है. इस वास्ते यह प्रथम ईश्वर में अशक्ति दोष सिद्ध हुआ.

आरियाः-ईश्वर में चोरों को रोकने की शक्ति तो है परन्तु ईश्वर की बेखबरी में चोरी होती है.

जैनीः—तो फिर ईश्वर सर्वज्ञ न रहा. क्यों कि सर्वज्ञता के विषय में बेखबरी का शब्द तो कदापि नहीं घट सकता. जो सर्वज्ञ है वह तो सर्व काल (भूत, भविष्य, वर्त्तमान) में सर्व पदार्थों को जानता है. इस लिये यह द्वितीय [ दूसरा ] अल्पज्ञता रूप दोष सिद्ध हुआ.

आरियाः—ईश्वर ने तो राजा की तरह (न्याय पुस्तक) अर्थात् कानून के पुस्तक वेद बना दिये हैं, और पहरेदार वत् रक्षक साधु वा उपदेशक घोषणा अर्थात् ढंढोरा फेर रहे हैं; परन्तु जीव नहीं मानते.

जैनीः—अरे भाई ! यही तो ईश्वर के कर्त्ता मानने में, वा राजा की भान्ति दृष्टान्त देने में, दो दोष सिद्ध होने का लक्षण ही है. क्यों कि राजा को अल्प शक्तिमान् और अल्पज्ञ होनेसे ही न्याय पुस्तक–कानून की किताबें बनाने की और पहरेदारों के रखने की आवश्यकता अर्थात् जरूरत होती है. ऐसे ही ईश्वर में कर्त्ता मानने से दो दोष सिद्ध हुए हैं. क्यों कि जिसमें सर्वशक्ति हो और जो सर्वज्ञ हो, उसकी इच्छा के प्रतिकूल अर्थात् वरखिलाफ काम कभी नहीं हो सकता. यदि हो भी तो पूर्वोक्त राजा कीसी तरह तृतीय [ तीसरा ] दोष अन्यायकारित्व का अर्थात् वेइनसाफ होने का माना जावेगा. जैसे कि किसी पुरुष के कई एक पुत्र हैं. और पिता की इच्छा सब पुत्रों के सदाचारी (नेक) और बुद्धिमान् [अक्लमन्द] और धनाढ्य (दौलतमन्द) होने की है. यदि पिता

के अधीन हो तो सब को पूर्वोक्त एक सार करे. परन्तु पिता के कुछ अधीन में नहीं, उनही के पूर्व कर्मों के अधीन है. कोई कर्मों के अनुसार बुद्धिमान और कोई मूर्ख, और कोई धनाढ्य ओर कोई दरिद्री, और कोई कुपात्र, और कोई सुपात्र होते हैं. अब देखिये कि किसी के पुत्रने किसी कारण से जहर खा लिया; जब उस को कष्ट हुआ तब उस का पिता और पिता के सज्जन जन आए और मालूम किया कि इसने जहर खाया है; तब उस के पिता को सब सज्जन पुरुष उपालम्भ ( उलांभा ) देने लगे कि तूने इस को जहर क्यों खाने दिया ? तब उसका पिता बोला, कि भला ! मेरे सन्मुख (सामने) खाता तो मैं कैसे खाने देता ? मेरे परोक्ष [परोखे] खा लिया है. अथवा फिर उस के पिताने कहा कि खाया तो मेरे प्रत्यक्ष [सामने] ही है. तब सज्जन पुरुषों ने कहा कि तूने जहर खाते

हुए इसे क्यों कर नहीं रोका? तब पिता बोला कि मैं हटाने में बाकी भी रखता? मैंने तो इस के हाथ में पुड़िया देखते ही हाथ पकड लिया और बहुत निरोध किया अर्थात् हटाया, परन्तु यह तो बलात्कार (जबरदस्ती) से हाथ छुड़ा कर खा ही गया. मैं फिर बहुत लाचार हुआ. क्यों कि मेरे में इतनी शक्ति कहां थी, जो कि मैं इस के साथ मुष्टियुद्ध अर्थात् मुकम्मुका हो कर इसे जहर खाने से रोकता. अब आप समझ लीजिये कि पिता की वेखबरी में और शक्ति से बाह्य (बाहर) हो कर पुत्र के जहर खाने से तो पिता के जिम्मे अन्याय कदापि सिद्ध नहीं हो सकता; परन्तु पिता को खबर भी हो और छुड़ाने की शक्ति भी हो, फिर पुत्र को विष खाने देवे और खाने के अनन्तर (पीछे) पुत्र को दण्ड अर्थात् घर्षण (झिडका) आदि देवे, तो वह सज्जन पुरुष पिता को अन्यायकर्त्ता (वेइनसाफ)

कहें वा नहीं, कि अरे मूर्ख! तेरे सामने ही तो इसने विष (जहर) खाया, और यद्यपि तेरे में रोकने की पूर्ण शक्ति भी थी, तथापि तूने उस समय तो रोका नहीं, और अब इसें तूं दण्ड देता है! अरे अन्यायी! अब तूं भला बनता है!

इसी प्रकार से तुम भी ईश्वर को क्या तो अल्पज्ञ और शक्तिहीन मानोगे नहीं तो अन्यायी. यह तृतीय (तीसरा) दोष अवश्य ही सिद्ध हुआ. अब चतुर्थ (चौथा) सुनो.

कहोजी! तुम्हारे वेदों में ईश्वरोक्त (ईश्वर की कही हुइ) यह ऋचा है कि "अहिंसा परमो धर्मः"?

आरियाः—हां! हां! जी सत्य है.

जैनीः—तो यह लाखों गौ आदिक पशुओं का प्रतिदिन कसाई आदिक वध करते हैं यह क्या? यदि ईश्वर की इच्छा सें होते हैं, तो ईश्वर की दयालुता कहां रही? इस भान्ति से यह चतुर्थ (चौथा) दोष निर्दयता का

सिद्ध हुआ. और "अहिंसा परमो धर्मः" यह कहना कहां रहा? यदि विना मर्जी से कहो, तो ईश्वर उन हिंसकों (कसाईयों) से डर कर क्या लाचार हो रहता है? जो कि उनको रोक नहीं सकता तो पूर्वोक्त शक्तिहीन ठहरा; अर्थात् सर्वशक्तिमान न रहा.

आरियाः—ईश्वर ने जीवों को स्वतंत्रता अर्थात् अख्तियार दे दिया है, इस कारण से अब रोक नहीं सकता; जो चाहें सो करे.

जैनीः—बस ! अब तुम्हारे इस कथन से हमारे पूर्वोक्त [पहले कहे हुए] दो दोष सिद्ध हुए.

आरियाः—कौन २ से वह दोष हैं ?

जैनीः—एक तो अल्पज्ञता, और दूसरी अन्यायता.

आरियाः—किस २ प्रकार से?

जैनीः—इस भान्ति से; ईश्वर को प्रतीत (मालूम) न होगा कि यह जीव हिंसा

आदि पूर्वक खोटे कर्म करेंगे. यदि मालूम होता, तो ऐसे २ दुष्टकर्म करनेवाले जीवों को ईश्वर स्वतंत्रता कदापि न देता. इस से प्रथम अल्पज्ञता का दोष सिद्ध हुआ. यदि मालूम था, तो ऐसा दुष्ट कर्म करनेवाले जीवों को ईश्वर ने स्वतंत्रता ( अख्तियारी ) दी, सो महा अन्याय है. क्यों कि, अब भी राजा लोग दुष्ट कर्म करने वाले [स्वामी की मर्जी से प्रतिकूल अर्थात् विना आज्ञा से चलने वाले] दुष्ट जनों को स्वतंत्रता नहीं देते हैं. इस से दूसरा अन्यायता का दोष सिद्ध हुआ.

आरियाः—ईश्वर उन कसाईयों से उन जीवों का कर्म फल (बदला) भुगताता है.

जैनीः—तो फिर ज्यों भी ईश्वर के ही जिम्मे दोष आवेगा. क्यों कि जब गौ के जीव ने कर्म कसाईयों से भुगताने वाले करे होंगे, तब भी तो ईश्वर मौजूद ही होगा. फिर वह कर्म ईश्वर ने कैसें करने दिये, जिन का फल (बदला)

भुगताने में ईश्वर को कसाई–पापी बनाने पड़े? यदि ऐसे कहोगे कि वह गौ का जीव स्वतंत्र है, अपनी अख्तियारी से कर्म करता है, तो फिर वह जिव स्वयं ही कर्त्ता अर्थात् अपने कर्मों का कर्त्ता (अपने फेलों का फायल) रहा, इस से ईश्वर तो कर्त्ता न ठहरा. यदि ऐसे कहोगे कि ईश्वर ने ही जीवों को स्वतंत्रता (अख्तियार) दिया है, तो फिर वही दो दोष विद्यमान (मौजूद) हैं: (१) अल्पज्ञता और (२) अन्यायता. यदि यह कहोगे कि वह कर्म भी इश्वर ही ने करवाये हैं, तब तुम आप ही समझ लो कि तुम्हारे ईश्वर की कैसी दयालुता और न्यायता है! तुम्हारी भान्ति मुसल्मान लोग भी खुदा को कर्त्ता मानते हैं.

मुसल्मानः—खुदा के हुक्म विना पत्ता भी नहीं हिल सकता.

जैनीः—खुदा को क्या २ मंजूर है?

मुसल्मानः—"(१) रहम दिली, (२) स-

च बोलना, (३) इमानदारी, (४) बन्दगी वगैरः २

जैनीः—क्या २ ना मंजूर है ?

मुसल्मानः-(१) हरामी, (२) चोरी, (३) चुगलखोरी, (४) बे रहमी,(५) बे इमानी, (६) व्याज खाना, (७) सूअर मांस, (८) मदिरा (शराब), वगैरः २

जैनीः—तो फिर खुदा के हुक्म बिना ऊपर लिखे हुए दुष्ट ( खोटे ) कर्म क्यों होते हैं? अब या तो तुम्हारा पहिला कथन [कहना] गलत है कि, खुदा के हुक्म बिना पत्ता भी नहीं हिलता; (२) या तो खुदाही के हुक्म से ऊपर लिखे दुष्कर्म होते हैं! तो यह तुम ही विचार कर लो कि तुम्हारा खुदा कैसे २ दुष्ट कर्म करवाता है ? (३) क्या खुदा के हुक्म से बिना दुष्ट कर्म करने वाले खुदा से बलवान् (जबरदस्त) हैं; जो खुदा को रद्द [अदूल] के निन्दित कर्म करते हैं? अब यह

बताइये कि इन पूर्वोक्त तीनों बातों में से कौन सी बात सत्य है ? बस ! अब पूर्वोक्त दोनों प्रश्नोत्तरों के अर्थ को निरपक्षदृष्टि से देखो और सोच समझ कर मिथ्या भ्रम का त्याग करो और सत्य का ग्रहण करो. यह पूर्वोक्त चार दोष सिद्ध होने से हम ईश्वर को कर्त्ता नहीं मानते हैं अब तुम ईश्वर के गुण और ईश्वर का कर्त्ता होना और यह चारों दोष भी न आवें ऐसा सिद्ध कर दिखाओ.

यदि इस भ्रम से कर्त्ता कहते हो कि जग आप ही कैसे मिल जाता है, तो हम आगे चल कर जड का स्वरूप का भी किञ्चित् वर्णन करेंगे; उससे तुमने निश्चय कर लेना. परन्तु कुडमां (सम्बंधी) वाले नाई की तरह वार २ निषेध (इन्कार) न करना; जैसे दृष्टान्त है कि-सुंदरपुर नगर में धनदत्त नाम से एक शेठ रहता था, और घर में एक पुत्र भी था. वसन्तपुर नगर से सोमदत्त शेठ की कन्या की सगाई

हठवादी नामक नाई धनदत्त शेठ के पुत्र के लिये ले कर आया. और धनदत्त शेठ ने उस नाई की भलि भान्ति (अच्छी तरह से) खातिर करी. और फिर शेठ ने नाई से पूछा कि, आप प्रसन्न हुए? तब नाई ने कहा कि, नहीं. फिर दूसरे दिन शेठ ने बहुत अच्छी भान्ति से घेवरादिक पकवान खिलाए और पूछा कि, राजाजी! अब तो प्रसन्न हुए हो? तब नाई ने उत्तर दिया कि, नहीं. इसी प्रकार से फिर तीसरे दिन शेठ ने विविध प्रकार की अर्थात् भान्ति २ की वस्तुऐं मोतीचूर और मिलाई, बादाम, पिस्तों के बने हुए मोदक अर्थात् लडू आदिक भोजन करवाये और फिर पूछा कि, जी! अब तो प्रसन्न हो? नाई ने कहा कि, नहीं. तब शेठजी लाचार हुए, और उस नाई को विदा किया.

## ॥ अथ गुरु शिष्य सम्वाद ॥

शिष्यः-हे गुरो ! सुख-दुःख, जीवन-मरण,सुकृत-दुष्कृत आदिक व्यवहारों का कर्त्ता जीव है वा कर्म, यह आप कृपापूर्वक मुझे भली प्रकार से समझा दीजिये.

गुरूः-हे शिष्य ! कर्म ही है.

शिष्यः--यह लो, अपना वस्त्र, वेष, पुस्तक, इनको जलाञ्जलि देता हूं! और अपने घर को जाता हूं!

गुरूः-किस कारण से उदासीन हुए हो?

शिष्यः-कारण क्या ? यदि आप कर्म ही को कर्त्ता कहते हो तो फिर हम लोगों को उपदेश किस लिये करते हो ? और ज्ञान शिक्षा क्यों देते हो कि, सुकृत ( शुभ कर्म ) करो और दुष्कृत [ खोट्टे कर्म ] मत करो ? क्यों कि जीव के तो कुछ अधीन ही नहीं है : न जाने कर्म साधुपन करवावें, न जाने चोरी करवावें !

गुरुः–धीरज से सुनो ! कर्त्ता वा अकर्त्ता जीव ही है.

शिष्यः—हांजी ! यह तो सत्य है; क्यों कि जीव ही शुभ ( अच्छे ) और अशुभ (बुरे) कर्म करने में स्वतंत्र है. परन्तु गुरुजी ! इस में एक और सन्देह उपजा है. कि यदि जीव ही कर्त्ता हो, तो फिर जीव अपने आप को दुःखी होने का, बूढे होने का, मृत्यु होने का और दुर्गति में जाने का तो कभी यत्न नहीं करता है; फिर यह पूर्वोक्त व्यवस्था ( हालतें ) क्यों कर होती हैं ?

गुरू (थोडा हंस कर):–तो भाई ! कोइ इश्वरादिक कर्त्ता होगा.

शिष्य ( ठहर कर ):–ऐसा ईश्वर कौनसा है जो जीवों को पूर्वोक्त व्यवस्था (हालतें ) देता है ? क्यों कि जीव तो अर्थात् हम तो दुःखी होना, बूढे होना, मर जाना, दुर्गति में पडना चाहते नहीं है. और यह हमें व-

बलात्कार(जबर्दस्ती से) दुःखी और मृत्यु आदि व्यवस्था को प्राप्त करता है. क्यों कि कइएक ऐसे २ जवानी में जीवन को लोचते ही मर जाते हैं, जिनके मरने के पश्चात् ( पीछे से ) सात २ गृहों ( घरों ) को यंत्र ( ताले ) लग जाते हैं, और स्त्रियें रुदन करती ही रह जाती हैं. क्या यह कष्ट ईश्वर देता है ? यदि ऐसे ईश्वर का कोई स्थान बताओ तो उससे पूछें कि, हे ईश्वर ! जीवों को इतना कष्ट क्यों देते हो ? क्या आप को दया नहीं आती ?

गुरुः—कर्म तो स्वयं ( खुद ) जीव ही करता है; ईश्वर तो उनके कर्मानुसार फल-ही देता है.

शिष्यः—क्या, जिस प्रकार से मजदूरों को मजदूरी का फल ( तनखाह ) बाबू देता है, ईश्वर भी इसी प्रकार से जीवों के तांई कर्मों का फल देता है वा और प्रकार से ?

गुरुः—मजदूरों की भान्ति जीवों को

फल नहीं देता है.

शिष्यः—तो, और किस प्रकार से?

गुरुः—जिस रति से सूर्यका तेज अपनी शक्ति द्वारा सब पदार्थों को प्रफुल्लित करता है, इस प्रकार से ईश्वर भी अपनी शक्ति द्वारा फल देता है.

शिष्यः—सूर्य क्या २ शक्ति देता है?

गुरुः—अमृत में अमृत शक्ति और जहर में जहर शक्ति, इत्यादिक.

शिष्यः—अमृत में अमृत शक्ति और जहर में जहर शक्ति तो हुआ ही करती हैं; सूर्य ने अपनी शक्ति द्वारा क्या दिया? और यह भी पूर्वोक्त तुम्हारा कहना ईश्वर कर्त्ता वाद के मत को बाधक (धका देने वाला) है; क्यों कि सूर्य तो जड़ है, उसको तो भले बूरे पदार्थ की प्रतीति नहीं है, कि इस वस्तु से कौन २ सा लाभ और क्या २ हानि होगी. तो ते स-

व को पुष्टि देता है. परन्तु ईश्वर को तुम सर्वज्ञ मानते हो वह अपनी शक्ति ( निरर्थक ) अर्थात् निकम्मे पदार्थ कटीली, सत्यानाशी, कोंचफली आदिक जन्तुओं में सांप, मच्छर आदिक जीव जो किसी भी कृत्य को सम्पादन अर्थात् सिद्ध नहीं कर सकते, प्रत्युत ( वल्कि) सब को हानि ही पहुंचाते हैं, तो उन्हें ईश्वर पुष्टि क्यों देता है ? चेतन को तो शुभ अशुभ, और नफा-नुकशान समझ कर पुष्टि देनि चाहिये, जैसे कि, मेघ (बादल) तो चाहे रूमी-कसूली बाग में बरसे, परन्तु माली तो फलदायक को ही सिञ्चन करेगा. भला! और देखो, ईश्वर की शक्ति चेतन, और सूर्य की तेजी जड;यह तुमारा हेतु कैसे मिल सकें ? भलाजी! फल फूलों को तो सूर्य पुष्टि देता है परन्तु सूर्य को, फल फूलों को पुष्टि देने की शक्ति कौन देता है ?

गुरू (हंस कर):—ईश्वर देता है.

शिष्यः—तो ईश्वर को शक्ति कौन देता है ?

गुरुः—हैं ?

शिष्यः—स्वामी जी ! "हैं" काहेकी ? यों तो मानना ही पड़ेगा कि ईश्वर को भी कोई और ही शक्ति देने वाला होगा; और फिर उसको भी कोइ और ही शक्ति देनेवाला होगा; यथा फेर—फरका दृष्टान्त हैः—

"वसन्तपुर" नाम से एक नगर था. वहां का महीपाल नाम से सूधे स्वभाव वाला राजा था. उसकी सभा में जो मकद्दमा आता था उसके इजहार मुदइ, मुद्दालह जो कुछ देते थे उनको सुन कर वह कुछ भी इनसाफ नहीं करताथाः केवल यही कह देता था कि, "फेर ?" मुद्दई कहता, कि महाराज ! मैंने इसे एक हजार रुपैया दिया. राजा बोला कि, "फेर ?" मुद्दई कहने लगा कि, मुद्दालहने न तो असल दिया और नाहीं सूद दिया. तब राजा बोला कि, "फेर ?" इसी प्रकार से कचहरी

का समय पूरा कर देता. एक समय एक जमीन्दार का मकद्दमा आया और जमीन्दार ने आकर कहा कि, मेरी खेती में से आधी खेती मेरे चचा के पुत्र अर्थात् भाई ने काट ली है.

राजाः—फेर?

जमीन्दारः—मैंने उसे पकड़ लिया.

राजाः—फेर ?

जमीन्दारः—उसने मुझे मारा.

राजाः—फेर?

जमीन्दारः—मैंने उस को और उस के बेटों को भी मारा.

राजाः—फेर?

जमीन्दारने देखा कि यह तो फेर ही फेर करता है, मेरे इजहारों का फल कुछ भी नहीं निकलता; तब जमीन्दार बदल कर बोला कि, मेरे खेत को चिड़ियां बहुत चुगने लग गई.

राजाः—फेर ?

जमीन्दारः—मैंने बहुत उड़ाई परन्तु

हटी नहीं.

राजाः—फेर ?

जमीन्दारः—मैने एक गढा खुदवाया.

राजाः—फेर ?

जमीन्दारः—फिर मैने उसमें दाने डाल दिये, तब वहां चिड़ियां चुगने चली गई.

राजाः—फेर ?

जमीन्दारः—मैने उस गढे (टोए) के ऊपर सिरकी डाल कर सब चिड़िया को बन्द कर दिया.

राजाः—फेर?

जमीन्दारः—"उस में केवल इतना छोटा छिद्र रक्खा, कि जिसमें से एक ही चिडिया निकल सके.

राजाः—फेर ?

जमीन्दारः—एक चिड़िया निकल कर उड गई, फुर्र !

राजाः—फेर ?

जमीन्दारः—एक और निकल गई; फर्र?

राजाः—फेर?

जमीन्दारः—फर्र!

राजाः—फेर?

जमीन्दारः—फर्र!

इसी प्रकार से बहुत काल तक राजा और जमीन्दार "फेर" "फर्र" कहते रहे, अन्त में ला-चार होकर, राजा बोला कि, हे जमीन्दार! तेरी "फर्र" कभी समाप्त भी होगी? जमीन्दार ने जवाब दीया की, जब तुम्हारी "फेर" समाप्त हो-गी तभी मेरी "फर्र" खतम होगी!

शिष्यः—यह कई मतानुयायी लोक पूर्वोक्त ईश्वर को किस कारण से कर्त्ता मानते हैं?

गुरुः—जड़ वस्तु स्वयं ही (आप ही) नहीं मिलती और बिछड़ती; इनके मिलाने वा-

ला कोइ और ही अर्थात् ईश्वर होगा, यथा काष्ठ और लोहा पृथक् २ अर्थात् अलग २ पडा है वह आप ही मिलके तख्त नहीं बन सकता, उनके मिलाने वाला तरखान होगा, इस कारण से.

शिष्यः—बस, इसी भ्रम से ईश्वर को कर्त्ता मान बैठे हैं ! यदि इसी प्रकार से और भी भ्रम में पड जावें कि जड पदार्थ आप ही नहीं मिलते हैं, इन के मिलाने वाला कोई और ही होना चाहिये, तो फिर यह भी मानना पडेगा कि, यह जो भान्ति २ के बादल होते हैं इनके बनाने वाले भी राज मजदूर होंगे, और सायंकाल के समय जो रङ्ग बरङ्ग के बादल हो जाते हैं उनके रङ्गने वाला कोई रंजक अर्थात् ललारी भी होगा. और जो आकाश में कभी २ इन्द्र धनुष्य पडता है उसके बनाने वाला भी कोई तरखान होगा, और कई काच आदि वस्तुओं का प्रतिबि-

म्ब (साया) पड़ जाता है तो उसका शीघ्र ही बनाने वाला कोई सिकलीगर भी होगा. अपितु नहीं, यह पदार्थों की पर्याय के स्वभाव (*Nature*) होते हैं, इस विषय का स्वरूप हम आगे भी लिखेंगे; परन्तु पूर्वोक्त पदार्थ पर्याय की खबर के न होनेसे पूर्वोक्त भ्रम पड़ता है. अब यह समझना चाहिये कि, क्या२ पदार्थ किस२ पर्याय में मिलने बिछड़ने का स्वभाव रखते हैं; यथा चुम्बक पाषाण(मिकनातीस) और लोहे की सूइ: दोनों जड़ हैं, परन्तु स्वयं (खुद) ही अपने स्वभाव की आकर्षण शक्ति से मिल जाते हैं.

गुरु—वह यों कहते हैं कि स्वभाव भी ईश्वर ने ही दिया है.

शिष्यः—सो सिंहों को (शेरों को) शिकार का और कसाईयों को पशुवध का स्वभाव किसका दिया मानते होंगे.

गुरुः—कर्मानुसार कहते हैं.

शिष्य:—बस! इतना ही कहना था. परन्तु प्रकृति का भी गुण, कर्म, स्वभाव पूर्वोक्त होता ही है, फिर शंका का क्या काम? यदि ईश्वर का दिया स्वभाव होवे तो अग्नि को ईश्वर जल का स्वभाव दे देवे और जहर को अमृत का स्वभाव दे देवे; क्यों कि ईश्वर सर्वज्ञ और सर्वशक्तिमान् है; जो चाहे सो करे. परन्तु ईश्वर कर्त्ता नहीं है; क्यों कि पञ्चम वार सं. १९५४ के छपे हुए "सत्यार्थ प्रकाश" अष्टम समुल्लास २२३ पृष्ठ २१, २२, २३, पंक्ति में लिखा है कि, जो स्वाभाविक नियम अर्थात् जैसे अग्नि, उष्ण, जल, शीत, और पृथिवी आदिक जड़ों को विपरीत गुण वाले ईश्वर भी नहीं कर सकता. अब तर्क होता है की, वह नियम किस के बांधे हुए थे, जिनको ईश्वर भी विपरीत अर्थात् बदल नहीं सकता? बस! सिद्ध हुआ कि, पदार्थ भी अनादि हैं और उनके स्वभाव अर्थात् नियम भी अना-

दि हैं, तो फिर ईश्वर किस वस्तु का कर्त्ता हुआ ?

गुरुः—ईश्वर बनती ही बना सकता है.

शिष्यः—बनती का बनाना तो काम अल्पज्ञों का और सामान्य पुरुषों का होता है.

आरिया बोल उठाः—क्या, ईश्वर अपने आपके नाश करने की शक्ति भी रखता है ?

जैनीः—हां, हां ! जब सर्वज्ञ और सर्व शक्तिमान् है तो जो चाहे सो करे और जो न चाहे सो न करे.

गुरुः—अरे भाई ! शायद पुद्गल की पर्याय ( स्वभाव ) शक्ति को ही ईश्वर कहते हो, जिस पुद्गल पर्याय का स्वरूप हम आगे लिखेंगे. परन्तु तुम यह बताओ कि, ईश्वर के कर्त्ता न होने में तुम क्या प्रमाण रखते हो ?

शिष्यः—यदि ईश्वर कर्त्ता होता तो ई-

श्वर की मर्जी के बाहर पूर्वोक्त गोवधादिक हिंसा और झूठ चोरी आदिक कभी न होते.

गुरुः—यह तो सत्य है; परन्तु वह कहते हैं कि, ईश्वर को कर्त्ता न माने तो ईश्वर बेकार माना जावे.

शिष्यः—तो क्या हानि (हर्ज) है? कार तो गर्जमन्द-पराधीन-जिन का निर्वाह न हो वह करते हैं. क्या करें? कार करेंगे तो खा लेंगे, न करेंगे तो किस तरह से निर्वाह होगा? परन्तु ईश्वर तो अनन्त ज्ञान आदि ऐश्वर्य (दौलत) का धारक है और निष्प्रयोजन (बेपरवाह) है. वह कार काहेको करे? बस! ईश्वर इन पूर्वोक्त जीवों के कर्मफल भुगताने में अर्थात् दुःखी करने में कारण रूप होता हैं; तो पहिले दुःखदायी कर्म करते हुए हटाने में कारण रूप क्यों नहीं होता? ऐसे पूर्वोक्त अशक्त, और अल्पज्ञ, अन्यायी, कुम्हार, माली, तरखान, मजदूर, बाजीगर

आदि की भ्रान्ति अनेक कर्म करनेवाले ईश्वर को तुम ही मानो; मैं तो नहीं मानता. मैं तो पूर्वोक्त निष्कलंक, निष्प्रयोजन, सच्चि सर्वानन्द, एकरस ऐसे ईश्वर को मा

गुरु:—हम तो ईश्वर को कर्त्त नते हैं, परन्तु तेरी बुद्धि में यथार्थ खाने के लिये उलट पुलट करके हम तो ईश्वर को कर्त्ता मानने प्रथम ही सिद्ध कर चुके हैं.

शिष्य:—हां,हां, गुरुजी! माला,' 'अमर कोष' आदि देखे और पढे भी हैं. वहां व विष्णु आदि देवों के नाम चले हैं; परन्तु ऐसा ईश्वर की महिमा का शब्दार्थ नहीं जीवों को पूर्वोक्त कष्ट देनेवा

गुरु:—नहीं २ हे शिष्य! स्थाओं का कर्त्ता तो कर्म ही

शिष्यः—तो फिर वही पहीले वाली बात "यदि कर्म कर्त्ता है तो जीवों को उपदेश क्यों ?"

गुरुः—तूं तो अब तक भी अर्थ को नहीं समझा.

शिष्यः—मैं नहीं समझा.

गुरुः—ले समझ; तेरा यह प्रश्न था कि, (१) "यदि कर्म कर्त्ता हैं तो जीवों को भले बुरे कर्म की रोक टोक क्यों ? और (२) यदि जीव कर्त्ता है तो पूर्वोक्त सुखों के ऊपाय करते हुए दुःख और मृत्यु आदि का होना क्यों ? अब इसका तात्पर्य्य ( भेद )सुन. जब यह जीव क्रियमाण अर्थात् नये कर्म करे उनमें तो जीव कर्त्ता है;और फिर वही कर्म किये हुए वासनाओं से खिंचे हुए अन्तःकरण में सञ्चित पूर्व कर्म हो जाते हैं अर्थात् पिछले किये हुए,तब उनके पूर्वोक्त फल भुगताने में वह कर्म ही कर्त्ता हो जाते हैं. इसका विशेष वर्णन हम आगे करेंगे.

जब तक तीर हाथ में था तब तक उसका अ-
ख्तियार था कि कहींको चला दे; परन्तु जब
छोड़ चुका तो इख्तियार से बाहिर हुआ;नहीं
रख सकेगा; जा ही लगेगा. अथवा कोई पुरुष
विष खाने लगे,तो उसे अख्तियार है कि खाये,
वा न खाये;सोच समझ ले.परन्तु जब खा चुके
तो बेअख्तियार है; फिर कितना ही वह पुरुष
चाहे कि मुझे इसका फल (दुःख वा मरण)
न हो, तथापि वह विष (जहर) उसे अव-
श्य ही फल देगा.इसी प्रकार से जिस वास-
ना से कर्म करता है उस वासना कीआकर्षण
शक्ति द्वारा ( खैंच सें) परमाणु इकठे हो कर
कर्म रूप एक प्रकार का सूक्ष्म मादा विष की
तरह अन्तःकरण रूप मेद में संग्रह (इकठा)
हो जाता है. उसका सार रूप कर्मफल नि-
मित्तों से परलोक में भोगता है. इसका स्व-
रूप हम विस्तार सहित आगे लिखेगें.इसी लिये
शास्त्रकारों का जीवों को उपदेश है कीः—

हे जीवो ! नये कर्म करने में तुम स्वतंत्र हो; समझ के चलो; खोट्टे कर्म पूर्वोक्त हिंसा, मिथ्या, आदि से हटो; और भले कर्म दया, ज्ञान आदि में प्रवृत्त रहो.

आरियाः-यह तो जो तुमने कहा सो सत्य है, परन्तु हमारा यह प्रश्न है कि, चोर चोरी तो आप ही कर लेता है, परन्तु कैद में तो आप ही नहीं जा धसता; कैद में पहुंचाने वाला भी तो कोई मानना चाहिये ?

जैनीः—हां, हां; चोरने जो चोरी का कर्म किया है वास्तव में तो उसके कर्म हीसे कैद होती है; परन्तु व्यवहार में राजा, कोतवाल (थानेदार) सिपाही आदि के निमित्तों से जाता है. यदि चोर को स्वयं (खुद) ही फांसी लग जावे वा स्वतः उछल कर कैद में जा पड़े तो समझा जाय कि ईश्वर ने ही चोर को चोरी का फल भुगताया. क्यों कि तुम्हारी इस में वास्तव से [असल] तर्क यही होगी

कि, जीव कर्म तो आप ही कर लेता है, परन्तु स्वयं (आप) ही कैसे भोगता है ? जैसे सम्वत् १९५४ के छपे हुए "सत्यार्थ प्रकाश" के ४४९ पृष्ठ पंक्ति नीचे की १म में लिखा है कि, "कोई जीव खोटे कर्म का फल भोगना नहीं चाहता है, इस लिये अवश्य ही परमात्मा न्यायाधीश होना चाहिये." अब देखिये कि, कर्म का स्वरुप न जानने से यह मनः कल्पना कर लीनी, अर्थात् मान लिया कि कर्म फल भुगता ने वाला अवश्य होना चाहिये. इस लेख से यह भी सिद्ध हुआ कि, उन्हें भी निश्चय न हुआ होगा कि कर्म भुगता नें के झगड़े में पडने वाला भी कोई ईश्वर "है." क्यों कि 'होना चाहिये' यह शब्द सन्देहास्पद अर्थात् शकदार है. यों नहीं लिखा है कि, फल भुगताने वाला अवश्य है. बस! वही ठीक है जो जैनी लोग कहते हैं. जैसे कि चोर चोरी का फल-निमित्तों से भोगता

है ऐसे ही जीव भी स्वतंत्रता से कर्म करने में खुद मुख्त्यार है ( अर्थात् क्रियमाण में ) और फिर वही कर्म जिस२ अध्यवसाय से ( वासना से ) किये हैं उसी वासना में मिल कर कारण रुप सञ्चित होजाते हैं तब वह कर्म ही निमित्तों से कर्मफल भुगताने में स्वतंत्र हो जाते हैं.

आरिया:—भला जी ! कोसी पुरुष नें कर्म किया कि जमीन पर एक लकीर खेंच दी; अब वह लकीर उसे कर्मफल देगी ?

जैनी:—अरे भोले! क्या तुम 'क्रिया' को 'कर्म' मानते हो ? लकीर खेंचना तो एक 'क्रिया' है; और 'कर्म' तो यहां 'क्रियाफल' को कहा है अर्थात् जिस इच्छा से वह लकीर खेंची है; यथा (जैसे) कोसी पुरुषने कहा कि मेरी तो बात पत्थर की लकीर है, यों कहते हुए नें लकीर खैंच दी; और किसी पुरुषने कहा कि एक बार तो उसकी ग्रीवा (गर्दन)

पर छुरी फेर ही देनी है; ऐसे कहते हुए ने लकीर खैंच दी; अब यह लकीर खेंचने की क्रिया तो दोनों ही की एकसी है,परन्तु इच्छा (इरादे) दोनों के पृथक् २ (न्यारे २) हैं. इस इच्छा की आकर्षण शक्ति से एक प्रकार का सूक्ष्म मादा अन्तःकरण रूपी मेद में इकठा हो जाता है, उसको हम "कर्म" कहते हैं; जिसको अन्यमतानुयायी (और मतों वाले) लोग भी 'संचित कर्म' कहते हैं, सञ्चित के अर्थ ही, किसी वस्तु के इकठे करने के हैं.

आरियाः—कर्म का फल कर्मों के कारण रूप होनेसे ही भोगा जाता है ईश्वर नहीं भुगताता है, यह तुम युक्ति (दलील) से ही कहते हो वा किसी शास्त्रका भी लेख है?

जैनीः—तुम लोग तो शास्त्रों को मानते ही नहीं हो. तुम तो केवल युक्ति (दलील) को ही मान ते हो. यदि शास्त्रों को मानो तो शास्त्रों

में जैन मत के तथा अन्य [और] मतों के शा-
स्त्रों में भी पूर्वोक्त कथन लिखा है.

आरिया:—किस प्रकार से?

जैनी:—जैन सूत्र श्री उत्तराध्ययन;२०
वें अध्ययन ३७ वीं गाथा में लिखा है:—

गाथा.

**अप्पा कत्ता विकत्ताय दुहाणय
सुहाणय अप्पामित्त ममित्त च
दुप्पट्ठिउ सुप्पट्ठिउ ॥ ३७ ।**

अपनी आत्मा अर्थात् जीव ही कर्त्ता
है. जीव ही विकर्त्ता विनाश काय अर्थात्
कर्मों को भोग के निष्फल करता है, किसको
कर्त्ता भोगता है दुष्ट कर्मों का फल दुःखों के
ताईं और श्रेष्ठ कर्मों का फल सुखों के ताईं
आत्मा ही मित्र रूप सुख देने वाली होती है
आत्मा ही शत्रु रूप दुःख देने वाली होती
है. परन्तु किसी दुष्ट संग अथवा दुर्मति के

प्रयोग से दुष्ट कर्मों में स्थित हुए २ और सत्संग शुभ मति के प्रयोग से श्रेष्ठ कर्मों में स्थित हुए २ अर्थात् यह जीव नये कर्म करने में स्वतंत्र है; और पश्चात् काल पूर्व जन्मांतर में कर्मों के वश परतंत्र होके भोगता है; अर्थात् जो कर्म योगों से (इरादों से) किया जावे वह नूतन कर्म होता है, उसका फल आगे को होता है. और जो कर्म विना इरादे से आप ही हो जावे वह पुराकृत—सञ्चित कर्म का फल भोगा माना जाता है; उसका फल आगे को नहीं होता. यथा किसी एक मनुष्य ने एक ईंट वेमौका पड़ी देख कर अपने घर से बाहर को सहज भाव से फैंक दी, परन्तु वह किसी पुरुष की आंख में जा लगी; उसकी आंख फूट गई तो वडा शोर मचा और उसके घर के कहने लगे कि, अरे तैने ईंट मार के ही आंख फोड़ दी, वह कहने लगा कि, नहीं जी! मैने तो बेखयाल फैंकी थी, इसके

आ लगी. मेरे क्या वश की बात है? अब सोचो कि वह और उस के घर के उस ईंट मारने वाले के शत्रु हो जावें वा नालिश करें, अथवा मुकद्दमें में जेहलखाना होवे, अपितु नहीं? बस! यही कहेंगे कि यह प्रारब्धी मामला है, इसकी आंख इसके हाथ से फूटनी थी. अब देखो! उस आंख फोड़ने का आगे को कुछ भी फल न हुआ, क्यों कि यह बिना इरादा, पूर्व कृत संचित कर्म का फल परतंत्रता से भोगा गया. हां! इतना तो अवश्य कहना होगा कि, अरे मूर्ख! तूने बुद्धि (अक्ल) से ईंट क्यों ना फैंकी? यदि वह आंखो के फोड़ने के इरादे से ईंट मारता तो चाहे आंख फूटती न फूटती परन्तु उसका फल आगे को अवश्य ही इस लोक में तो जुर्माना (जेहलखाना) आदिक होता, और परलोक में आंख फूटने आदिक का दुःखदायी फल होता.

आरियाः—यों तो लोगों में अनेक प्रकार के कार विहार में, चलने, फिरने आदिक में बिना इरादे जीव हिंसा आदि हो जाती है तो क्या उसका दोष नहीं होता ?

जैनीः—दोष क्यों नहीं? आचार विचार का उपदेश जो शास्त्रो में कहा है,उसका तात्पर्य्य यही है कि अज्ञान अवस्था में ( गफलत में ) रहना अवश्य ही सर्वदा दोष है.

तथा किसी ने स्वतंत्र आप ही चोरी करी,फिर वह पकड़ा गया, मुकद्दमा हो कर जेहलखाने का हुक्म हुआ, तब वह चोर अपना माथा ठोरता है कि मेरी प्रारब्ध. तो उसे बुद्धिमान् पुरुष यों कहेंगे कि अरे ! प्रारब्ध बेचारी क्या करे ? तैंने हाथों से तो चोरी के कर्म किये,अब इनका फल तो चाखना ही पड़ेगा. यदि कोई शाहूकार भला पुरुष है और उसको अचानक ही चोरी का कलंक लग गया, और मुकद्दमा होने पर जेहलखाने में

भेजा गया, तो साथा ठकोरे कि मेरी प्रारब्ध; तो लोग भी कहेंगे, कि वेशक ! यह पूर्व कर्म का फल है. इसने चोरी नहीं की अब उसको पूर्व जन्म के किये हुए सञ्चित कर्मों का, निमित्तों से दुःख भोगवना पड़ा. परन्तु उसे आगे को दुर्गति भी भोगनी पड़ेगी, अपि तु नहीं.

तथा किसी अछे कुल की स्त्री विधवा आदिक ने अनाचार सेवन किया तब लोग निन्दा कर के दुरगछने लगे ( फिटलानत देने लगे ) तब, वह कहने लगी कि, मेरी प्रारब्ध; तो लोग कहने लगे कि प्रारब्ध वेचारी क्या करे ? जब तुझे स्वतंत्रता से कुकर्म ( खोटे कर्म ) मंजूर हुए. यदि किसी सुशीला स्त्री को किसी दुष्ट ने लाछन लगादिया कि यह व्यभिचारिणी है, तो वह कहती है कि मेरी प्रारब्ध, तो उसका यह कहना सत्य है, क्यों कि उसने कुकर्म नहीं किया-उस-

के पूर्व कर्म के उदय से निन्दा हुई. परन्तु उस निन्दा के होने से क्या वह दुर्गति (खोटी गती) में जायगी ? अपि तु नहीं.

हे भव्य जीवो ! इस प्रकार से प्राणी स्वतंत्रता से नये कर्म करता है, और परतंत्रता से पुराने कर्म भोगता है; और इसी प्रकार सांसारिक राजाओं के भी दण्ड देने के कानून है कि जो इरादे से खून आदि कसूर करता है उसे अख्तियारी नया कर्म किया जान के दण्ड देते हैं और जो विना इरादे कसूर हो जाय तो उसे वे अख्तियारी अमर जान कर छोड़ देते हैं. इस रीति से पूर्वोक्त कर्म, कर्म का फल भुगता ते हैं.

और ऐसे ही चाणक्य जी अपनी बनाई हुई लघुचाणक्य राज नीति के आठ वें अध्याय के ५वें श्लोक में लिखते हैं:—

श्लोक.

सुखस्य दुःखस्य न कोऽपि दाता,

परोददातीति कुबुद्धि रेपा ।
पुराकृतं कर्म तदेव भुज्यते,
शरीर कार्यं खलुयत्त्वया कृतम् ॥५॥

अर्थः—"सुख का और दुःख का नहीं है कोई दाता (देनेवाला); और कोई ईश्वरादिक, वा पुत्र, पिता, शत्रु मित्र का दिया हुआ सुख दुःख भोगता हूं, इति (ऐसे) जो माने उसकी एतादृशी कुबुद्धि (कुत्सितबुद्धि) है. तो फिर किसका दिया सुख दुःख भोगता है? पुराकृतम् अर्थात् पहिले किये हुए जो सञ्चित कर्म हैं, 'तदेव भुज्यते' अर्थात् तिसीका दिया हुआ सुख दुःख भोगता है. 'शरीर कार्यम्' अर्थात् सूक्ष्म शरीर अन्तःकरण रूप स्थूल शरीर के निमित्त से अर्थात् इन्द्रियों के द्वारा भोगता है. 'खलु इति निश्चयेन (त्वया) तेरे करके (कृतम्) किये हुए हैं.

और ऐसे ही यूनानी हिक्मत की किताब में भी लिखा हुआ है, (अरबी में):—

"ऐसा लि मुजरक बजात मुतसर्र फबा इल्लात" इसका अर्थ ये है:—चेतन दर्याफत करने वाला है अपने आपसे, कबजा रखने वाला है साथ औजारों के. यह भी पूर्वोक्त अर्थ के साथ ही मिलता है.

ऐसे ही ' मनुस्मृति, अध्याय ८वें और श्लोक ८४ मै लिखा है कि, आत्मा अपना साक्षी ( गवाह ) और आश्रय भी आपही है.

श्लोक.

आत्मैवात्मनः साक्षी गतिरात्मा तथात्मनः ।
मावमंस्थाःस्वमात्मानं नृणां साक्षिण मुत्तमम् ॥

अर्थ टीका:—यस्माच्छु भा शुभ कर्म प्रतिष्ठा आत्मैवात्मनः शरणं, तस्मादेवं स्वमात्मानं नराणां मध्यमा उत्तमं साक्षिणं मृषाभि ज्ञाने नावज्ञासि

और ऐसे ही 'लोकतत्व निर्णय' ग्रंथ में

लिखा है कि यह कृत कर्म (किये हुए कर्म) अन्तःकरण रूपी निधान में जमा रहते हैं; और वही फल भुगताने में मति को प्रेरणा करते हैं. यथा—

श्लोक.

यथा यथा पूर्व कृतस्य कर्मणः
फलं निधानस्थमिवोपतिष्ठते;
तथा तथा तत्प्रति पादनोद्यता,
प्रदीप हस्तेव मतिः प्रवर्त्तते ॥१६॥

यथा 'कृष्ण गीता' अध्याय ५वें श्लोक १४ वें में लिखा है:—

श्लोक.

नकर्तृत्वं नकर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
नकर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्त्त ते ।१४।

हे अर्जुन! प्रभु देहादिकों के कर्तृत्व को नहीं उत्पन्न करे है, तथा कर्मों को भी नहीं

उत्पन्न करे है तथा कर्मों के फल के संबंध को भी नहीं उत्पन्न करे है; किन्तु अज्ञान रूप मोह ही कार्य के करने विषे प्रवृत्त होवे है.

यथा 'शान्ति शतके, श्री सिल्हन कवि संकलित आदि काव्ये:—

श्लोक.

नमस्यामो देवान् ननु हन्त विधेस्तेऽपि वशगाः
विधिर्वंद्यः सोऽपि प्रतिनियत कर्मैकफलदः।
फलं कर्मायत्तं किम मरगणैः किञ्चविधिना
नमस्तत्कर्मेभ्यो विधिरपि न येभ्यः प्रभवति॥१

इसका अर्थ यह है कि, ग्रंथकर्त्ता ग्रंथ के आदि में मंगलाचरण के लिये देव को नमस्कार करता है. फिर कहता है की, वह देवगण भी तो विधि ही के वश है तो विधि ही की वन्दना करें. फिर कहता है कि विधि भी कर्मानुसार वर्ते है. तो फिर देवों को नमस्कार करने से क्या सिद्ध होगा? और

विधि कि वन्दना करने से क्या होगा ? हम उन्हीं कर्मों को नमस्कार करते हैं कि जिन पर विधाता का भी प्रभवत्व अर्थात् जोर नहीं है.

और कई लोग दुःख दर्द में ऐसे कह देते है कि, 'मर्जी ईश्वर की' ! सो यह भी एक पर्यायवाची कर्म ही का नाम है; यथा ' नाम माला ' तथा ' लोक तत्व निर्णय ':—

श्लोक.

विधिर्विधानं नियतिः स्वभावः ।
कालो ग्रहा ईश्वर कर्म दैवम् ॥
भाग्यानि कर्माणि, यम.कृतांत ।
पर्याय, नामानि पुराकृतस्य ॥

अर्थ—१ विधिः (विधना) २ विधाता,विधान, ३ नियतिः ( होनहार ) ४ स्वभाव, ५ काल, ६ ग्रह, ७ ईश्वर, ८ कर्म ९ देव, १० भाग, ११ पुण्य, १२ यम, १३ कृतान्त, यह

सब पुराकृत कर्म ही के पर्याय वाचक नाम हैं. इत्यादि बहुत स्थान शास्त्रों में कर्मफल कर्मों के निमित्त से ही भोगना लिखा है. ईश्वर नहीं भुगताता है, निष्प्रयोजन होने से; परन्तु पक्ष के जोर से, पूर्व धारणा के अनुकूल मति अर्थ को खैंचती है, यथा १९५४ के छपे हुए सत्यार्थ प्रकाश के ८वें समुल्लास २३० पृष्ठ पंक्ति १२वी १३में लिखा है:-"ईश्वर स्वतंत्र पुरुष को कर्म का फल नहीं दे सकता, किन्तु जैसा कर्म जीव करता है वैसा ही फल ईश्वर देता है" इति. अब देखिये! पूर्वोक्त कारण, न तो ऐसा लिखना चाहिये था कि जैसा कर्म जीव करता है वैसा ही फल होता है.

आरियाः—अजी! आपने प्रमाण (हवाले) दिये सो तो यथार्थ हैं; परन्तु हम लोगों को यह शंका है कि कर्म तो जड़ हैं; यह फलदायक कैसे हो सकते हैं? अर्थात् जड़ क्या कर सकता है?

जैनीः—जड़ तो जड़वाले सब ही काम कर सकता है; क्यों कि जड़ भी तो कुच्छ पदार्थ ही होता है. जब पदार्थ है तो उसमें उसकी स्वभाव रूप शक्ति भी होगी; अर्थात् अग्नि में जलाने की और विष ( जहर ) में मारने की, जल में गलाने की, मिकनातीस चमकपत्थर में सूई खेंचने की, मदिरा (शराव) में वेहोश करने की, इत्यादिक. यथा-दृष्टान्तः—शराव की बोतल ताक में धरी है, अब वह शराव अपने आप किसी पुरुष को भी नशा नहीं दे सकती: क्यों कि वह जड़ है-परतंत्र है. फिर उसी बोतल को उठा कर किसी पुरुष ने अपनी स्वतंत्रता से पी लिया, क्यों कि वह पुरुष चेतन है—शराव के पीने में स्वतंत्र है: चाहे थोडी पीये, चाहे बहुती पीये, चाहे नाहीं पीये. परन्तु जब पी चुका तब वह शराव अपना फल देने को (बेहोश करने को) स्वतंत्र हो गई: और वह पीने वाला शराब

के वश-परतंत्र हो गया. क्यों कि वह नहीं चाहता है कि मेरे मुख से दुर्गन्धि आवे, आंखों में लाली आवे, और ऐरगैर बात मुख से निकले, घुमेर आकर जमीन पर गिर पड़ूं; परन्तु वह शराब तो अपना फल (जौहर) दिखावेगी ही; अर्थात् दुर्गन्धि भी आवेगी, आंखे भी लाल होगी, और ऐरगैर बातें भी मुख से निकलेंगी, घुमेर आकर मोरी में भी पड़ेगा, और शिर भी फूटेगा, मुख में कुत्ते भी मूत्र करेंगे. अब कहो वेदानुयायी पुरुषो! यह कर्त्तव्य जड़ के हैं अथवा चेतन के? वा ऐसे है कि जब पुरुष ने शराब पी तब तो पुरुष को स्वतंत्र जान के ईश्वर उसके लिहाज से चुप हो रहा, फिर पीनेके अनन्तर (बाद) फल देने को अर्थात् पूर्वोक्त बेहोशी करने को ईश्वर तैयार हो गया? क्यों कि शराब तो जड थी. बस! यों नहीं. वही शराब पुरुष की स्वतंत्रता से ग्रहण की हुई मेद में मिल कर

वह जड ही अपने खेल खिलाती है. ऐसे ही जीव भी स्वतंत्रता से कर्म करता है. फिर वही कर्म पूर्वोक्त अन्तःकरण में सञ्चित हो कर (जमा हो कर) इस लोक अथवा परलोक में अन्तःकरण की प्रकृतियों को बदलने की शक्ति रखते हैं. और उन प्रकृतियों के बदलने से अन्तःकरण में अनेक शुभ--अशुभ, संकल्प उत्पन्न (पैदा) होते हैं. यथा भर्तृहरि 'नीतिशतक':—

श्लोक.

कर्मायत्तं फलं पुंसां, बुद्धिः कर्मानुसारिणी ।
तथापि सुधिया भाव्यं, सुविचार्य च कुर्वता ॥

उन संकल्पों के वश हो कर जीव अनेक प्रकार की हिंसा, मिथ्या आदि क्रिया करता है, फिर राजदण्ड, लोकभण्ड, हर्ष-शोक आदि के निमित्तों से भोगता है.

आरिया:—भवाजी! परलोक में कर्म कैसे जाते हैं? क्यों कि जिस शरीर से कर्म

किये हैं वह शरीर तो यहां ही रह जाता है तो फिर ईश्वर के विना उन कर्मों को कौन याद करवाता है? जिस करके, वह कर्म भोगे जावें.

जैनीः—क्या, तेरा ईश्वर जीवों के कर्म याद कराने के वास्ते कर्मों का दफ्तर लिख रखता है? यदि ईश्वर एक २ जीव के कर्म याद कराने लगे तो ईश्वर को असंख्य-अनन्त काल तक भी वारी न आवेगी. और उन जीवोंको अपने किये कर्म का भुगतान अनन्त काल तक भी न होगा, क्यों कि संसार में जीवों की अनन्तता है.

आरिया—तो फिर कैसे कर्म भोगा जाय?

जैनः—अरे भोले भाई! हम अभी, ऊपर लिख आये हैं, कि सञ्चितकर्म अन्तःकरण में जमा सो इस जीव की स्थूल-

देह तो आयु कर्म के अन्त में यहां ही रह जाती है; परन्तु सूक्ष्म देह ( अन्तःकरण ) तो परलोक में भी जीव के संग ही जाती है. उस अन्तःकरण के शुभ-अशुभ होने से जीव की शुभ अशुभ योनि में खैंच हो जाती है. जैसे दृष्टान्त है कि, चमक पत्थर तो यहां और मुनासिब अन्दाजा के अनुकूल फासले से सूई वहां परन्तु खैंच हो कर मिल जाते हैं, क्यों कि वह पत्थर भी जड़ है और सूई भी जड़ है, परन्तु उस जड़ की उस अवस्था में खैंच का और मिलने का स्वभाव है; और कोई तीसरा ईश्वर या भूत उन्हे नहीं मिलाता है. ऐसे ही जीव का अन्तःकरण भी जड़ है, और जिस योनि में जा कर पैदा होने वाले कर्म हैं, उस योनि की धातु भी जड़ है; परन्तु उनकी शुभ अशुभ अवस्था मुकाबले की होनेसे पूर्वोक्त खैंच हो कर पैदा होने का स्वभाव होता है-चाहे लाखों कोस

क्यों न हो यथा वर्तमान काल में जैपुर आदिक बड़े २ नगरों में एक किस्म के मसालों की बत्तीयें वाली लाल टेनें लग रहीं है और नगर के बाहर उसी प्रकार के (मुकाबले के) मसाले के बम्बो में से कला के जोर धूंआं निकल हरेक स्थान नगर में विस्तर होता है परंतु उस मसाले की लाग के प्रयोग लाल टेंन की बती को ही प्रकाश देता है और को नही ऐसे ही पूर्वोक्त अंतःकरण में कर्म रूप मसाला और योनी की धातु की यथा प्रकार होने से उत्पत्ति होती है. और उसी अन्तकरण को जैन में तेजस कारमाण सूक्ष्म शरीर कहते हैं. तो उस तेजस कारमाण के प्रयोग से माता-पिता के रज, वीर्य अथवा पृथिवी और जल के संयोग से शीत-उष्ण के मुनासिब होने के निमित्तों से स्थूल देह जाति रूप वाला बन जाता है, जैसे मनुष्य से मनुष्य, पशु से पशु, घोड़े से घोड़ा, बैल से बैल, अथवा गेहूं से गे-

हुं, चणां से चणो, इत्यादि. और कई एक मूर्ख लोग एसे कहते हैं कि, कर्म (प्रकृति) से देह बनता है तो आंख के स्थान कान, और कान की जगह हाथ आदिक प्रकृतियें क्यों नहीं लगा देती हैं? उत्तरः—अरे नोले! प्रकृति तो जम है. यह तो वेचारी आंख की जगह कान क्या लगा देगी? परन्तु तुम्हारा ईश्वर तो परम चेतन कर्त्तमकर्त्ता है, वह क्यों नहीं कान की जगह वाहु लटका देता, और किसी के दो आंखें और पीछे को लगा देता? जिस से मनुष्य को विशेष (बहुत) लान्न पहुंचता; कि आगे को तो देख कर चलता और पीछे को न्नी देखता रहता कि कोई सर्प आदिक अथवा शत्रु आदिक पीछा न करता हो, और लोग न्नी महिमा करते कि धन्य है ईश्वर की लीला किसी के दो आंखें और किसी के तीन वा चार लगा दी हैं. परन्तु तुम्हारा ईश्वर तो चेतन हो कर न्नी ऐसे नहीं करता है.

तर्कः—अरे मूढ ! ऐसे करे कैसे ? ईश्वर तो कर्त्ता ही नहीं है. यह तो अनादी भाव है. जाति से जाति, अर्थात् जैसी योनि में जाने के कर्म जीव से बने होवें, वैसी ही योनि में उत्पन्न हो कर उसी योनि वाले रूप में होता है. हां ! जीव की कोई योनि, जाति नहीं है. इस से पूर्वोक्त कर्मानुसार कभी नर्क योनि में, कभी पशु वा मनुष्य वा देवयोनियों में परिभ्रमण करता चला आता है.

आरिया:—क्यों जी ! पहिले जीव है कि कर्म हैं ?

जैनीः—यह प्रश्न तो उनसे करो जो जीव और कर्म की आदि मानते हों. वही बतावेंगे कि प्रथम जीव है वा कर्म. जैन में तो जीव और कर्म अनादि समवाय सम्बंधी माने हैं; तो आदि ( पहिले ) किसको कहें ? क्यों कि पहिले हुइ तो आदि हुआ.

आरिया:—तो फिर तुम्हारे कथनानुसार जीव की कर्मों से मोक्ष न होनी चाहिये; क्यों कि जिसकी आदि ही नहीं है उसका अन्त भी नहीं है. तो फिर तुम्हारे तप-संयम का क्या फल होगा,

जैनीः—अरे! यह तो तर्क हमारी ही तर्फ से संभव है; क्यों कि तुम तो मोक्ष में भी कर्म मानते हो. उन कर्मों से फिर वापिस आकर जन्म होना मानते हो. परन्तु तुमको पदार्थ के संपूर्ण भेदों की खबर नहीं है. सुने सुनाये कहीं २ से कोइ २ अंग जान लिया; 'मेरे वैंगन तेरी गठ!' वस एक सुन लिया अनादि, अनन्त, जिस की आदि नहीं उसका अन्त भी नहीं; परन्तु सूत्र में पदार्थ के चार भेद कहे हैं:-प्रथम अनादि-अनन्त; (२) अनादि सान्त; (३) सादि-सान्त, और (४) सादि-अनन्त.

आरिया:—इनका अर्थ भी कृपापूर्वक बता

दीजिये, जो हमारी बुद्धि (समझ) में आ जाय.

जैनी:—तुम समझो तो बहुत अच्छा है; समझाने ही के लिये तो परिश्रम किया गया है—न तुटकों के वास्ते; क्यों कि हम निर्ग्रंथि साधु धर्म में हैं; हमारे मूलसंयम यह हैं कि कौ-मी पैसा आदिक धातु को न रखना, बल्कि स्पर्श मात्र भी न करना; और पूर्ण ब्रह्मचर्य्य अर्थात् सर्वदा ( हमेशा ) यतिपन में रहना; सो परोपकार के लिये ही लिखा जाता है; केवल ( सिर्फ ) मान बड़ाई के ही लिये नहीं है. अब सुनीये! (१) अनादि-अनन्त, तादात्मिक सम्बंध को कहते हैं; (२) अनादि-सान्त, समवाय सम्बंध के कहते हैं; (३) सादि-सान्त, संयोग सम्बंध को कहते हैं; (४) सादि-अनन्त, अबन्ध को कहते हैं. इसका अर्थ यह है:—

(१) 'तादात्मिक सम्बध' वह होता है कि चेतन में चेतनता, जड में जड़ता; अर्थात् चेतन पहिले भी चेतन था, अब भी चेतन है; आगे को

भी चेतन ही रहेगा, चेतन तो कभी जड नहीं होगा और जड कभी चेतन नहीं होगा; यथा दृष्टान्तः-लाल में लाली. और हीरे में सफेदी, इत्यादि पदार्थ की असलीयत को 'तादात्मिक सम्बन्ध' कहते हैं.

(७) 'समवाय सम्बंध' उसे कहते हैं की जो वस्तु तो दो होवें और स्वतः स्वभाव सेही अनादि मिली मिलाई होवे; यथा जीव और कर्म. जीव तो चेतन और कर्मों का कारण रूप अन्तःकरण अर्थात् सूक्ष्म शरीर जड, यह पदार्थ तो दो हैं, परन्तु अनादि शामिल हैं. जीव का अन्तःकरण (सूक्ष्म शरीर) अनादि समवाय सम्बंध ही है, और जो जो कर्म करता है सो निमित्तों से करता है, अर्थात् सुरत इन्द्रिय आदि कों से फिर वह निमित्तिक कर्मों का फल निमित्तों से भोगता है. ऐसा ही यह सिलसिला चला आता है. सो जो यह जीव अनादि-सान्त कर्म वाले हैं, उनमें से देशकाल शुद्ध मिलने पर

धर्मपरायण होने से कर्म रहित हो जाते हैं, अर्थात् सर्व आरंभ के त्यागी हो कर नये कर्म नहीं करते हैं, तब पूर्वोक्त अन्तःकरण ( सुक्ष्म शरीर ) फट जाता है. और निर्मल चेतन कर्म से मुञ्चित ( मुक्त ) होकर अर्थात् बंधसें अबंध हो कर पूर्वोक्त मोक्ष पद को प्राप्त हो जाता है यथा:—

श्लोक.

चेतनोऽध्यवसायेन कर्मणा च संबध्यते ।
ततो भवस्तय भवेत्तदभावात्परं पदम् ॥

चेतन ( आत्मा ) अध्यवसाय (वासना) से कर्म से बंधायवान् होता है; तिससे तिसको संसार अर्थात् जन्म-मरण प्राप्त होता है; और जिसके संसार अर्थात् जन्म-मरण का अभाव हो जाता है वह जीवात्मा परमपद (मुक्ति) को प्राप्त हो जाता है.

यथा दृष्टान्त है कि—फुल में सुगंधि औ-

र तिलों में तेल, दूध में घी, धातु में कुधातु, इत्यादि स्वतः ही मिले मिलाये होते हैं; किसी तीसेर के मिलाये हुए नहीं हैं. परन्तु किसी समय यंत्र ( कोल्हू ) के, और विलोनी के, और एहरन के प्रयोग से अलग२ हो जाते हैं.

(२) 'संयोग संबंध' उसे कहते हैं जो दो वस्तु अलग२ होवें और एक तीसरे मिलाने वाले के प्रयोग से मिलें, फिर समय पाकर बिगड़ जावें, क्यों कि जिस के मिलने की आदि होगी वह अवश्य ही बिगड़ेगा; यथा दृष्टान्त है कि, तख्ते और लोहे (कील) से तख्त, वस्त्र, और रंग से रंगीन, इत्यादि तीसरे के संयोग मिलाने से मिलते हैं; अर्थात् तरखान के और ललारी के और दूसरा संयोग सम्बंध तीसरे के बिना मिलाये भी होता है. जैसे परमाणु रूखे चिकने की पर्याय यथा प्रमाणु मिलने का स्वभाव होता है.दृष्टान्त-

संध्या, राग, बादल, इन्द्र धनुष, आदिक मिलने-बिछड़ने का.

(४) 'अबंध' उसे कहते हैं, जो अनादि जड़ रूप अन्तःकरण, जिसके लक्षण अज्ञान मोहादि कर्म उनके बंधन से चेतन का छुटकारा हो जाना, अर्थात् मोक्ष हो कर परमेश्वर रूप हो जाना, अर्थात् अजर, अमर, कृतकृत्य ( सकलकार्यसिद्ध ), सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, सर्वानन्द पद में प्राप्त होना, पुनरपि (फिर) कर्मों के बंधन में न पड़ना, अर्थात् जन्म—मरण रूप आवागमन से रहित हो जाना, जिसको जैन में 'अप्पुणरावत्ती' पद कहते हैं, और 'वैष्णव गीता' अध्याय ५ वें श्लोक १७ वें में लिखते हैं.

श्लोक.

गच्छन्त्य पुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः॥

इसका अर्थ यह है:—'गच्छन्ति' जाते हैं जीव वहां यहां से, 'अपुनरावृत्तिं' फिर नहीं आवें

संसार में, 'ज्ञान' ज्ञान रूप हो जाता है. 'निर्धूतकल्मषाः' झाडके अनादि कल्मष (कर्मदोष)—इत्यादि.

अब समझने की बात है कि वह कर्म-दोष, राग द्वेष, मोहादि झाडे, तो वह कर्म कुछ जरू पदार्थ होगा तब ही झाडा गया, न तु क्या झाडता? सो इस प्रकार से अबंध-पद को सादि-अनन्त कहते हैं; अर्थात् जिस दिन चेतन कर्मबंध से मुक्त हुआ वह उसकी आदि है और फिर कभी कर्मबंधन में न आना, इस लिये अनन्त है. और जैन सूत्र भगवतीजी—प्रज्ञापनजी में पदार्थों के चार भेद इस प्रकार से भी कहे हैं.

गाथा.

(१) अणाइआ अपज्जवसीया, (२) अणा-इआ सपज्जवसीया (३) साइआ अपज्जवसीया; (४) साइआ सपज्जवसीया. इसका अर्थ पूर्वोक्त ही समझना.

अब जो दूसरा अनादि-शान्त समवाय सम्बंध कहा था सो जीव और कर्म के विषय में जान लेना, क्यों कि तुम्हारा प्रश्न यह था कि कर्मों की आदि नहीं है तो अन्त कैसै होवे ? इसका उत्तर इस दूसरे सम्बंधके अर्थ से खूब समझ लेना और इन पूर्वोक्त अधिकारों के विषय में सूत्र, प्रमाण, युक्ति-प्रमाण बहुत कुछ लिख सकते हैं और लिखने की आवश्यकता (जरूरत) भी है; परन्तु यहां विशेष परिश्रम करने को सार्थक (फायदेमन्द) नहीं समझ गया, क्यों कि पण्डित जन बुद्धिमान् निरपक्ष दृष्टि से बाचेंगे तो इतने में ही बहुत समझ लेंगे, और जो न समझेंगें वा पक्ष रूपी वृक्ष को ही सींचेंगे तो चाहे कितने ही लिख२ कागज काले कर२ पोथे भरो, क्या फल होगा ? यथा 'राजनीति' में कहा है:—

श्लोकः

बुद्धि बोध्यानि शास्त्राणि न बुद्धिः शास्त्रबोधिका ।
प्रत्यक्षेऽपि कृते दीपे चक्षुर्हीनो न पश्यति ॥

इसका अर्थ सुगम ही है. असली तात्पर्य तो यह है कि पदार्थ ज्ञान हुए बिना कर्त्ता-विकर्त्ता के विषय का भ्रम दूर होना बहुत कठिन (मुशकिल) है.

आरियाः—अजी! पदार्थ ज्ञान किसे कहते हैं?

जैनीः—जैन शास्त्रों में दो ही पदार्थ माने गये हैं; चेतन और दूसरा जड़. सो चेतन के मूल दो भेद हैंः (१) प्रकट चेतना कर्म रहित सिद्ध स्वरूप परमेश्वरः (२) अनंत जीव सांसारिक कर्म बंध सहित.

दूसरे जड़ के भी मूल दो भेद हैंः (१) अरूपी जड़ (आकाश, काल आदिक); (२) रूपी जड़, जो पदार्थ दृष्टि गोचर (देखने में) आते

हैं. इन सब पदार्थों का उपादान कारण 'परमाणु' हैं. अनंत सूक्ष्म परमाणुओं का एक वादर स्थूल परमाणु होता है,जिसको 'पुद्गल' कहते हैं. सो इन पुद्गलों का स्वभाव सूक्ष्म, स्थूल, शुभ,अशुभपन को द्रव्य--क्षेत्र-काल-भाव के निमित्तों से परिणाम जाने का अर्थात् वदल जाने का होता है; अर्थात् द्रव्य तो पृथिवी, जल आदिक; क्षेत्र (जगह); और काल, ऋतु (मोसम); भाव, गेहूं से गेहूं और चणे से चणे और तृण आदि का उत्पन्न होना, और उनमें एकेन्द्रियपन वनस्पति योनि वाले जीव और जीव के कर्म इत्यादि से यथा पृथिवी और जल के संयोग से घास उत्पन्न होता है; घास को गौने खाया; उस गौ की मेद की कलों से घास का दूध वनता है; दूध को मनुष्य ने मिशरी डाल कर पीया; तव मनुष्य के मेद की कलों से उस दूध से सात धातु वनते हैं; और विष्टा (मलमूत्र) भी व-

नना है; फिर उस मल की मिट्टी हो जाती है; फिर उस मीट्टी के प्रयोग से खरबूजे आदिक फल हो जाते हैं; फलों को खा कर फिर विष्ठा, फिर मिट्टी, फिर फल इत्यादि शुभ अशुभ पर्याय पलटने का स्वभाव होता है. और पुद्गल के मूल धातु चार हैं:— १ वर्णमय, २ गंधमय, ३ रसमय, ४ स्पर्शमय. इन चारों धातुओं के मिलने से पुद्गल की चार प्रकार की पर्याय में से पर्याय पलटती हैं:—१ गुरु, २ लघु, ३ गुरुलघु, ४ अगुरुलघु. जब गुरुपर्याय को पुद्गल प्राप्त होता है तब किस रूप में होता है? यथा पत्थर धातु आदिक; अर्थात् धातु की और पत्थर की गोली वजन में ५ रत्ती की भी होगी, उस को दरिया के जल पर धर देवें तो वह अपनी गुरु अर्थात् भारी पर्याय के कारण से जल में डूब कर तले में जा बैठेगी. और दूसरा लघु पर्याय वाला पुद्गल, काष्ठ आदिक;

अर्थात् तोल में पचीस मन का काठ का पोरा होगा, वह भी लघु अर्थात् हलू की पर्य्याय के कारण से जल पर तैरता ही रहेगा. अब सोच कर देखो कि कहां तो ५ रत्ती भर बोझ; और कहां २५ मन? परन्तु पर्याय का स्वभाव ही है.

आरिया:—अजी! स्वभाव भी तो ईश्वर ने ही बनाये हैं!

जैनी:—अरे भोले! तूं इतने पर भी न समझा. यदि ईश्वर का बनाया स्वभाव होता तो कभी न पलटता. परन्तु हम देखते हैं कि उस ५ रत्ती भर धातु की मनुष्य चौभी कटोरी बना कर जल पर रख देवे तो तैरने लगे, और काष्ठ को फूंक कर भस्म (राख) को जल में घोल देवें तो नीचे ही जा लगेगी. अब क्या ईश्वर का किया हुआ स्वभाव मनुष्य ने तोड़ दिया? अपि तु नहीं, यह तो क्रिया विशेष करने से भी मिशरी के कूजों के

रथों की भान्ति पर्याय पलट जाती है. यथा दूध से दही इत्यादि.

(३) गुरु-लघु सो वायु (पवन) आदिक (४) अगुरु—लघु सो परमाणु आदिक संख्यात आकाश परदेशोवगाह सूक्ष्म खंध इत्यादि. और यह भी समझना आवश्यक (जरूरी) है कि जिसका नाम परमाणु अर्थात् परे से परे होता, जिसके दो भाग न हो सकें ऐसे अनन्त परमाणु मिल कर एक स्थूल पदार्थ दृष्टिगोचर (नजर में आनेवाला) बनता है. यथा दृष्टान्तः—६ मासे भर सुरमे की डली जिसको मनुष्य ने खरल में डाल कर मूसल का प्रहार किया, [चोट लगाई] तो उसके कई एक खण्ड (टुकड़े) हो गये. ऐसे ही मुसल लगते२ जब बहुत छोटे टुकड़े हो गए और मूसल की चोट में न आये तो रगड़ना शुरू किया; तीन दिन तक रगड़ा. अब कहोजी! कितने खण्ड (टुकड़े) हुए? परन्तु जितने वह टु-

कड़े हो गये हैं उनमें से भी एक२ टुकडे के कइ२ टुकड़े हो सकते हैं. क्यों कि उसी सुरमे को यदि तीन दिन तक और पीसें तो बारीक होवे वा नहीं होवे? तो बारीक जब ही होगा जब एक के कई टुकड़े हों; ऐसें ही २१ दिन तक रगड़ा, तो कैसा बारीक हुआ? उसमें जरा अङ्गुली लगा कर देखें तो कितना सुरमा अर्थात् कितने खण्ड (टुकडे) अङ्गुली को लगें? किरोड़. हां, अब एक टुकड़े को अलग करना चाहें तो किया जावे, कर तो लिया जावे; परन्तु ऐसा बारीक औजार नहीं है, और वह खंड वा टुकड़ा भी अनन्त परमाणुओं का समूह (पिंड) होता है. क्यों कि वह दृष्टि में आ सकता है, और उन परमाणुओं में वर्ण, गंध, रस, स्पर्श, भी है, मिलने–बिछड़ने का स्वभाव भी है. क्यों कि नये-पुराणे होने की पर्याय भी पलटती रहती है, और इन परमाणु आदि पदार्थों का अधिक स्वरूप देख-

ना होवे तो श्रीमद्भगवतीजी–प्रज्ञापनजी आदिक सूत्रों में गुरु आम्नाय से सुन कर और सीख कर प्रतीत (मालूम) कर लो. परन्तु पदार्थ का पूर्ण (पूरा) २ ज्ञान होना बहुत कठिन है. क्यों कि प्रत्येक ( हरएक ) जैनी भी बहुत काल तक पढते रहें तो भी नहीं जान सकते हैं; कोई२ विद्वान पुरुष ही जान सकते हैं. यथा दृष्टान्तः—पाटनपुर नाम नगर निवासी एक "ईश्वर-कर्त्ता-भ्रमवादी" पूर्वोक्त पदार्थज्ञान परमाणु आदि पुद्गल के स्वभाव के जानने के लिये जैनशास्त्र सीखने की इच्छा कर के जैन आचार्यों के पास शिष्य हो कर विनयपूर्वक कई बरसों तक शास्त्र सीखता रहा; जब अपने मनमें निश्चय किया कि मैं पदार्थ ज्ञात हो गया (जान गया) हूं, तब निकल कर भ्रमवादीयों में मिल जैनियों से चर्चा करने का आरम्भ किया. तब वह भ्रमवादी पदार्थ ज्ञान के विषय में

हार गया. क्यों कि पदार्थों के भेद बहुत हैं. तथापि वह भ्रमवादी फिर जैन आचार्यों का शिष्य (चेला) बना, और विनयपूर्वक नम्र हो कर विशेष पठन किया (पढा) और उन महात्माओं ने धर्मोपकार जान कर हितशिक्षा से पाठन कराया (पढाया). परन्तु वह कांजीका पात्र फिर भाग कर भ्रमवादियों में मिल चर्चा का विस्तरा बिछा बैठा, और फिर जीव, अजीव के विचार में जैनीयों से हारा. इसी प्रकार से कहते हैं कि ग्यारह वीं वार पाण्डलवाग में परम पण्डित धर्मघोष अनगारजी के साथ दोनों ही पक्षों की ओर से चर्चा का आरम्भ हुआ.

भ्रमवादीः—तुमारे मत में पुद्गल का स्वभाव मिलने विछडने का कहा है; तो कितने समय में (अरसे में) मिलविछड सकते हैं ? और अवस्था विशेष कितने काल तक रह सकते हैं ?

जैनाचार्यः—जघन्य (कम से कम) एक सूक्ष्म समय में सिद्ध—विगड सकते हैं; उत्कृष्ट (जियादा से जियादा) असंख्यात काल तक.

भ्रमवादीः—कोई दृष्टान्त (प्रमाण) भी है?

जैनाचार्यः—शीशे के सन्मुख (सामने) कोई पदार्थ किया जाय तो उस पदार्थ का प्रतिबिम्ब उस शीशे (दर्पण) में शीघ्र (जल्दी) पड़ जाता है. और हटाने से अर्थात् शीशे को परे करते ही हट जाता है. और सान पर लोहा धरने से शीघ्र अग्नि बन कर चिनगारे निकलते हैं. और जल में सूर्य की कान्ति पड़ने से शीघ्र ही साया जा पड़ता है, (इत्यादि) अब बुद्धि द्वारा सोच कर देखो कि वह पूर्वोक्त प्रतिबिम्ब (साया) और अग्नि किसी पदार्थ के तो बने ही होंगे, और कुल

तो होवेगा ही, जो दृष्टिगोचर (नजर में) दे
ता है. अब देखो, उस प्रतिबिम्ब के वर्ण (रङ्ग
और आकार जिन परमाणुओं से बने, उ
परमाणुओं के मिलने और बिछुड़ने में कितन
समय लगा ?

भ्रमवादीः—सुनोजी; मैं एक दिन बाह
की भूमिका से चिन्ता मेटके पुनरपि आता थ
अर्थात् लौट कर आता था; रास्ते में धूप
प्रयोग से चित्त व्याकुल हुआ, तो एक आ
के वृक्ष के नीचे खड़ा होता भया. तब अक
स्मात् (अचानक) उस वृक्ष में से तख्
गिर२ पड़े और वह आपस में मिल२
एक उमदा तख्त बन गया और मुझे बड़
आश्चर्य हुआ; परन्तु उस तख्त पर मुहूर्
मात्र अर्थात् दो घड़ी भर विश्राम ले क
चलने लगा तब तत्काल ही वह तख्त फ
कर तख्ते उसी आम के वृक्ष में जा मिले
अब कहो, महाचार्य्यजी! यह कथन आ

की बुध्दि (समझ) में सत्य प्रतीत हुआ या असत्य?

जैनाचार्य:—असत्य.

भ्रमवादी:—क्योंजी? तुम्हारे सूत्रों में तो पदार्थज्ञान का सारांश यही है कि पुद्गल का मिलने-विछड़ने का स्वभाव ही है. तो फिर वृक्ष में से तख्ते मिलने और विछड़ने का सम्बंध असत्य कैसे माना गया?

उस समय सभासद् तो क्या बल्कि जैनाचार्यजी को भी सन्देह हुआ.तब जैनाचार्यजीने आहारिक लब्धी फोरी.अर्थात् अपने अन्तःकरण की शक्ति से मतिमानों की मति से अपनी मति मिला कर उसी वक्त पुद्गल के व भेद याद में लाये, और फर्माने लगे कि. अरे भोले! तूने पुद्गल का स्वभाव एक मिलने-विछड़ने का ही सीख लिया. परन्तु यह नहीं जानता है कि पुद्गल का परिणामी स्व-

भाव होता है, देश-काल के प्रयोग से अनेक प्रकार के स्वभाव के भाव को परिणम जाता है. अब तुझे पुद्गल का सारांश संक्षेप से कहता हूं; सुन. (१) प्रथम तो दृष्टिगोचर जो पदार्थ हैं उन सब का उपादान कारण रूप एक भेद है:—परमाणुं. फिर दो भेद माने हैं:—(१) सूक्ष्म, (२) स्थूल. फिर तीन भेद:— (१) विससा (२) मिससा, (३) पोगसा. फिर चार भेद:—द्रव्य (२) क्षेत्र, (३) काल, (४) भाव की अपेक्षा से. फिर पांच भेद हैं:— (१) वर्ण, (२) गंध, (३) रस, (४) स्पर्श, (५) संस्थान. और फिर छः भेद हैं:-[१] बादर बादर, [२] बादर, [३] बादरसूक्ष्म, (४) सूक्ष्मबादर, [५] सूक्ष्म, [६] सूक्ष्म सूक्ष्म. अब बादर बादर पुद्गल पर्याय रूप क्या२ पदार्थ होते हैं? यथा जल, दूध, घृत, तेल, पारा आदिक. इनका स्वभाव ऐसा होता है कि इनको न्यारे२ कर देवें फिर मिलावें तो

एक रूप हो जावें, पृथग् भाव न रहे; अर्थात् जल या दुग्धादिक को पांच सात पात्रों में डाल देवें तो न्यारा२ हो जाय. फिर एक में कर दें तो एक रूप ही हो जाय. (२) बादर पर्याय पदार्थ वह होता है कि न्यारा हो कर न मिले. यथा काष्ठ, पत्थर, वस्त्र, आदिक. अर्थात् काष्ठ के गेले को चीर कर तख्ते किये जांय फिर उनको मिलावें तो न मिलें; चाहे कील लगा कर जोड़ दो, परन्तु वह वास्तव में तो न्यारे ही रहेंगे. ऐसे ही पत्थर, वस्त्रादिक भी जान लेने. अब समझने की बात है कि पुद्गल तो यह भी है, और वह भी है, परन्तु वह दुग्ध. जलादिक तो बिछड़ कर मिल जांय और काष्ठ पत्थर आदि न मिलें, कारण यह है कि वह दुग्ध, जल, आदिक पुद्गल बादर२ पर्याय को प्राप्त हुए२ हैं, और काष्ठ, पाषाण आदिक बादर पर्याय को प्राप्त हुए२ हैं. अब कहो रे भ्रमवादी! तेरा

श्वर ने जम काहे के बनाए? क्यों कि जो वस्तु बनेगी उसका उपादानकारण अवश्य (जरूर) हीहोगा, कि जिससे वह बने.

भ्रमवादीः—हांश्जी, मैं भूल गया; जम पदार्थ तो अनादी हैं; परन्तु उनमें स्वभाव ईश्वर ने डाला है.

आचार्यः—अरे भोले! जब पदार्थ होगा तो पदार्थ का स्वभाव भी पदार्थ के साथ ही होगा. यथा पूर्वोक्त अग्नि होगी तो उसमें जलाने का स्वभाव भी साथ ही होगा, जहर होगा तो मारने का स्वभाव भी साथ ही होगा.

बस, इन बचनों को सुनते ही भ्रमवादी भ्रम को छोम आचार्यजी के चरणों में लगा और कहा, कि पदार्थज्ञान जैसा जैन शास्त्रों में है वैसा और किसी शास्त्र में नहीं है, फिर उसने जैन आम्नाय को निश्चय से धारण किया, और फिर भ्रमवादियो में न गया, स-

साध्यश्रों को भी बहुत ज्ञानलाभ हुआ, और सभा विसर्जन हुइ.

जैनी:—कहो, वेदानुयायी ! तुम कितने पदार्थ अनादि मानते हो?

आर्यः—(१) ईश्वर, (२) जीव, (३) प्रकृति अर्थात् जड पदार्थ, प्रत्येक रूपी पदार्थ का उपादान कारण.

जैनी:—अब कहो ईश्वर ने क्या बनाया?

आर्यः—जैसे कुम्हार पात्र बनाता है, और तरखान, लुहार घडी बनाता है, इत्यादि,

जैनी:—भला, यह क्या उत्तर हुआ? मै-ने क्या पूछा और तूने क्या उत्तर दिया? भला, यही सही, कहो तो कुम्हार काहेका घडा ब-नाता है? क्या अपने हाथ पांवों का, वा किसी और वस्तु का?

आर्यः—मट्टी का.

जैनीः—मट्टी तो पहिले ही विद्यमान् (मौजूद) थी, फिर मट्टी ही से घड़ा बनाया. अपि तु घड़े का कर्त्ता कुम्हार नहीं है क्यों कि घड़े का उपादान कारण तो मट्टी ही ही है. हां निमित्त कारण कुम्हार है, सो निमित्तिक तो मिहनती होता है, परन्तु मिहनत भी सप्रयोजन होती है; यदि निष्प्रयोजन मिहनत करे तो मूर्ख कहावे, यथा "निष्प्रयोजनं किं कार्यम्" इति वचनात्. तो अब कहो कि तुम्हारा ईश्वर सप्रयोजन मिहनत करता है वा निष्प्रयोजन? अर्थात् ईश्वर पूर्वोक्त मिहनत से क्या लाभ उगाता है, और न करने से क्या हानि रहती है?

आर्य्याः—ईश्वर का स्वभाव है, अथवा अपनी प्रभुता दिखाने को.

जैनीः—निष्प्रयोजन कार्य करने का स्वभाव तो पूर्वोक्त मूर्ख का होता है. और प्रभुता दिखानी, सो क्या को ईश्वर का शरीक

है, जिसे दिखाता है, कि देख तेरे में प्रभुता घनी है कि मेरे में! अथवा ईश्वर को तुम नट, वा बाजीगर समझते हो, जो सब लोगों को अपनी कला दिखाता है! परन्तु नट भी तो कला सप्रयोजन अर्थात् दामों के वास्ते दिखाता है. अरे हठवादिओ! क्या तुम कुम्हार का दृष्टान्त ईश्वर में घटाते हो? कृत्रिम वस्तु का कर्त्ता तो हम भी मानते हैं, यथा संयोग सम्बन्ध के विषय में लिख आये हैं कि संयोग सम्बन्ध के मिलाने वाला कोई तीसरा ही होता है; घट, पट, स्तंभ, आदिक. घट का कर्त्ता कुलाल (कुम्हार), पट का कर्त्ता तन्तु वाय (जुलाहा), स्तंभ का कर्त्ता स्थाती (तरखान) इत्यादि. परन्तु अकृत्रिम वस्तु का कर्त्ता किसी प्रमाण से भी सिद्ध नहीं होता है; यथा आकाश, काल, जीव (आत्मा), कर्म (प्रकृति) परमाणु आदिक का. और एसे ही नैयायिक भी मानते हैं 'न्यायदर्शन' पुस्तक मध्यत्

१९४९ की छपी हुई ५७ पृष्ठ १५ पंक्ति में लिखा है, १ आत्मा, २ काल, ३ आकाश, आदि अनित्यत्व नहीं होते, अर्थात् शब्द में उत्पत्ति नित्य है, धर्मकत्व विरुद्ध धर्म होने से, यह अनुमान है, कि शब्द अनित्य है.

जैनीः—देखो ! ईश्वर कर्त्ता वादी वेदों को शब्द वत् नित्य कहते हैं; परन्तु यहां शब्द को अनित्य कहा है. दयानन्दजी ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका ११७ पृष्ठ में लिखते हैं, कि जब यह कार्य्य रूप सृष्टि उत्पन्न नहीं हुईथी, तव एक ईश्वर और दूसरे जगत् कारण, अर्थात् जगत् वनाने की सामग्री मौजूद थी. और, और आकाशादिक कुच्छ न था; यहां तक कि परमाणु भी न थे. देखो! यह क्या वाल बुद्धि की वात है! क्यों कि न्याय तो लिखता है कि आकाश आदि अनादि हैं. और फिर यह भी वताओ कि जगत् वनाने की सा-

मग्री क्या थी? और परमाणु का क्या स्वरूप है? और सामग्री काहे की बनती है? और परमाणुं किस काम आते हैं? और जगत् बनाने की सामग्री आकाश विना काहे में धरी रही होगी? और फिर जैनी आदिकों की कहने पर शायद शंकित हो कर, वही बारके गपे हुए 'सत्यार्थ प्रकाश' के आठवें समुल्लास २२४ पृष्ठ ७, ८, ९ पंक्ति में लिखते हैंः-जगत् की उत्पत्ति के पूर्व (१) परमेश्वर (२) प्रकृति, (३) काल, (४) आकाश तथा जीवों के अनादि होने से इस जगत् की उत्पत्ति होती है. यदि इनमें से एक भी न होवे तो जगत् भी न हो. तो अब कहो जैनियों का अनादि सृष्टि का कहना स्विकार होने में क्या भेद रहा? और यह भी पूछना चाहिये की जब सृष्टि रचने से पहिले ही काल था तो सृष्टि किस काल में रची, अर्थात् रात्रि काल में रची वा दिन में, और किस वक्त? यदि वक्त है तो

सूर्य और चन्द्र बिना वक्त कैसे हुआ ?

आरियाः—हम तो सृष्टि कर्त्ता ईश्वर ही को मानते हैं.

जैनीः—सृष्टि को ईश्वर कैसे करता है?

आरियाः—शब्द से जगदुत्पत्ति हुई है.

जैनीः—शब्द से जगत् की उत्पत्ति कैसे हुई ?

आरियाः—माण्डूक्योपनिषदादि में श्रुतिका मंत्र हैः " एकोऽहं बहुस्याम् " अर्थात् सृष्टि से पूर्व ( पहिले ) व्योम शब्द; अर्थात् ईश्वर ने आकाश वाणी बोली, कि मैं एक हूं और बहुत प्रकार से होता हूं, ऐसे कहते ही सृष्टि बन गई.

जैनीः—भलाजी ! सृष्टि तो पीछे बनी और शब्द पहिले बना ( हुआ ) तो ईश्वर ने किस को सुनाने के लिये कहा, और किस ने सुना, और कौन साक्षी ( गवाह ) हुआ, कि यह व्योम शब्द हुआ है? क्यों कि पहिले तो

कुच्छ था ही नहीं. और मुसल्मान लोग भी ऐसे ही कहते हैं, कि खुदा के हुक्म से जहान बना, अर्थात् खुदा का हुक्म हुआ कि 'कुन' ऐसा कहते ही जहान बन गया! अब देखिये, कि जहान से पहिले तो सिवाय खुदा के और कोई था ही नहीं. जब कि कोई न था तो 'कुन' किस को कहा, अर्थात् दूसरा कोई न था तो हुक्म किस को दिया कि 'कर'. बस, इससे सिद्ध हुआ कि पहिले भी कोई था, जिस को शब्द सुनाया, अथवा हुक्म दिया; तो फिर उनके रहने की पृथिवी आदिक सब कुछ होगा. और दयानन्दजी भी सं० वी० १९५४ के छपे हुए 'सत्यार्थ प्रकाश' के आठवें समुल्लास २२६ पृष्ठ १६ पंक्ति में लिखते हैं, कि जब सृष्टि का समय आता है तब परमात्मा इन सूक्ष्म पदार्थों को इकट्ठा करता है, प्रकृतियों से तत्वेन्द्रिय आदिक मनुष्य का शरीर बना कर उस में जीव गेरता है. बिना माता पिता युवा मनु-

ष्य सहस्रशः (हजारहा) बनाता है, फिर पीछे मैथुनी पुरुष होते हैं.

तर्कः—अब देखिये, प्रथम तो माता पिता बिना पुरुष का होना ही एकान्त असंभव है; यथा वृक्ष बिना फल का होना. भला! ईश्वर ने अपनी माया से बनाये कह ही दिये परन्तु यह तो समझना ही पड़ेगा, कि वह हजारों पुरुष पृथिवी विना क्या आकाश में ही लटकते रहे होंगे? अपितु नहीं, सृष्टि पहिले ही होगी, और उसमें मनुष्य भी होंगे; यह प्रवाह रूप सिलसिलायों ही चला आता है. क्यों भ्रम में पड़ कर ईश्वर को सृष्टि के बनाने का परिश्रम उठाने वाला मान बैठे हो? और फिर २३७ पृष्ठ १७ पंक्ति में लिखते हैंः—

प्रश्नः—मनुष्य सृष्टि पहिले, वा पृथिवी आदिक ?

उत्तरः—पृथिवी आदिक. क्यों कि पृथिवी विना मनुष्य काहे पर रहें ?

देखो परस्परविरोध ! हाय अफसोस! अपने कथन का भी बंधन नहीं, कि हम पहिले तो क्या लिख चुके हैं, और अब क्या लिखते हैं? परन्तु क्या करें? मिथ्या के चरित्र ऐसे ही होते हैं !

जैनीः—भला, ईश्वर तो चेतन है और सृष्टि जड है, तो चेतन ने जड कैसे बना दिये?

आरियाः—परमाणुओं को इकठा कर२ के सृष्टि बनाता है.

जैनीः—क्या, ईश्वर के तुम हाथ पांव मानते हो, जिनसे वह परमाणु इकठे करता है?

आरियाः—ईश्वर के हाथ पांव कहांसे आये? ईश्वर तो निराकार है.

जैनीः—तो फिर परमाणु काहेसे इकठे करता है?

आरियाः—अपनी इच्छा से.

जैनीः—ओहो! तो फिर तुमने सम्वत् १९५४ के छपे हुए "सत्यार्थ प्रकाश" के चौद-

८वें समुल्लास ५९५ पृष्ठ १४ वीं पंक्ति में मुसल्मानों के कहने पर तर्क कैसे करी है, कि खुदा के हुक्म से जहान कैसे बन गया? भला, हम तुमसे पूछते हैं कि सृष्टि इच्छा से कैसे बन गई? अरे भोले! औरों पर तो तर्क करनी और अपने घर की खबर ही नहीं! क्यों कि हुक्म तो वचन की क्रिया है और इच्छा मन की क्रिया है. क्या, मरजी कोई बुहारी (झाडू) है कि जिससे परमाणु इकठे करके सृष्टि बनाई? हाय अफसोस! पूर्वोक्त शास्त्रों के अज्ञ ही बहकाये जाते; क्यों कि जब तुम ईश्वर को निराकार मान चुके हो तो इच्छा कहांसे आई? हे भाई! तुमको इतना भी ज्ञान नहीं है, कि मरजी एक अन्तःकरण की प्रकृति होती है, अर्थात् मन, मरजी, इच्छा, संकल्प, दलील, भाव, प्रणाम यह सब अन्तःकरण के कर्म अर्थात् फेहल हैं. तांते, समझना चाहिये कि जिसके अन्तःकरण अर्थात् सूक्ष्म देह होगी, उसके स्थूल

देह भी होगी; और जिसके स्थूल देह होगी उसके सूक्ष्मदेह अर्थात् अन्तःकरण भी होगा. तां ते तुमारा पूर्वोक्त कथन मिथ्या है, जो कहते हो कि ईश्वर की इच्छा से सृष्टि बनती है. ईश्वर के तो इच्छा ही नहीं है, तो बनता बनाता क्या? ईश्वर तो सर्वानन्द सदा ही एकरस कहता है. बस! वही सत्य है जो उपर लिख आये हैं, कि अकृत्रिम वस्तु का कर्त्ता नहीं हो सकता है; क्यों कि जब ईश्वर अनादि है तो ईश्वर के जाननेवाले भी और नाम लेने वाले भी अनादि होने चाहिये, क्यों कि जब ईश्वर है, तो ईश्वर के गुण कर्म, स्वभाव भी साथ ही हैं. तो ऐसा हो ही नहीं सक्ता कि ईश्वर को कोइ जाने ही नहीं, और नाम लेवे ही नहीं, और ईश्वर कुछ करे ही नहीं. अगर ऐसा हो तो ईश्वर के गुण कर्म स्वभाव नष्ट हो जावें; और ईश्वर की ईश्वरता भी न रहे. न तो ऐसा मानना पड़ेगा कि ईश्वर कभी है, और कभी नहीं;

८वें समुल्लास ५९५ पृष्ठ १४ वीं पंक्ति में मुसल्मानों के कहने पर तर्क कैसे करी है, कि खुदा के हुक्म से जहान कैसे बन गया? भला, हम तुमसे पूछते हैं कि सृष्टि इच्छा से कैसे बन गई? अरे भोले! औरों पर तो तर्क करनी और अपने घर की खबर ही नहीं! क्यों कि हुक्म तो बचन की क्रिया है और इच्छा मन की क्रिया है. क्या, मरजी कोई बुहारी (झाड़ू) है कि जिससे परमाणु इकठे करके सृष्टि बनाई? हाय अफसोस! पूर्वोक्त शास्त्रों के अङ्ग ही बहकाये जाते; क्यों कि जब तुम ईश्वर को निराकार मान चुके हो तो इच्छा कहांसे आई? हे भाई! तुमको इतना भी ज्ञान नहीं है, कि मरजी एक अन्तःकरण की प्रकृति होती है, अर्थात् मन, मरजी, इच्छा, संकल्प, दलील, भाव, प्रणाम यह सब अन्तःकरण के कर्म अर्थात् फेहल हैं: तातें, समझना चाहिये कि जिसके अन्तःकरण अर्थात् सूक्ष्म देह होगी, उसके स्थूल

देह भी होगी; और जिसके स्थूल देह होगी उसके सूक्ष्मदेह अर्थात् अन्तःकरण भी होगा. तां ते तुमारा पूर्वोक्त कथन मिथ्या है, जो कहते हो कि ईश्वर की इच्छा से सृष्टि बनती है. ईश्वर के तो इच्छा ही नहीं है,तो बनता बनाता क्या? ईश्वर तो सर्वानन्द सदा ही एकरस कहता है.बस! वही सत्य है जो ऊपर लिख आये हैं,कि अकृत्रिम वस्तु का कर्त्ता नहीं हो सकता है; क्यों कि जब ईश्वर अनादि है तो ईश्वर के जाननेवाले भी और नाम लेने वाले भी अनादि होने चाहिये, क्यों कि जब ईश्वर है, तो ईश्वर के गुण कर्म, स्वभाव भी साथ ही हैं.तो ऐसा हो ही नहीं सक्ता कि ईश्वर को कोइ जाने ही नहीं, और नाम लेवे ही नहीं, और ईश्वर कुछ करे ही नहीं.अगर ऐसा हो तो ईश्वर के गुण कर्म स्वभाव नष्ट हो जावें; और ईश्वर की ईश्वरता भी न रहे.न तो ऐसा मानना पड़ेगा कि ईश्वर कभी है, और कभी नहीं;

८वें समुल्लास ५०५ पृष्ठ १४ वीं पंक्ति में मुसल्मानों के कहने पर तर्क कैसे करी है, कि खुदा के हुक्म से जहान कैसे बन गया? भला, हम तुमसे पूछते हैं कि सृष्टि इच्छा से कैसे बन गई? अरे भोले! औरों पर तो तर्क करनी और अपने घर की खबर ही नहीं! क्यों कि हुक्म तो वचन की क्रिया है और इच्छा मन की क्रिया है. क्या, मरजी कोई बुहारी (झाड़ू) है कि जिससे परमाणु इकठे करके सृष्टि बनाई? हाय अफसोस! पूर्वोक्त शास्त्रों के अङ्ग ही बहकाये जाते; क्यों कि जब तुम ईश्वर को निराकार मान चुके हो तो इच्छा कहांसे आई? हे भाई! तुमको इतना भी ज्ञान नहीं है, कि मरजी एक अन्तःकरण की प्रकृति होती है, अर्थात् मन, मरजी, इच्छा, संकल्प, दलील, भाव, प्रणाम यह सब अन्तःकरण के कर्म अर्थात् फेहल हैं. तांते, समझना चाहिये कि जिसके अन्तःकरण अर्थात् सूक्ष्म देह होगी, उसके स्थूल

देह भी होगी; और जिसके स्थूल देह होगी उसके सूक्ष्मदेह अर्थात् अन्तःकरण भी होगा. तां ते तुमारा पूर्वोक्त कथन मिथ्या है, जो कहते हो कि ईश्वर की इच्छा से सृष्टि बनती है. ईश्वर के तो इच्छा ही नहीं है,तो बनता बनाता क्या? ईश्वर तो सर्वानन्द सदा ही एकरस कहता है.बस! वही सत्य है जो ऊपर लिख आये हैं,कि अकृत्रिम वस्तु का कर्त्ता नहीं हो सकता है; क्यों कि जब ईश्वर अनादि है तो ईश्वर के जाननेवाले भी और नाम लेने वाले भी अनादि होने चाहिये, क्यों कि जब ईश्वर है, तो ईश्वर के गुण कर्म, स्वभाव भी साथ ही हैं.तो ऐसा हो ही नहीं सक्ता कि ईश्वर को कोइ जाने ही नहीं, और नाम लेवे ही नहीं; और ईश्वर कुछ करे ही नहीं.अगर ऐसा हो तो ईश्वर के गुण कर्म स्वभाव नष्ट हो जावें; और ईश्वर की ईश्वरता भी न रहे.न तो ऐसा मानना पड़ेगा कि ईश्वर कभी है, और कभी नहीं;

क्यों कि यदि ईश्वर सदा अर्थात् हमेस ही कर्म करता कहता हो तो दुर्भिक्ष अर्थात् अकाल पड़ने के समय और महामारी (मरकी) पड़ते में लाखों मनुष्य वा पशु आदिक जीव मरते हैं, तो उनकी रक्षा क्यों नहीं करता?

आरिया:—उनके कर्म !

जैनी:—यह कहना तो कर्मकाण्डवादियों का है, कि कर्म ही निमित्तों से फल भुगताते हैं. उसमें ईश्वर का दखल ही नही है. बस, वही ठीक है जो कि जैनी लोग कहते हैं कि ईश्वर अनादि है; और ईश्वर को जानने वाले वा स्मरण(याद) करनेवाले भी अनादि ही से चले आते हैं,और उनके रहने का जगत् अर्थात् सृष्टि भी अनादि है, अर्थात् चतुर्गति रूप संसार, नर्क,तिर्य्यञ्च, मनुष्य, देवलोक, ज्योतिषी देव, अर्थात् सूर्य्य और चन्द्र भी अनादि से हैं और देखिये "सत्यार्थ प्रकाश" समुल्लास बारहवे में दयानन्द-

जी जैनियों पर तर्क करते हैं, कि जैनी जम्बूद्वीप में दो चांद और दो सूर्य मानते हैं, और और लोग कई स्थूल दृष्टिवाले भी सुन२ कर विस्मित (हैरान) होते हैं. परन्तु यह खबर नहीं कि दयानन्द उक्त "सत्यार्थ प्रकाश" समुल्लास आठवें २४२ पृष्ठ के नीचे प्रश्न लिखते है, कि इतने बड़े २ भूगोलों को परमेश्वर कैसे धारण करता है?

उत्तरः—अनन्त परमेश्वर के सामने असंख्यात लोक, एक परमाणु के तुल्य नहीं कह सकते. अब देखिये, कि असंख्य लोक लिखता है, जब कि असंख्य लोक होंगे तो क्या वह अंधकार से ही पूरित होंगे? अपितु नहीं, असंख्य लोक होंगे तो एक २ लोक में यदी एक २ चांद, सूर्य भी होगा तो भी असंख्य चांद सूर्य अवश्य ही होंगे. और गुरू नानक साहिवजी अपने बनाये हुए जपजी साहिब की बाईसवीं पौड़ी में लिखते हैं

कि, पातालों पाताल लख, आकाशां आकाश ओभक, ओभक जाल थके वेद कहत इकबात.

परन्तु जैनियों के कहने पर उपहास (हंसी) करे बिन नहीं रहते हैं. किसीने सत्य कहा है, कि उल्लू को दिन से ही वैर होता है. यथा जैनी लोग शास्त्रानुकूल कहते हैं, कि जल, आदि कों में जीव होते हैं, तो उपहास करना, और अब डाक्टरों ने खुर्दवीन आदि के प्रयोग द्वारा आंखों से देख लिये हैं, कि जल के एक बिन्दु में असंख्य जीव हैं; परन्तु सनातन जैनियों में यह बात नहीं है, कि असत्य (झूठ) बोलने और गालियां देने पर कमर बांध लेवे.

आरियाः—अजी! तुम सृष्टि को कैसे मानते हो?

जैनीः—इस प्रकार से, कि जब जैन मतानुयायी और वैदिक मतानुयायी लोग भी इस बात को प्रमाण (मंजूर) कर चुके हैं,

कि परमाणु आदिक जड़ प्रकृति पदार्थ अनादि है, तो पदार्थ में मिलने वा विछड़ने आदि का स्वभाव भी अनादि ही होगा, अर्थात् परमाणुओं का तर और खुश्क आदि स्पर्श होने से परस्पर सम्बंध होने का स्वभाव, यथा चिकने घड़े पर गर्द (धूलि) का जम जाना, इत्यादि. जब कि स्वभाव अनादि है तो उनके मिलाप से पिराड़ रूप पृथिवी भी अनादि हुई. जब पृथिवी अनादि हुई तो पृथिवी के आधार स्थावर, जंगम, जीवयोनि भी होगी; अर्थात् पृथिवी, जल, तेज, वायु और उनके साथ ही चंद्र सूर्य्य आदिक ज्योतिषियों का भी भ्रमण होगा; और ज्योतिषियों के भ्रमण स्वभाव से सर्दी गर्मी की परिणमता, अर्थात् ऋतुयों (मौसमों) का बदलना, और साथ ही वायु का बदलना, और ज्योतिषियों की भ्रमण (आकर्षण शक्ति) अर्थात् खैंच सें वायु और रज मिल कर आंधी और बादल का होना और

पूर्व अर्थात् पुरवा वायु की गर्मी में, पश्चिम अ-र्थात् पछवा वायु की सर्दी का जामन लगने से समुर्छिम जल का जमाव होना, और जमे हुए जल में वायु की टक्कर लगने से अग्नि का उत्पन्न (पैदा) होना अर्थात् बिजली का चमकना फिर ढलाव हो कर हवा से मिल कर गर्जाट का होना, और वारिश का होना, जल रूप घटा में सूर्य्य की किरण मुकाबले पर, अर्थात् पूर्व को घटा पश्चिम को सूर्य्य, वा पश्चिम को घटा और पूर्व को सूर्य्य, इस प्रकार पड़ने से आ-काश में पञ्च रङ्ग धनुष का पड़ना, इत्यादि यह सिल सिला प्रवाह रूप अनादि भाव से हि चला आता है. हां, पूर्वोक्त देशकाल के प्रयोग से कभी कम और कभी जियादा आवादी हो जाती है, जैसे हेमन्त ऋतु (सर्दी के मौसम) में सर्दी (खुश्की) के प्रयोग से वनराई के पत्र झड़ कर प्रलय अर्थात् उजाड़ हो जाती है, और वसन्त (मधु) ऋतु में गर्मी तरी के प्र-

योग से वनराई प्रफुल्लित अर्थात् आबाद हो जाती है. अब इसमें जो संदेह ( शक ) होवे सो प्रकट करना चाहिये; न तु सत्य मार्ग को स्विकार ( ग्रहण ) करना चाहिये. आगे अपनी २ बुद्धि के आधीन ( अख्तियार ) है.

ए वां प्रश्न.

आरियाः—जो आपने कहा सो तो सत्य है; परन्तु यदि ईश्वर को सृष्टि का कर्त्ता न मानें तो ईश्वर कैसे जाना जावे ?

जैनीः—जिस प्रकार से महात्मा ऋषियों ने जाना है, और सूत्रों में लिखा है, जिसका स्वरूप हम प्रथम प्रश्न के उत्तर में लिख आये हैं. और यह युक्ति ( दलील ) से भी प्रमाण है. हम देखते हैं कि जगत् में एक से एक आल्हादजें के अक्कमंद आदमी हैं, अर्थात् योगीश्वर, साधु, और सतीजन, राजेश्वर, मंत्रीश्वर, वकील, जौहरी

आदिक, कभी २ दूर तक बुद्धि दौमाते हैं, और कभी २ विद्या का पास करते हैं, प्रत्युत ( बल्कि ) कई धर्मात्मा पुरुष ईश्वर तक बुद्धि को पहुंचाते हैं, तो प्रतीत हुआ कि जीवात्मा चेतन, अर्थात् मनुष्य मात्र में कितना ज्ञान है· तो कोई वह भी चेतन चिद्रूप होगा, कि जिसको परे से परे संपूर्ण ज्ञान होगा, अर्थात् वही सर्वज्ञ ईश्वर है, ऐसे जाना जावे.

१० वां प्रश्न.

आरियाः—भला ! यह भी यथार्थ है· परन्तु यदि ईश्वर को सुख दुःख का दाता न माना जावे तो फिर ईश्वर का जाप अर्थात् नाम लेने से क्या लाभ है ?

उत्तर जैनीः—भला! यह कुछ बुद्धि की बात है कि जो सुख दुःख देवे उसी का नाम लेना, और किसी भद्र पुरुष (भले मानसका) नाम न लेना? अरे भोले! जो सुख दुःख देके

नाम लेवावे वह नाम ही क्या, और जो सुख दुःख के लोभ (लालच) से और भय (खौफ) से नाम लेवे वह जाप ही क्या? यथा किसी पुरुषने आम लोगों से कहा कि तुम मेरा नाम ले २ कर मेरी तारीफ करो, मैं तुम्हें लड्डू दूंगा, अथवा टका दे कर अपने नाम का ढंडोरा फिरवा दिया तो क्या वह उसकी तारीफ हुई वा जाप हुआ? अपि तु नहीं; यह तो खुशामदी मामला हुआ, लालच दे के चाहे कुछ ही कहवालो, और किसीने कहा कि तुम मेरी प्रशंसा (बडाई) करो, यदि न करोगे तो मार दूंगा, तब मृत्यु के भय (डर) से नाम लेने लगे, तो क्या वह जाप हुआ? बलवान् (जोरावर) आदमी किसी दुर्बल अर्थात् दुर्बल पुरुष को धमका कर उससे चाहे कुछ कहा ले. अरे भाई! जो सुख दुःख नहीं देता है, और जो निष्प्रयोजन वीतराग परमेश्वर है उसीको नाम लाभकारक (फायदे-

मन्द ) है, और जाप नाम भी उसीका है, जो कि विना ही लोभ वा भय के केवल अपने चित्त की वृत्ति को टिकाने के लिये और अन्तःकरण शुद्ध करने के लिये गुणी के गुणों को याद करे; यथा, किसी एक वणिक पुत्र अर्थात् बनिये के पुत्र ने देशान्तर कलिकत्ता आदिक में जा कर दुकान की और बहुत ही नेक नीयत से व्यवहारिक पुरुषों से मिल कर बड़ी मेहनत से सौदा लेना वा देना, वा ग्राहकों से मीठा बोलना, इस भान्ति से उसने बहुतसा द्रव्य उपार्जन किया अर्थात् कमाया, और अपने पिता का ऋण अर्थात् कर्जा चुकाया, और सत्य बोलना, बड़ों के सामने नीची दृष्टि (नजर) रखनी, और भाईयों का सत्कार (खातिरदारी) करनी, इस प्रकार से विचरता था. अब उसकी श्लाघा (तारीफ) उस देश के वा अन्य देशों के ( मुल्कों के ) वनिये लोग अपनी२ दुका-

नों पर बैठ कर अपने २ पुत्र और मित्रादि-कों से कहने लगे, कि देखो! देवदत्त बनिये का पुत्र सोमदत्त कैसा सुपूत है, कैसा कमाउ और नेक नीयत है, सो तुम भी ऐसे ही बनो. तब उस कहने वाले और सुननें वालों का चित्त दिल भी उस गुणी के गुणों की तर्फ आ-सक्त हो आकर्षित ( खैंच ) हुआ, और नेक हुआ, कि हमको भी ऐसे ही कमाउ हो कर सुखी होना चाहिये, और दुष्ट संगति ( खोटों की सोहबत ) और खोटे कर्त्तव्य को छोड़ देना चाहिये. इस प्रकार से उनको गु-णिजनों के गुण गाने, और सुनने से नेक नी-यत और नेक चलन बनने से सुख का लाभ भी होगा. परन्तु यह सोचो कि उस बनिये के पुत्रने उन्हें क्या सहारा दिया, अर्थात् क्या उस ने तार भेजा था, वा मोदक भेजे थे, वा दाम भेजे थे, वा भय प्रदान किया था, कि तुम मेरी तारीफ करो. अपि तु नहीं, उसे कुछ पर-

वाह नहीं, परन्तु गुणीजनों के गुण खुद ही गाये जाते हैं, और गा कर पूर्वोक्त लाभ उगते हैं. इसी तरह से परमात्मा में,सर्वज्ञ, सर्वानन्द, अखंण्डित, अविनाशी इत्यादि अनन्त गुण हैं; परन्तु ईश्वर सुख दुःख दे कर मनुष्यों से बड़ाई अर्थात् अपना नाम नहीं स्मरण करवाता है· सत्संगी पुरुष खुद व खुद ही परमेश्वर के परमगुण रूप ज्योति में अपनी सुरती रूप बत्ती लगा कर अपने हृदय में गुणों का ज्ञान प्रकाश करते हैं, और उसीका नाम ध्यान है. इसी प्रकार से ईश्वर का ध्यान और जाप अर्थात् गुणों के याद करने से चित्त में भले गुणों का निवास हो जाता है,और अपगुणों अर्थात् विकारों का नाश हो जाता है; यही पूर्ण धर्म है· और इत्यादिक धर्मसे दुर्गति दूर हो जाती है, और शुभ गति प्राप्त होती है, अर्थात् इच्छा रहित कर्म रहित हो कर मोक्ष का लाभ हो जाता है,

और तुमारा दयानन्द भी उक्त सत्यार्थ प्रकाश' के १८२ पृष्ठ पर हमारी भ्रान्ति इस विषय में प्रश्नोत्तर करके लिखता है.

प्रश्नः—स्तुति करने से ईश्वर उनके पाप छुडा देगा?

उत्तरः—नहीं.

प्रश्नः—तो फिर स्तुति क्यों करनी?

उत्तरः—स्तुति से ईश्वर में प्रीति उसके गुण, कर्म, स्वभाव से अपने गुण, कर्म, स्वभाव का सुधारना है.

११ वां प्रश्न.

आरिया—क्यों जी, पहिले जैन है वा आर्य?

जैनी:—आर्य्य नाम तो जैन ही का है, और जैन धर्म ही के करने वाले जिन २ देशों में थे, उन २ देशों का नाम, प्रज्ञापनजी सूत्र में आर्य्य देश लिखते हैं. और इसी का-

रण से आर्य्य भरतखण्ड ऋषभ देवजी भगवान् के वक्त से कहलाया; अनन्तर (बाद में) राजा भरत चक्रवर्त की अमलदारी छः खण्ड में होने से भारतखण्ड नाम से प्रसिद्ध ( मशहूर ) हुआ. और जैन शास्त्र जो सनातन हैं जिनकी लिखित भी अनुमान हजार वर्ष तक की मिलने का ठिकाना दीखे हैं, उनमें भी जहां जैनियों के परस्पर वार्त्तालाप का कथन आता है वहां आर्य नाम से बुलाया गया है; यथा श्रीमत् उत्तराध्ययनजी, सूत्र अध्ययन तेरहवां गाथा ३२ वीं में लिखा है:—

जइ तंसि भोगे चइउं असत्तो,
अजाइं कम्माइं करे हीएयं;
धम्मे ठिउ सव्व पयाणु कंपी,
तो हो हिसि देवोइ ओवि ओवी॥३२॥

जैनाचार्य्यजी उपदेश करते हुए ब्रह्मदत्त राजा प्रत्येः—

(जइ) यदि (तंसि) तेरी, (भोगे) भोगों के विषय में, (चइओ) त्याग बुद्धि की, (असत्तो) असमर्थता है अर्थात् संयम लेने की ताकत नहीं है, तो (अज्जाइं) आर्य्य (कम्माइं) कर्म (करे हीएयं) कर हे राजन्! वह आर्य्य कर्म क्या (धम्मे ठिओ) वीतराग भाषित धर्म के विषे स्थित हो कर, (सब पयाणुकंपी) सर्व पद अर्थात् सर्व जीवों के भेद त्रस्स और थावर इनका (अणुकंपी) दयावान् हो, (तो होहिसि) तू भी होगा, (देवो) देवगति का वासी, अर्थात् देवता, (वी ओवी) विक्रिय शरीरवाला; इति.

और भगवतीजी सूत्र शतक २ य, उद्देशा ५ठवां, तुङ्गापुर के श्रावक जैनाचार्य्य जी को पूछते हैं:—

गाथा.

संजमेणं भंते किं फले, तवेणं भंते किं फले, ततेणं तेथेरा भगवंता ते समणो वासय,

रण से आर्य्य भरतखण्ड ऋषभ देवजी भग-
वान् के वक्त से कहलाया; अनन्तर (बाद में)
राजा भरत चक्रवर्त की अमलदारी छः खण्ड
में होने से भारतखण्ड नाम से प्रसिद्ध ( म-
शहूर ) हुआ. और जैन शास्त्र जो सनातन
हैं जिनकी लिखित भी अनुमान हजार वर्ष
तक की मिलने का ठिकाना दीखे हैं, उनमें भी
जहां जैनियों के परस्पर वार्त्तालाप का कथन
आता है वहां आर्य नाम से बुलाया गया है;
यथा श्रीमत् उत्तराध्ययनजी, सूत्र अध्ययन
तेरहवां गाथा ३२ वीं में लिखा है:—

जइ तंसि भोगे चइउं असत्तो,
अज्जाइं कम्माइं करे हीएयं;
धम्मे ठिउ सव्व पयाणु कंपी,
तो हो हिसि देवोइ ओवि ओवी॥३२॥

जैनाचार्य्यजी उपदेश करते हुए ब्रह्म-
दत्त राजा प्रत्येः—

(जइ) यदि (तंसि) तेरी, (भोगे) भोगों के विषय में, (चइओ) त्याग बुद्धि की, (असत्तो) असमर्थता है अर्थात् संयम लेने की ताकत नहीं है, तो (अज्जाइं) आर्य्य (कम्माई) कर्म (करे हीएयं) कर हे राजन् ! वह आर्य्य कर्म क्या (धम्मे ठिओ) वीतराग भाषित धर्म के विषे स्थित हो कर, (सव्व पयाणुकंपी) सर्व पद अर्थात् सर्व जीवों के भेद त्रस्स और थावर इनका (अणुकंपी) दयावान् हो, (तो होहिसि) तू भी होगा, (देवो) देवगति का वासी, अर्थात् देवता, (वी ओव्वी) विक्रिय शरीरवाला; इति.

और भगवतीजी सूत्र शतक २ य, उद्देशा ५ठवां, तुङ्गापुर के श्रावक जैनाचार्य्य जी को पूछते हैं:—

गाथा.

संजमेणं भंते किं फले, तवेणं भंते किं फले, ततेणं तेथेरा भगवंता ते समणो वासय,

एवं वयासी संजमेणं अज्जोअण एहय फले त-वेणं वोदाण फले.

अर्थः--(सं०) संयम का हे पूज्यजी! क्या फल? तप का हे पूज्यजी ! क्या फल? ( ततेणं० ) तव ते थेवर भगवंत (समणो वासय० ) श्रा-वक प्रत्ये ( एवं० ) यों बोले, (संजमेणं० ) संयम का ( अज्जो ) हे आर्य्य! ( अणएह० ) अनाश्रव अर्थात् आगामि समय को पुण्य पाप रूप कर्म का अन्तःकरण में से चयकान होना यह फल है, ( तवेणं ) तप का, (वोदाण फले ) पूर्व किये हुए कर्म जो अन्तःकरण में सञ्चय थे, उनका क्षय होना, यह फल है.

ऐसे ही प्रत्येक स्थान ( हर जगह) सू-त्रों में जैनी लोग जैनियों को आर्य नाम से पु-कारते आये हैं. इनके सिवाय आर्य मत कौनसा है ? हां,आर्य्यावर्त्त के रहने वाले हि-न्दु लोगों को भी देशीय भाषा में आर्य्य क-हते हैं. हां, अब एक और ही नवीन मत ३५

वा ४०वर्ष के लगभग समय से 'आरिया' नाम से प्रचलित हुआ है, जिस के कर्त्ता दयानन्द जी हुए हैं, जिनका प्रसंग कुछ आगे लिखा जायगा.

और जैनी आर्य्यों के ही यह नियम हैं:-
(१) जीव हिंसा का न करना, (२) असत्य न बोलना और मिथ्या साक्षी (झूठी गवाही) न देना, (३) चोरी न करना और निक्षेप अर्थात् धरोहर का न मारना और राजा की जगात न मारना, (४) परनारी वा परधन से दिल को मोड़ना, (५) विशेष तृष्णा का न बढाना और खोटा व्यापार-शस्त्र तथा विष आदि का न बेचना, (६) लोभ में आ कर नीच कसाई आदिओं को ब्याज पर रुपैया न देना, (७) द्यूत (जूआ) न खेलना, (८) मांस का न खाना, (९) मदिरा पान का न करना, (१०) रात्रि समय भोजन का न करना, (११) कन्दमूल का न खाना, (१२) अन छाना जल न पीना,

(१३) प्रातःकाल में परमात्मा आदि गुणियों के गुण स्मरण रूप जप का करना, (१४) शास्त्रीय विद्या अर्थात् धर्म शास्त्र का पढना, (१५) सुपात्र को दान देना, (१६) सबके साथ शिष्ठाचार (मित्र भाव) रखना.

जैन आम्नायके साधुओंके नियम:—१हिंसा,२मिथ्या,३चोरी,४मैथुन,५परिग्रह इनपांचो आश्रवों का त्याग करना, और १दया,२सत्य, ३दत्त, ४ब्रह्मचर्य्य, ५निर्ममता, यह पांच 'यम' अर्थात् इन पांच महाव्रतों के धारक, जिन की पहिचान (शनाखत) श्वेतवस्त्र, और मुखवस्त्रिकाका मुख पर बांधना, रजोहरण अर्थात् एक ऊनका गुच्छा जीव रक्षा के निमित्त संग रखना, १ कौडी पैसे का न रखना, २ सर्वदा यति पनमें रहना, ३ फल फूल आदि सुचित्त वस्तु का आहार अर्थात् भोजन न करना ४ भिक्षा मात्र जीविका, अर्थात् आर्य्य लोगों के घर द्वार जा कर मांग कर निर्दोषी भिक्षा

ले कर अपनी उदरपूर्त्ति करनी, ५ मनको वश करने के लिये ज्ञान वृद्धि अर्थात् धर्म शास्त्र का अभ्यास करते रहना, ६ परोपकार के लिये धर्मोपदेश को भी यथा वुद्धि करते रहेना, ७ इन्द्रियों को वश करने के अर्थात् विषयों की निवृत्ति के लिये यथा शक्ति तप, और व्रत आदिकों का करना, ८ अन्तकाल में अनुमान से, मृत्यु आसन्न (नजदीक) जान कर 'संग लेखन' अर्थात् इच्छा निरोध के लिये देह की प्रीति को त्यागता हुआ संगतुष्ठि हो कर खान पान आदिक सर्व आरंभ का त्याग करना. और इन जैनी साधुओं के शुभ आचार (चलनों) से, और सत्य उपदेश से पादशाहों और राजों को भी वहुत लाभ पहुंचता है, यथा राजा लोग अपने पास से द्रव्य दे कर चौंकी पहरा लगा २ कर चोरी, चुगली, खून आदिक दुष्ट कर्मों से बचा २ कर प्रजा की रक्षा कर २ के अपने राज्य को

निर्ग्रंथ पालते हैं; और यह जो पूर्वोक्त साधु विना दाम, विना दवाव पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर, जहां२ उन्हों के तप संयम साधन वृत्ति का निर्वाह हो सकता है तहां२ देशान्तरों में नग्नपाद,(विना सवारी) पुरुषार्थ कर के विचरते हुए धर्मोपदेश करते रहते हैं. जो हजूरी हुक्म पूर्वोक्त धर्मावतार जैनाचार्य्यों ने फर्माया है, सो क्या, कि हे वुद्धिमान् पुरुषो! १ त्रस, आदि जीवों की हिंसा मत करो, २ गरीवों को मत सताओ, ३ पशुओं पर अधिक भार मत लादो,४ मिथ्या साक्षी [ गवाही ] मत दीजो ५ झगड़ा दावा मत करो, ६ तस्करता मत करो, ७ राजाकी जगात [ महसूल ] मत मारो, ८ परनारी वा परधन को मत हरो, इत्यादि. और इन साधुओं के उपदेश द्वारा ही जैनी लोग जूं, लीख तक की भी हिंसा नहीं करते हैं, और पूर्वोक्त नियमों का पालन भी सत्संगी बहुलता से करते हैं, और इसमें यह

भी प्रत्यक्ष प्रमाण है, कि जिस प्रकार से अन्य मतावलम्बी जनों के अर्थात् कुसंगी पुरुषों के मुकद्दमें सर्कार में खून, चोरी, परनारी हरण आदि के आते हैं, ऐसे जैनी लोगों में से अर्थात् जो साधुओं के उपासक हैं, कदापि न आते होंगे, कोई तकदीरी अमर की बात कही नहीं जाती.

पृच्छक—अजी! हमने सुना है कि जैन शास्त्रो में मांसभक्षण भी कहा है

उत्तरः—कदापि नहीं. यदि कहा होता तो अन्य मतानुयायी लोगों की भान्ति जैनी पुरुष भी खूब खाते, यह अपना पूर्वोक्त मन तन क्यों मोसते ?

प्रश्नः—१ भगवती जी सूत्र शतक पन्द्रहवें में सींहां अनगार ने रेवती श्राविका के घरसें महावीरजी को मांस ला कर दिया है, और २ आचाराङ्गजी के दशवें अध्ययन में मत्स्य-मांस साधु को दिया लिखा है; और

३ ज्ञाताजी अध्ययन पांचवें में शेलक साधु को पन्थिक साधु ने मधु मांस ला कर दिया है; और ४ उत्तराध्ययनजी अध्ययन बाईसवें में नेमजी की वरात के लिये उग्रसेन राजाने पशुओं को रोका है.

उत्तर:—भगवतीजी में सींहां अनगार ने महावीरजी को पाक नामक औषध ला कर दिया है, जो पेचिश की बीमारी के काम आता है, और जो लोग मांस कहते हैं, वह जैन सूत्रों के अनभिज्ञ [ अजान ] जैन मत से भृष्ठ हैं. क्यों कि जैनसूत्र भगवतीजी में स्थानांगजी चतुर्थ स्थान में, उवाईजी में मांसाहारी की नर्क गति कही है.

गाथा.

एवं खलु च ओहिं ठाणे हिं जीवा, णे रइयत्ता ए, कम्मं, पकरेताणे रइए सुओव व-वंति तंजहा महारंभयाए, महा परिग्गहाए पंचिंदिय वहेणं कुणि माहारेणं.

महारंभयाए:—महा खोटा वणिज, हाड़ चाम आदि पन्द्रह कर्मादान (महा परिग्गहाए) महातृष्णा अर्थात् कसाई आदिकों को विआजू द्रव्य देना, (पचिंदिय वहेणं) पञ्चेन्द्रिय जीव का वध करना, (कुणमाहारेणं) मांसाहारी मधु मांस के खानेवाला, इन पूर्वोक्त चार कर्मों के करनेवाला नर्क में जाता है, और दशमांग प्रश्न व्याकरण षष्ठ अध्ययन प्रथम संवर द्वारे जैन साधु के अधिकार में सूत्र लिखा है, "अमज्जो मंसासणेहिं" अर्थात् साधु मद्य, मांस, रहित आहार करे, ऐसे कहा है. तां ते जो आचारांगजी के दशवें अध्ययन में कहा है, "बहु अठिएणं मंस मच्छेण उ, उवणि मंतेजा" सो सब यह फलों के नाम हैं. वहां मांस नाम से फलका दल, और अस्थि नाम से फल की गुठली; क्यों कि सूत्र जीवाभिगमजी में वा सूत्र प्रज्ञापनजी में प्रथम पद वनस्पति के अधिकार में

वहुत प्रकार के फलों के नाम हैं, यथा " एगठिया वहु वीयाए " अर्थात् एक अस्थि (एक हड्डी) वाले फल, अर्थात् एक गुठली वाले फल, ऐसे ही वहु वीयाये, वहोत बीज वाले फल, जिस में वहुत गुठली होवें, वहां आंवला भी कहा है, (१) पुत्र, जीव, वांधव, जीवग, ऐरावन, विल्ली, वराली, मांसवल्ली, मजार, असव कर्णी, सिंहकर्णी आदिक, और वेदांगी के पुस्तक अभिनव निघण्टु आदिक में वहुत प्रकार के जानवरों के नाम से वनस्पति फल ओषधियों के नाम दर्ज हैं, क्यों कि प्राकृत विद्या अर्ध मागधी भाषा में है, (१) संस्कृता (२) प्राकृता (३) अपभ्रंशा, (४) पैशाचिका (५) शूरसेनी (६) मागधी, यह ६ भाषाओं के नाम हैं, सो इस में अनेक देशों की गर्भित भाषा है, और देशीय भाषा कई देखने में भी आती हैं, कि कई फलों के वा शाक आदि के नाम पंखी आदिकों के

नाम से बुलाये जाते हैं, जैसे चकोतरा फल, और चकोतरा नाम का एक पंखी भी होता है. और एक गलर नाम का फल और गलर नामसे पंखी भी होता है, जिसको गुरसल भी कहते हैं, और पंजाब देश में शारक भी बोलते हैं. और मैना का साग भी होता है और मेना नाम का एक पंखी भी होता है. और सोया का साग भी होता है, और सोया नाम का पंखी भी होता है, जिस को तोत्ता भी कहते हैं. और मारवाड़ देश में चील का साग होता है, और चील नाम का पंखी भी होता है, जिसको पंजाब में इलभी कहते हैं. और म्यानदाब में मक्की के सिट्ट को कुकड़ी भी कहते हैं, और पंजाब देश में कुकड़ी मुरगी को कहते हैं. और गाओजबान वनस्पति औषधी, और गाओजबान, अर्थात् गौ की जिव्हा. ऐसे २ भाषाओं के बहुत नाम से भेद हैं. जैसे कई गांवों के लोग गाजर में जो

काष्ठ सा होता है उसे गाजर की हड्डी कहते हैं; इति. और ज्ञाताजी में जो शेलकजी ने मद्य मांस सहित आहार लिया कहा हो सो वह शेलकजी रोग कर के संयुक्त थे, तां ते मधु नाम यहां मदिरा का नहीं समझना, मधु नाम फलों का मधु अर्थात् अर्क और मांस नाम सें पूर्वोक्त फलोंका दल अर्थात् कोलापाक बजौरह पाक, मसलन मुरब्बा. और नेमजी की वरात के लिये पशु घेरे कहते हो, सो वह यादव वंशीय राजा क्षत्रिय वर्णमें थे उनमें कई एक जैन मतावलम्बी भी थे, और कई भिन्न २ मतानुयायी थे, कई प्रवृत्ति मार्ग में चलने वाले और कई निवृत्ति मार्ग में थे, उन-का कहना ही क्या? परन्तु श्री जैन सूत्रों में श्री जैनेन्द्र देव की आज्ञा मांस भ-क्षण में कदापि नहीं हो सकती है, क्यों कि जिन वाणी अर्थात् जिन आज्ञा का नाम प्र-श्नव्याकरण सूत्र के प्रथम संवर द्वार में

अहिंसा भगवती श्री जीवदया ऐसा लिखा है. हां! कहीं किसी टीकाकारने गपौभा लगा दिया हो तो हमें खबर नहीं. हम लोग तो सूत्र से और सम्बन्ध से मिलता हुआ टीका टब्बा मानते हैं. जो मूल सुत्र के अभिप्राय को धक्का देनेवाला गमोगम अर्थ हो, उसे नहीं मानते हैं. यथा पद्मपुराण में शलाका ग्रंथानुसार प्रसंग आता है कि वसुराजा के समय में वेद पाठियों की शास्त्रार्थ में चर्चा हुई है. एक तो कहता था कि वेद में यज्ञाधिकार के विषय में अज होम करना लिखा है, सो अज नाम बकरे का है, सो बकरे का हवन होना चाहिये. दूसरा बोला, कि अज नाम पुराणे जौं का है, सो जौं का हवन होना चाहिये, अब कहो श्रोता जनों! कौनसा कथन प्रमाण किया जावें? वेद पर निश्चय करें तब तो उस शब्द के दोनों ही अर्थ सत्य हैं. बस, अब क्या तो सम्बंध अर्थ पर और क्या

अपनी माति पर निश्चय होगा; क्यों कि वहां दया, क्षमा, आदि क्रिया अर्थात् आर्य्य धर्म का सम्बंध चल रहा होगा तो बकरे का क्या काम? क्यों कि "अहिंसापरमोधर्म्मः" इस प्रकार के मंत्रों को धक्का लगेगा. वहां तो अज मेध शब्द का अर्थ पुराणे जौं का ही होना चाहिये. यदि वहां हिंसा आदि क्रिया अर्थात् अनार्य्य (बूचमखाने) का सम्बन्ध चल रहा होगा तो अज शब्द का अर्थ बकरे का ही सम्भव होगा, अथवा पाठक की मति हिंसा में तथा विषयानन्द में प्रबल होगी तो अज शब्द का अर्थ बकरा है, ऐसे ही प्रमाण करेगा, और यदि पाठक की मति दया में तथा आत्मानंद में प्रबल होगी तो अज नाम जौं का ही प्रमाण करेगा, क्यों कि 'मतेतिमत' हे बुद्धिमानों! सुसंग के और सत्य शास्त्र के आधार से मतिको निर्मल करना चाहिये. ऐसे ही गोमेध सो गो नाम

गौ का भी है और गौ नाम इन्द्रियों का भी है. अब किसका होम होना चाहिये ? परन्तु पूर्वोक्त दयावान् को तो गो शब्द का अर्थ इन्द्रियों का ही प्रमाण होगा; यथा 'इन्द्रियाणि पशुं कृत्वा वेदींकृत्वा तपोमयीम्' इति वचनात्. इस प्रकार से शास्त्रों में बहुत से शब्द ऐसे होते हैं कि जिन के अनेक २ अर्थ प्रतीत होते हैं. परन्तु सम्बंध से और धर्म से मिलता अर्थ प्रमाणिक होता है. हां ! जिस शब्द का एक ही अर्थ हो, दूसरा हो ही नहीं, तो वहां वैसा ही विचार लेना चाहिये.

॥ बारवां प्रश्न ॥

पृच्छकः—अजी ! हमारी बुद्धि तो चकित (हैरान) है, कि मत तो बहुत हैं, परन्तु एक दूसरे में भेद पाया जाता है. तो फिर किसको सत्य समझा जावे ?

उत्तरः—जिसमें मुख्य धर्म पांच नियम हों:— (१) दया, (२) सत्य, (३) दत्य, (४)

अपनी माति पर निश्चय होगा; क्यों कि वहां दया, क्षमा, आदि क्रिया अर्थात् आर्य्य धर्म का सम्बंध चल रहा होगा तो बकरे का क्या काम? क्यों कि "अहिंसापरमोधर्म्मः" इस प्रकार के मंत्रों को धक्का लगेगा. वहां तो अज मेध शब्द का अर्थ पुराणे जौं का ही होना चाहिये. यदि वहां हिंसा आदि क्रिया अर्थात् अनार्य्य (बूचरखाने) का सम्बन्ध चल रहा होगा तो अज शब्द का अर्थ बकरे का ही सम्भव होगा, अथवा पाठक की मति हिंसा में तथा विषयानन्द में प्रबल होगी तो अज शब्द का अर्थ बकरा है, ऐसे ही प्रमाण करेगा, और यदि पाठक की मति दया में तथा आत्मानंद में प्रबल होगी तो अज नाम जौं का ही प्रमाण करेगा, क्यों कि 'मतेतिमत' हे बुद्धिमानों! सुसंग के और सत्य शास्त्र के आधार से मतिको निर्मल करना चाहिये. ऐसे ही गोमेध सो गो नाम

गौ का भी है और गौ नाम इन्द्रियों का भी है. अब किसका होम होना चाहिये ? परन्तु पूर्वोक्त दयावान् को तो गो शब्द का अर्थ इन्द्रियों का ही प्रमाण होगा; यथा 'इन्द्रियाणि पशुं कृत्वा वेदींकृत्वा तपोमयीम्' इति वचनात्. इस प्रकार से शास्त्रों में बहुत से शब्द ऐसे होते हैं कि जिन के अनेक २ अर्थ प्रतीत होते हैं. परन्तु सम्बंध से और धर्म से मिलता अर्थ प्रमाणिक होता है. हां ! जिस शब्द का एक ही अर्थ हो, दूसरा हो ही नहीं, तो वहां वैसा ही विचार लेना चाहिये.

॥ बारवां प्रश्न ॥

पृच्छकः—अजी ! हमारी बुद्धि तो चकित (हैरान) है, कि मत तो बहुत हैं, परन्तु एक दूसरे में भेद पाया जाता है. तो फिर किसको सत्य समझा जावे ?

उत्तरः—जिसमें मुख्य धर्म पांच नियम हों:— (१) दया, (२) सत्य, (३) दत्य, (४)

ब्रह्मचर्य्य, (५) निर्ममता.

प्रश्नः—यह तो सब ही मतों में मानते हैं, फिर भेद क्यों ?

उत्तरः—अरे भाई! भेदों का सार यह है कि अच्छी बात के तो सब अच्छी ही कहेंगे, बुरी कोई भी नहीं कह शकता.

दोहा.

नीकी को नीकी कहे, फीकी कहे न को;<br>
नीकी को फीकी कहे, सोइ मूर्ख हो.

परन्तु अच्छी करनी कठिन है. जैसे कि म्लेच्छ लोग भी कहते हैं कि हमारे कुरान शरीफ में अव्वल ही ऐसा लिखा है:- "बिसम अल्ला उल रहमान उल रहीम." अर्थः—शूरू अल्ला के नाम से जो निहायत रहमदील मेहरबान है, हमाइल शरीफ मतर-जम देहली में छपी सन् १३१६ हिजरी में. परन्तु जब पशुओं की तम्फलों की गर्दन अलग कर देते हैं तब रहमान और रहीम

कहां जाता है ? खैर; यह तो वेचारे अनार्य्य हैं; परन्तु जो आर्य्य लोग हैं उनमें से भी सव के सव अपने नियमों पर नहीं चलते. वस, जो कहते हैं और करते नहीं उनका मत असत्य है. यथा 'राजनीति' मेंकहा है कीः—

परोपदेशे कुशला दृश्यन्ते बहवो नराः ।
स्वभावमनुवर्त्तन्ते सहस्रेष्वपि दुर्लभः ॥

अर्थः—बहुत से पुरुष दूसरों को उपदेश करने में तो चतुर होते हैं और स्वयं कुछ नहीं कर सकते, और जो अपने कथन के अनुसार व्यवहार करने वाला हो वह तो हजारो में भी दुर्लभ है.

और जो कहते भी हैं और करते भी हैं उनका मत सत्य है. यथा ' राजनीति ' में कहा है किः—

पठकः पाठकश्चैव ये चान्ये शास्त्रचिंतकाः ।
सर्वे व्यसनिनो मूर्खाः यःक्रियावान्सपण्डितः ॥

अर्थः—पढनेवाला और पढाने वाला और

जो कोई और भी शास्त्र का अभ्यास करने वाले हैं वे सब केवल व्यसनी और मूर्ख हैं; परन्तु जो सत्क्रिया वाला पुरुष हो वही पण्डित कहलाता है.

प्रश्नः—जो कहते भी हैं और करते भी हैं वह मत कौनसा है?

उत्तरः—इस विषय में मुझको कुछ मु- [illegible] है, जो [illegible] ही [illegible] और उद्यम कर के अन्वेषण कर (ढूंढ) लो, कि किसर मतों के साधुओं के और उनके सेवकों के क्यार नियम हैं, और वह उन नियमो पर चलते हैं वा नहीं और उनकी प्रतीत और चलन कैसे हैं. "हाथकङ्गन को आरसी क्या?" अब देखिये, कि सिवाय जैनियों और कुछ एक दक्षिणी वैष्णवों के, और सब प्रायः मद्य मांस को चाट करते हैं, अर्थात्

जैनी कहाते हुए लाखों में से शायद एक दो मांसभक्षी हो परन्तु जैन से बाहिर और मत अनुयायी लाखों में से शायद दस नहीं खाते होंगे. क्यों कि हम देखते हैं कि आज कल के समय में कागज और स्याही के यंत्रालय (छापेखाने) के प्रभाव से बहुत खर्च हो रहा है. अर्थात् हरएक मत के धर्मशास्त्र छपछ कर प्रकट हो रहे हैं. तिस पर भी कसाईयों और कलालों की दुकानो की तरक्की ही देखी जाती है. हाय! अफसोस! बस, इसका यही कारण है कि कहते हैं परन्तु करते नहीं अर्थात् 'अहिंसा परमो धर्मः' इत्यादिक वाक्य केवल मुख से पुकारते हो रहते हैं, परन्तु अहिंसा अर्थात् दया पालने की युक्तियें नहीं जानते. जाने कहां से? बिना जीव अजीव के भेद जानने वाले दया धर्मी कनककामिनी के त्यागी साधु—सती के कौन बतावे? यह तो वह कहावत है:—

"रजाव बेमा सारका, ऊपर भरचो सार; गृहस्थी के गृहस्थी गुरु कैसे उतरें पार ?"

प्रश्नः—भवाजी, तुमारी बुद्धि के अनुसार यह आर्य्यसमाज नाम से जो नया मत निकला है सो कैसा है ? क्यों कि इनके भी तुम्हारी भान्ति दया धर्म मानते हैं, और मधुमांस का सेवन करना भी निषेध करते हैं. और थोमे ही काल में कई लाखों पुरुष 'आरिया' कहाने लग पमे हैं.

उत्तरः—कैसा क्या ? यह दयानन्दजी ने ब्राह्मणों से विमुख हो कर 'सत्यार्थ प्रकाश' नाम से पुस्तक, जिसमें पुराणादि ग्रंथो के दोष प्रकट किये, और अन्य मतों की निन्दा आदि इकट्ठी कर२ के बनाया, जिसको प्रत्येक स्थान स्कूलों में पढाने की अक्कमन्दी की, क्यों कि कच्चे बरतन में जैसी वस्तु भरो उसकी गन्धि (बू) हो जाती है अर्थात् बचपन से जैसे पढाया जाता है, वैसे ही संस्कार

(ख्याल) चित्त में दृढ हो जाता है. यही विशेष कर मत फैलने का कारण है. परन्तु यह दोष तुमारे लोगों का ही है. क्यों कि अपने बच्चों को न तो प्रथम अपनी मातृभाषा अर्थात् संस्कृत विद्या वा हिन्दी पढाते हो, और नाही कुछ धर्म शास्त्र का अभ्यास करवाते हो. प्रथम ही स्कूलो में अंग्रेजी फारसी आदि पढने बैठा देते हो. देखो स्कूलों के पढे हुए ही प्रायः कर, आर्य्य समाजी देखे जाते हैं. सो इन वेचारों के न तो देव, और न गुरु, न धर्म, और ना ही कोई शास्त्र का कुच्छ नियम है. क्यों कि इनके ईश्वर को भी विपरीत (वेढंग) ही मानते हैं, अर्थात् ईश्वर को कर्त्ता मानने से पूर्वोक्त लिखे प्रमाण से चार दोष प्राप्त कराते हैं. और न इनके कोई गुरु अर्थात् साधुवृत्ति का कोई नियम है. जो चाहे सो उपदेशक बन बैठता है. और गली२ में पुस्तक हाथ लिये मनमाने गपौडे हांकता है

कि स्त्रियों का पुनर्विवाह हो जाना चाहिये, अर्थात् विधवा स्त्री को फिर विवाह दो, क्यों कि पुराणों में तो, हमने भी लिख देखा है कि पिछले समय में ब्राह्मणों के कथन से विधवा स्त्री का देवरादिकों के साथ करेवा हो जाता था, परन्तु पुनर्विवाह नहीं होता था, और अब वर्त्तमान काल में भी कईएक जातियों में ऐसे ही देखने में आता है; इत्यादि. और न कुछ हिंसा मिथ्यादि त्याग रूप और जप तप वैराग्य आदि धर्म है. क्यों कि यह जो कहते हैं कि हमारे वेदों में लिखा है, " अहिंसापरमोधर्मः माहिंस्याः सर्व भूतानि " अर्थात् कीटिका से कुञ्जर (हस्ती) पर्य्यन्त किसी जीव को मत सताओ. परन्तु पूर्वोक्त लेख साधु संगति के अभाव से दया की युक्तियें नहीं जानते हैं. क्यों कि हम बहुधताले ग्राम और नगरों में देखते हैं. क्या ब्राह्मण, क्या क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, क्या समाजी, क्या अन्य मता;

वलम्बी खाट को झाड़ कर खटमलों (माङ्कु-
नुओं) को पैरों से मल देते हैं. उधर तीर्थ-
स्नान करें, उधर बैठ कर जू लीख मारें, उधर
गौ बैल आदि पशुओं की छिचड़ी तोड़ कर
गोबर में दबा दें. या अंगारों से जलावें, उधर
लिक अर्थात् थमोली वा तैनडां (डेसुओंके)
छत्ते में आग लगावें, उधर पुराणीनाक में वा-
[illegible] आग लगावें, उधर स[illegible], बिच्छू को
[illegible], देश [illegible] बधिया करावें, गौवाल
[illegible], अर्थात् बछड़ों को कसाई के पास
बेचें, इतना ही नहीं बल्कि यज्ञादिकों में प-
शुओं का वध-(करना)-भी मानते हैं. इनके
यजुर्वेद-मनुस्मृति आदिक ग्रंथों में लिखा हुआ
भी है. और समाजियों में से मांस भी खाते
हैं. इनके अब मत भी दो हो गये हैं. एक
मांस पार्टी [illegible] कहते हैं, और
[illegible] हैं.
[illegible]

तथा 'अहिंसापरमोधर्मः' अहिंसालक्षणम् धर्मः" इस अमृतवाक्य ने जैन मत की मदद से ही जय की पताका ऊंची उठाई है.

प्रश्नः—अजी ! तुम जैनी लोग पशु आदि छोटे२ जीव जन्तुओं की दया तो बहुत कहते हो, वा करते हो, परन्तु मनुष्य की दया कम कहते वा करते हो.

जैनीः—वाह जी वाह ! खूब कही; अरे भोले ! मनुष्य मात्र तो हमारे भाई हैं. उनकी दया क्या, उनसे तो भाईयों वाली भाजी है, जो कहेंगे जी, कहायेंगे जी, और जो कहेंगे मर कहायेंगे मर. यदि किसीको नवल (गरीब) जान कर सतावेंगे वह जुल्म अर्थात् अन्याय में शामिल है, सो वर्जित है. इनसे तो मित्रता रखनी, मीठा बोलना, यथाः—

गुणवन्त नर को वन्दना, अवगुण देख मदहस्त;
देख करुणा करे मैत्री भाव समस्त.

अवशाक में लिखा है,

गाथा.

खामेमी सव्वे जीवा सव्वे जीवा खमंतु मे मित्ति मे सव्वे भूएसु वैरं मज्झं न केणयी॥

परन्तु दया तो पूर्वोक्त अनाथ जीवों की ही होती है, जो सर्व प्रकार से लाचार हैं, जिनका कोई सहायक नहीं, और घर भी नहीं, इन्द्रियहीन, बलहीन, वृद्ध अवस्था विकलेन्द्रिय, इत्यादि. क्यों कि पशु आदि बड़े जीवों की हिंसा से, तो जैनी आर्य आदिक कुलों में पूर्व पुण्योदय से प्रथम तो रुकावट है, उनको तो पूर्वोक्त छोटे२ जन्तुओं की रक्षा का ही उपदेश कर्त्तव्य है, जिससे बोझे पाप के अधिकारी भी न बनें तो अच्छा है, परन्तु यह समाजी लोग ( दयानन्दी ) किसी शास्त्र पर भी विचार नहीं करते हैं; प्रत्येक मत की, वा प्रत्येक शास्त्र की निन्दा, कुवात आदि करने में सर्वदा तत्पर रहते हैं, यथा सम्वत् १९५४ के छपे हुए सत्यार्थ प्रकाश के बारहवें

समुल्लास और ४८० पृष्ठ पर जैनी साधुओं के लक्षण लिखे हैं:—
स रजोहरण भैक्ष्य, भुजोलुञ्चितमूर्द्धजाः श्वेताम्बराः क्षमाशीलाः, निस्संगा जैन साधवः ॥
और ४८१ पृष्ठ की ग्यारहवीं पंक्ति में लिखा है, कि यति आदिक भी जब पुस्तक बांचते है तब मुख पर पट्टी बांध लेते हैं, और फिर उसीकी पन्द्रहवीं पंक्ति में लिखा है कि यह उल्लिखित बात विद्या और प्रमाण से अयुक्त है, क्यों कि जीव तो अजर अमर है, फिर वह मुख की बाफ से कभी नहीं मर सकते, इति.
जैनीः—वाह जी वाह! वस इसी कर्त्तव्य पर आर्य्य अर्थात् दयाधर्मी बन बैठे हो? भला यदि बाफ से नहीं मर सकते, तो क्या तलवार से मर सकते हैं? अपितु नहीं. तो फिर खड्गादि द्वारा मारने में भी दोष नहीं होना चाहिये. परन्तु "अहिंसा परमो धर्मः" और

कसाईयों को पापी कहना यह क्या ? क्यों कि जीव तो अजर अमर है, तो कसाईयों को पाप क्यों ? और दयावानों को धर्म क्यों ? और दयानन्दजी को रसोईये ने विष दे कर मार दिया तो उसे भी पाप नहीं लगा होगा ? क्यों कि दयानन्दजी का जीव भी तो अजर अमर ही होगा. ऐसे ही लेख राम को मुसलमान ने छुरी से मार दिया तो उसको भी दोष न हुआ होगा ? अपितु हुआ, क्यों नहीं ? यह केवल तुमारी बुद्धि की ही बिकलता है.

शिष्यः—मुझे भी सन्देह हुआ कि अगर जीव अमर है तो फिर जीव घात (हिंसा) को पाप क्यों कहते हो ?

गुरुः—इस परमार्थ को कोई ज्ञानी दयाशील ही समझते हैं, नतु ऐसे पूर्वोक्त बुद्धिवाले, दया२ कहके फिर हिंसा ही में तत्पर रहते हैं. जैसे गीता में लिखा है, कि अर्जुनजी ने कौरव दल में सजनों की दया दिल

में ला कर अपने शास्त्र छोड़ दिये, तब श्री कृष्णजी ने कहा, कि वीर पुरुषों का रणभूमि में आ कर शास्त्र का त्याग करना धर्म नहीं हैं. अर्जुनजी बोले कि, भगवन्! मैं कायर नहीं हूं. मुझे तो अपने इन स्वजनों की तर्फ देख कर दया आती है, और इनका बध करना मेरे लिये महान् दोषकार है. तब श्री कृष्णजी कहते भये कि हे अर्जुन! इनके मारने में तुझे कोई दोष नहीं हैं. क्यों कि यह आत्मा तो अमर है यथा:—

श्लोक.

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥२३॥

इसी वर्णन में गीता समाप्त कर दी. जिसका सारांश यह निकला कि अर्जुन का चित्त जीवहिंसा की घृणा से रहित हुआ, और खूब तीक्ष्ण तेग चलाई और कौरव कुल को क्षय कर दिया. तुम अच्छी तरह से गी-

ताजी को आद्योपान्त बांच कर देख लो, परमार्थ नास्तिकों वाला ही निकलेगा, कि आत्मा आकाशवत् है. परन्तु पूर्वोक्त यथार्थ ज्ञान तो यह है कि यदि जीव अमर है तो भी प्राणों ही के आधार से रहता है, यथा जैन शास्त्रों में जीवहिंसा का नाम 'प्राणातिपात' कहा है: प्राणानां अतिपातः अर्थात् प्राणों का लूट लेना, इसीका नाम जीवहिंसा कहा है. अर्थात् प्राणों से न्यारा होने का नाम ही मरना है, यथा दृष्टान्तः—

पुरुष घर के आधार रहता है. जब घर की भीत टूट जाय तो घर वाले की बाहू तो नहीं टूट गई, परन्तु घरवाले को कष्ट तो मानना ही पड़ेगा, कि मेरे घर की भीत गिर गई, मेरे काम में हर्ज है, इसको चिनो, तथा घर गिर पड़ा, वा किसीने ढा दिया, वा फूंक दिया, तो घरके ढैने से वा फूंक दो जाने से क्या घर वाला मर जाता है ? अपितु नहीं,

घर से निकल जागता है; परन्तु घरके ढैनेका वा दग्ध होने का दुःख तो बहुत ही मानता है. इसी प्रकार से जीव के अमर होने पर जी इसकी देह से अलग करने में बमा पाप होता है. चाहे बाफ से हो चाहे तलवार से हो. तांते जीवरक्षा करना सदैव सब को योग्य है. और पञ्चम बार सं. १९५४ के छपे हुए 'सत्यार्थ प्रकाश' के ४७२ पृष्ठ की १४ वीं पंक्ति में लिखा है कि पट्टी बांधने से दुर्गन्धि जी अधिक बढती है, क्यों कि शरीर के जीतर दुर्गन्धि जरी है, शरीर से वायु दुर्गन्धियुक्त प्रत्यक्ष है, रोका जावे तो दुर्गन्धि जी अधिक बढ जावे, जैसा कि बन्ध जाजरूर अधिक दुर्गन्धयुक्त और खुला हुआ न्युन दुर्गन्धियुक्त होता है. अब देखिये, जैनियों की निन्दा के लिये अपने मुख जी मूढों ने जाजरूर (विष्ठा के स्थान ) बनाये! यथा पट्टी बांधनेवालों के मुख बंध जाजरूर, और खुले मुखवालों के

खुले जाजरूर! अपितु सत्य ही है, कि निन्दक जनों के हृदय और मुख जाजरूर सदृश ही होते हैं, नतु यों लिखना चाहिये था कि सार पदार्थयुक्त भाजन का मुख बांधा जाता है, खाली का खुला रहता है. अर्थात् केसर कस्तूरी के डिब्बे वा घृत खांड आदि के भाजन के मुख बन्द किये जाते हैं. और असार आदिक के भाजन खुले ही पडे रहते हैं. इन समाजियों में एक और भी विशेषता है कि प्रत्येक गुणी (विद्वान्) से विवाद करना, विनय नहीं, भक्ति नहीं, अर्थात् जो बात आपको तो न आती हो और उसी पर झट प्रश्न कर देना, वह यदि पूछे कि तुम भी जानते हो, तो कहना कि हम तो पूछने को आये हैं, फिर वह ज्ञान की और गुण की बात कहे तो उस गुण रूपी दूध को अपने कांजी के वर्तन में डाल कर खट्टा कर के फाड देना, अर्थात् और ही तरह समझ लेना,

अर्थात् अपनी कुतर्कें मिला कर विषमपने ग्रहण कर लेना, और जो कोई अवगुण रूप प्रतीत पड़े तो उस छिद्र को पकड़ कर कुछ अपने घर से युक्तियें हुज्जत पन को मिला कर उन्हीं के शत्रु रूप हो कर निन्दा छपवा देनी. क्यों कि इन लोगों की बनाई हुई पुस्तकें भी हर एक मत की निन्दा आदि से भरी हुई हैं! न कुच्छ त्याग, वैराग्यादि आत्मा के उद्धार करने की विधि से, जैसे 'सत्यार्थप्रकाश' महाभारत लेखराम कृत् आदिक. और न यह वेदों को ही मानते हैं, क्यों कि (१) वेदों के मानने वाले ही वैष्णव हैं, (२) वेदों ही के मानने वाले ब्राह्मण हैं, (३) शैव, (४) परमहंसादिक वेदान्ती, (५) मनुजी, (६) शंकराचार्य्य, (७) वाम मार्गी, (८) दयानन्द सरस्वती आदिक. अब बात समझने की है, (१) वैष्णव तो वेदानुकूल श्राद्ध आदि गंगा पहोये आदिक का स्नान श्री राधा कृष्णजी की मूर्त्ति

का ध्यान करते हैं. (२) ब्राह्मण वेदानुकूल क्रियापूर्वक श्री सीतारामजी की मूर्त्तिका पूजन करते हैं. (३) शैव वेदानुकूल श्रीशंकरजी का लिङ्ग अर्थात् पिण्डी का पूजन करते हैं. और यह पूर्वोक्त मतानुयायी देव और देवलोक स्वर्ग वा नर्क आदि स्थान का होना वेद प्रमाण से सिद्ध करते हैं और मुक्ति से फिर लौट कर नहीं आना कहते हैं. (४) परमहंस वेदानुकूल मूर्त्तिपूजन आदि का खण्डन करते हैं और एक ब्रह्म सर्वव्यापी आकाशवत् जड़ रूप मानते हैं और परमेश्वर, जीव, लोक, परलोक, बंध, मोक्ष आदिक की नास्ति कहते हैं. (५) मनुजी वेदानुकूल श्राद्धादि में मांस, मदिरा आदि का पितृदान करना 'मनुस्मृति' में लिखते हैं, जिस स्मृति के दयानन्दजी ने भी 'सत्यार्थ प्रकाश' नामके अपने रचे हुए पुस्तक में बहुत से प्रमाण दिये हैं. फिर लोगों की ओर से पराभव और घृणादृष्टि

के होने के कारण दयानन्दियों ने अयुक्त जान कर कितने एक उस पुस्तक में से निकाल जी दिये हैं. (६) श्री शंकराचार्य्य, वेदानुकूल वैदिक हिंसा को निर्दोष कहते हैं अर्थात् अश्वमेधादिक यज्ञ में पशुओं का बध करना योग्य कहते हैं. जैसे, पूर्वकाल में जैनी और बौद्धों ने हिंसा की निन्दा करी, तो उनके साथ बहुत क्लेश किया, उनके शास्त्र जी डुबा दिये और जला दिये. (७) वामी, वेदानुकूल वाममार्ग का पालन करते हैं. (८) अज्ञानक वेदों को धूर्तों के बनाये हुए कहते हैं. (९) मैक्समूलर पण्डित डाक्टर वेदों को अज्ञानी पुरुषों के बचन कहते हैं. (१०) जैनसूत्र श्री 'उत्तराध्ययन जी' २५ वें अध्ययन में जयघोष ब्राह्मण अपने भाई विजयघोष से कहते थे:—

"सव्वे वेया पशुवन्धा:" अर्थात् वेदों में तो पशुवध करना लिखा है. और 'नन्दीजी'

तथा 'अनुयोगद्वार' में वेद अज्ञानियों के बनाये हुए लिखे हैं. (११) आत्माराम (आनन्दविजय) सम्वेगी अपने बनाये हुए 'अज्ञानतिमिर भास्कर' ग्रंथ के [illegible] खण्ड के १५५ पृष्ठ में वेदों को निर्दय [illegible] साहारी कामियों के बनाये हुए लिखते [illegible] (१२) दयानन्द सरस्वती वेदानुकूल [illegible] श्राद्धादि क्रिया का और श्री गंगादि तीर्थ [illegible] का और मूर्तिपूजन का सन् १८७५ [illegible] छपे हुए 'सत्यार्थप्रकाश' में उपदेश करते हैं. और पीछे के छपे हुए में पूर्वोक्त मांस [illegible] दि भक्षण का निषेध करते हैं; और एक स्त्री को एक विवाहित और दस नियोग अर्थात् करेवे करने कहते हैं. और मुक्ति से पुनरावृत्ति (वापिस लौट आना) भी कहते हैं; अब क्या विद्वान् पुरुषों के चित्त में यह विचार नहीं उत्पन्न हुआ होगा कि न जाने वेदों में कौनसी बात है और वेदा-

ूख कौन कहते हैं? वास्तव में तो यह बात
कि वेदों का पाठी तो इन लोगों में कोई
ायद ही हो परन्तु प्रत्येक वेदों के अज्ञ
नावाकिफ) वेदों के नाम का सहारा ले कर
ोई उपनिषद् स्मृति आदिकों में से देशां-
श कहीं२ का ग्रहण कर के मनमानी कल्पना
कर२ के वैदिक बन रहे हैं, और आज
कल भी देखा जाता है कि यह दयानंदी
लोग दयानंद के कथन पर भी विश्वस्त नहीं
हैं; क्यों कि दयानन्द वाले 'सत्यार्थ प्रकाश'
के प्रथम बारह समुल्लास थे इन्हों ने उसमें
से आगे पीछे कर करा कर कुछ और अग-
गम सग्गम मिला कर चौदह समुल्लास कर
दिये हैं, और अन्त में वेदान्त अर्थात्
इन सब वेदानुकूल मतों की नदियें ना-
स्तिकमत समुद्र में जा मिलती हैं. इनहीं
वेदानुयायीयों की बनायी हुई. गीताजी
वसिष्ठ विचारसागर आनन्दामृतवर्षिणी आ-

दिक ग्रंथों से उक्त कथन प्रतीत हो जाता है."

॥ १३ वां प्रश्न ॥

आरियाः—तुम्हारे जैन शास्त्रो में मनुष्य आदिकों की आयु (अवगहना) आदि बहुत२ लम्बी कही है सो यह सत्य है, वा गप्प है?

जैनीः—जो सूत्रों में लिखा है सो सब सत्य है, क्यों कि यह गणधर कृत सूत्र त्रिकालदर्शी महापुरुषों के कहे हैं. और अतीत, अनागत, वर्त्तमानकाल अनादि प्रवाह रूप अनन्त है, किसी काल में सर्पिणी उत्सर्पिणी काल के प्रयोग से बल, धन, आयु, अवगहना आदिक का चढाव होता है, और कभी उतराव होता है, अर्थात् हमारे वृद्धों के समय में सौ२ वर्ष की प्रत्युत सौ से भी अधिक आयुवाले पुरुष प्रायः दृष्टिगोचर हुआ करते थे, और अब पचास वर्ष की आयु होते ही कुटुम्बी जन मृत्यु के चिन्तक

हो जाते हैं. और अब अंग्रेज बहादुर की अमलदारी में रेल आदि कई प्रकार की कलें चल रही हैं; जो इनका वृत्तान्त सौ वर्ष से पहिले हमारे बड़ों के समय में कोई दूरदर्शी ज्ञानी कथन करता कि इस प्रकार की रेल आदिक चलेंगी, तो तुम सरीखे लघुदृष्टिवाले कब मानते? और आगे को जब किसी समय में रेल आदि का प्रचार नहीं रहेगा तो कोई इस समय के इतिहास में रेल का कथन करेगा तो प्रत्यक्ष प्रमाण—वर्त्तमान काल की बात को मानने वाले मूढ जन किस प्रकार से मानेंगे ? दीर्घकाल की बातों पर तो दीर्घदृष्टि वाले ही निगाह दौडाते हैं. अर्थात् कूए का मेंडक समुद्र की सार क्या जाने ? और कुछ एक बारह वर्ष के अकाल आदिक में कई सूत्रों के विछेद हो जाने से गणित विद्या के हिसाब में भी भाषा का अन्तर हुआ प्रतीत

होता है. और ग्रंथकारो ने ग्रंथो में सूत्रों से विरुद्ध न्यूनांधिक बातें लिख धरी हैं. यथा वेदानुयायी सूत आदिकों नें वेद विरुद्ध पुराणों में कई गपौरे कथा आदिक लिख धरे हैं. उनही पुराणों के गपौड़ों के प्रयोग से हुजात वादियों से पराजय हो कर बहुत से ब्रांह्मण और वैष्णवों नें अपने ब्राह्मण धर्म्म को छोड़ कर अपने आपको अर्थात् ब्राह्मणों को पोप कहानें लग गये हैं. ऐसे ही कई एक जैनी लोग जैन सूत्रों के अज्ञ ग्रन्थों के गपौडों के प्रयोग से पराजय हो कर अपने सत्य धर्म से भ्रष्ठ हो गये हैं.

आरियाः—अजी, हमारे दयानन्द कृत सम्बत् १९५४ के छपे हुए 'सत्यार्थ प्रकाश' के बारहवें समुल्लास के ४५३ पृष्ठ में लिखा है कि जैनियों के 'रत्नसार ग्रंथ' के १४८ पृष्ठ में ऐसा लिखा है कि, जैनियों का योजन १०००० दस हजार कोस का होता है. ऐसे

चार हजार कोस का शरीर होता है. और बे-इन्द्रिय शंख, कौमी, जूं आदिक का शरीर अ-वतालीस कोस का स्थूल होता है. यह गप्प है वा सत्य?

जैनीः—यह गप्प है, क्यों कि जैन शास्त्रों में दसहजार कोस का योजन और अवता-लीस कोस की मोटी जूं कहीं भी नहीं लिखी है. जैन सूत्र 'समवायांग', 'अनुयोग द्वार' में एक जौं की मोटाई में आठ यूका आवें इतना प्रमाण लिखा है. परन्तु यह लेख तो केवल दयानन्दजी की मूर्खता का सूचक है. क्यों कि हम लोग तो जानते थे कि दयान-न्दजी ने जो जो मतमतान्तरों की हैं उनकें शास्त्रों के प्रमाण दे दे कर सो ठीक ही हो-वेंगी, परन्तु तुम्हारे कहने से और 'सत्यार्थ प्रकाश' के देखने से प्रतीत हुआ कि शास्त्र सूत्र कोई नहीं देखे होंगे, केवल सुने-सुनायें ही द्वेष के प्रयोग से गोले गरमाये हैं. यदि

कोई मतान्तरों के ग्रंथ आदि देखे भी होंगे तो गुरुगम्यता के विना, और मतपक्ष के नशे से बुद्धि में नहीं आये. और इस ही पृष्ठ की सोलहवीं पंक्ति में दयानन्द उपहास रूप लेख लिखता है कि अठतालीस कोस की जूं जैनियों के शरीर में ही पड़ती होगी हमारें भाग्य में कहां? सो हे भाई! जैनियों के तो अठतालीस कोस की जूं स्वप्नान्तर में भी प्राप्त नहीं हुई और नाही जैनियों के तीर्थंकरों ने कभी देखी, और ना जैन शास्त्रों में कहीं लिखी है. हां, अलबत्ता दयानन्दजी का ईश्वर तो कर्त्तमकर्त्ता था; यदि वह अठतालीस कोस की जूं बना कर दयानन्द को और उसके अनुयायियों को बखश देता तो इसमें सन्देह नहीं था. वाहवा! दयानन्दजी! तुम सरीखा निर्बुद्धि झूठे कलंकित वाक्य बोलने वाला और कौन होगा? परन्तु बड़े शोक की बात है कि ऐसे

मिथ्या लेख रूप पुस्तकों पर श्रद्धा करर धर्म के अजान पुरुष कैसेर आंख मीच कर अविद्यासागर में पतित हो रहे हैं!

॥ १४ वां प्रश्न ॥

आरियाः—सर्व मतों का सिध्दान्त मोक्ष है. सो तुम्हारे मत में मोक्ष को ही ठीक नहीं माना है.

जैनीः—किस प्रकार से?

आरियाः—तुम्हारे मुक्त चेतन अर्थात् सिध्द परमात्मा एक शिला पर बैठे रहते हैं, उमरकैदी की तरह.

जैनीः—अरे भोले! तुम मोक्ष को क्या जानो? क्यों कि तुम्हारे नास्तिक मत में तो मोक्ष को मानते ही नहीं हैं; क्यों कि मोक्ष से फिर जन्म होना अर्थात् वारर मोक्ष में जाना और वापिस आना मानते हो, तब तो तुम्हारे कथनानुसार जीवों को अनन्त वार मोक्ष हुई होगी, और अनन्त वार

होगी, क्यों कि यह क्रम तो अनादि अनन्त सृष्टि आदि का चला आता है, अब विचार कर देखो, कि यह तुम्हारे मत में मोक्ष (नख्यात) काहे की हुई? यह तो और योनियों की भ्रान्ति अवागमन ही रही. परन्तु तुम सीधे यों ही क्यों नहीं कह देते कि मोक्ष कुछ वस्तु ही नहीं है? क्यों कि तुम्हारा दयानन्द जी 'सत्यार्थ प्रकाश' १९५४ के २५३ पृष्ट पंक्ति १९ में मुक्ति को कारागार अर्थात् कैदखाना लिखता है कि उमर कैद से तो थोड़े काल की कैद, हमारे वाली ही मुक्ति अच्छी है. अब देखिये कि जिन्होंने मोक्ष को कारागार समझा है वह क्या धर्म करेंगे? इन नास्तिकों का केवल कथन रूप ही धर्म है. यथा वेदों का सार तो यज्ञ है और यज्ञ का सार वायु (हवा) की शुद्धि. यथा दशोपनिषद् भाषान्तर पुस्तक स्वामी अच्युतानंद कृत छपा मुंबई सम्वत् १९५९

का उसमें बृहदारण्यकोपनिषद् भाषान्तर प्रथम अध्याय के २३३ पृष्ठ की ८ वीं ११ पंक्ति में लिखा है, कि अश्वमेध यज्ञ सब यज्ञों में से बड़ा यज्ञ है, तिसका फल भी संसार ही है; तो अग्निहोत्रादि का तो कहना ही क्या ? बस ना कुछ त्याग, न वैराग्य, न धर्म, न मोक्ष.

आरियाः—मुक्ति भी तो किसी कर्म ही का फल है. सो कर्म अवधि (हद) वाले होते हैं. तो फिर कर्म का फल मुक्ति भी अवधि वाली होनी चाहिये.

जैनीः—हाय ! अफसोस ! देखो, मुक्ति को कर्म का फल मानते हैं ! भला, यह तो बताओ कि मुक्ति कौन से कर्म का फल है ?

आरियाः—ज्ञान का, संयम का, तप का, और ब्रह्मचर्य्य का.

जैनीः—देखो, पदार्थ ज्ञान के अज्ञ (अज्ञान) ज्ञान आदि को कर्म बताते हैं !

आरियाः—हम तो सब को कर्म और कर्म का फल ही समझ रहे हैं.

जैनीः—तब तो तुम्हें यह भी मानना पड़ेगा कि ईश्वर भी किसी कर्म का फल भोग रहा है, और फिर कर्म हद्दवाले होने से कर्म फल भोग के ईश्वर से अनीश्वर हो जावेगा. और जो अब ईश्वर दण्ड देना, जीवों को सुखी दुःखी करना सृष्टि बनानी, और संहार करना, आदिक नये कर्म करता है, उनका फल आगेको किसी और अवस्था में भोगेगा; क्यों कि भर्तृहरिजी अपने रचे हुए 'नीतिशतक' में भी लिखते हैंः—

( श्लोकः )

ब्रह्मा येन कुलालवन्नियमितो ब्रह्माण्डभाण्डोदरे।
विष्णुर्येन दशावतार ग्रहणे क्षिप्तो महासंकटे॥
रुद्रो येन कपालपाणिपुटके भिक्षाटनं कारितः।
सूर्यो भ्राम्यति नित्यमेव गगने तस्मैनमः क-
र्मणे ॥ १६ ॥

का उसमें बृहदारण्यकोपनिषद् भाषान्तर प्रथम अध्याय के २३३ पृष्ठ की ८ वी ११ पंक्ति में लिखा है, कि अश्वमेध यज्ञ सब यज्ञों में से बडा यज्ञ है, तिसका फल भी संसार ही है; तो अग्निहोत्रादि का तो कहना ही क्या ? बस ना कुछ त्याग, न वैराग्य, न धर्म, न मोक्ष.

आरियाः—मुक्ति भी तो किसी कर्म ही का फल है. सो कर्म अवधि (हद) वाले होते हैं. तो फिर कर्म का फल मुक्ति भी अवधि वाली होनी चाहिये.

जैनीः—हाय ! अफसोस ! देखो, मुक्ति को कर्म का फल मानते हैं ! भला, यह तो बताओ कि मुक्ति कौन से कर्म का फल है ?

आरियाः—ज्ञान का, संयम का, तप का, और ब्रह्मचर्य्य का.

जैनीः—देखो, पदार्थ ज्ञान के अज्ञ (अज्ञान) ज्ञान आदि को कर्म बताते हैं !

आरियाः—हम तो सब को कर्म और कर्म का फल ही समझ रहे हैं.

जैनीः—तब तो तुम्हें यह भी मानना पड़ेगा कि ईश्वर भी किसी कर्म का फल भोग रहा है, और फिर कर्म हदवाले होने से कर्म फल भोग के ईश्वर से अनीश्वर हो जावेगा. और जो अब ईश्वर दण्ड देना, जीवों को सुखी दुःखी करना सृष्टि बनानी, और संहार करना, आदिक नये कर्म करता है, उनका फल आगेको किसी और अवस्था में भोगेगा; क्यों कि भर्तृहरिजी अपने रचे हुए 'नीतिशतक' में भी लिखते हैंः—

(श्लोकः)

ब्रह्मा येन कुलालवन्नियमितो ब्रह्माण्डभाण्डोदरे।
विष्णुर्येन दशावतार ग्रहणे क्षिप्तो महासंकटे॥
रुद्रो येन कपालपाणिपुटके भिक्षाटनं कारितः।
सूर्यो भ्राम्यति नित्यमेव गगने तस्मैनमः कर्मणे॥ १६ ॥

अर्थः—जिस कर्म ने ब्रह्मा को कुम्हार की न्यांई निरन्तर ब्रह्माण्ड रचने का हेतु बनाया, और विष्णु को वार२ दश अवतार ग्रहण करने के संकट में डाला, और रुद्र को कपाल हाथ में ले कर भिक्षा मांगने के कष्ट में रक्खा, और सूर्य्य को आकाश में नित्य भ्रमण के चक्र में डाला, ऐसे इस कर्म को प्रमाण है! अब इससे सिद्ध हुआ कि ब्रह्मा आदिक सब कर्मों ही के आधीन हैं, और कर्मों के फल भुगताने में कोई भी समर्थ नहीं है. यथा दृष्टान्तः—किसी एक नगर में एक धनी के घर एक पुत्र उत्पन्न हुआ. जब वह पांच वर्ष का हुआ तो कर्म योग उस की आंखें बिमारी हो कर बिगड़ गई, अर्थात् अंध हो गया. तब उस साहुकार ने वैद्य वा डाक्टरों से बहुत इलाज करवाये परन्तु अच्छा न हुआ. तब वह शाहूकार अपने भाई वा पञ्चों के पास गया, कि तुम पञ्च ब-

रादरी के रक्षक हो, मेरे पुत्र की आंखें अच्छी करो. तो पञ्च बोले कि भाई! तूं उसका इलाज करवा. शाहूकार ने कहा कि मैंने इलाज तो बहुत करवाये हैं, परन्तु वह अच्छा नहीं हुआ. अब आप लोगों की शरण आया हूं. तब उन्होंने कहा कि हम पञ्चों को तो बरादरी का झगड़ा तैह करने का अख्तियार है, परन्तु ऐसे कर्मरोग के हटाने में हमारी सामर्थ्य नहीं है. तब वह शाहूकार लाचार हो कर अदालत में गया. वहां जा कर दरखास्त की कि आप प्रत्येक का इनसाफ करके दुःख दूर करते हो, मेरे पुत्र के नेत्र भी अच्छे कर दीजिये. तब अदालत ने कहा कि तुम इसको शफाखाने ले कर किसी डाक्टर से इलाज करवाओ. शाहूकार ने कहा कि मैंने बहुत इलाज करवाया है, आप ही कुछ इनसाफ करो, कि जिससे इसकी आंखें अच्छी हो जावें. तब अदा-

लत ने कहा कि यहां तो दीवानी और फौजदारी के फैसले करने का अख्तियार है, कर्मों के फैसले करने में हमारी शक्ति नहीं है. तब वह शाहूकार दरजेवदरजे राज दर्बार में पहुंचा, और पहुंच कर प्रार्थना की, तो राजा ने कहा कि बडे डाक्टरों से इसका इलाज कराओ, तो शाहूकार बोला कि मैं बहुत इलाज कर चुका हूं; आप प्रजा के रक्षक हो सो मेरे दीन पर भी कृपादृष्टि करो, अर्थात् मेरा दुःख दूर करो, क्यों कि आप राजा हो, सब का न्याय करते हो, तो मेरे पुत्र का कर्मों से क्या फैसला न करवाओगे ? राजा ठहर कर बोला कि राजा तथा महाराजा सब सांसारिक धन्दों के फैसले कर सकते हैं, परन्तु कर्मों का फैसला करने का किसी को भी अख्तियार नहीं है, कर्मों का फैसला तो आत्मा और कर्म मिल कर होता है. बस, अब देखिये कि जो लोग ईश्वर को कर्मफल

भुगताने में राजा की नजीरें देते हैं, उनका कहना कैसा कि मिथ्या, जिस प्रकार से राजा आदिक कर्मों के फलों में दखल नहीं दे सकते उसी प्रकार ईश्वर भी पूर्वोक्त राजा की तरह कर्मों के फल में दखल नहीं दे सकता.

आरियाः—तुम ही बताओ कि पूर्वोक्त कर्म क्या होते हैं ? और ज्ञानादिक क्या होते हैं ? और मुक्ति क्या होती है ?

जैनीः—हां,हां;हम बतावेंगे.कर्म तो परगुण अर्थात् जड़ गुण, काम क्रोधादिक के प्रभाव से विषयार्थी हो कर हिंसा, मिथ्यादि समारंभ करने से अन्तःकरण में मल रूप पूर्वोक्त जमा हो जाते हैं, उनका नाम. और ज्ञान आदि निज गुण अर्थात् चेतन गुण स्वाध्याय ध्यान आदि अभ्यास कर के अनादि अज्ञान का नाश हो कर निज गुण के प्रकाश होनेका नाम है. और मुक्ति पूर्वोक्त परगुण अर्थात् कर्म के बंध से मुक्ति पाने

( छूट जाने ) का और निजगुण प्रकाश हो कर परम पद में मिल जाने का नाम है.

आरियाः—मुक्ति की और ज्ञान की उत्पत्ति हुई है तो कभी विनाश भी अवश्य ही होगा, अर्थात् फिर भी बंध में फसेगा.

जैनीः—लो देखिये, अज्ञानियों की बात! मुक्ति की और ज्ञान की उत्पत्ति कहते हैं! अरे भोले! यह मुक्ति की और ज्ञान की उत्पत्ति हुई वा अनादि निजगुण का प्रकाश हुआ? उत्पत्ति तो दूसरी नई वस्तु पैदा होने का नाम है, जैसे कैदी को कैद की मोक्ष होती है तो क्या यह भी नियम है कि कैद कितने काल के लिये छूटी? अपि तु नहीं. कैद की तो मियाद होती हैं परन्तु छूटने की मियाद नहीं है; हमेश के लिये छूटता है. विना अपराध किये कैद में कभी नहीं आता हैं. मुक्ति में तो कुच्छ कर्म करता ही नहीं, जो फिर बंधन में आवे. इस लिये मुक्ति सदा ही रहती है, यथा

योगी योगाभ्यास आदि तप कर के अज्ञान का नाश करें और ज्ञान का प्रकाश होवे, तो वह ज्ञान का प्रकाश क्या मियाद बांध कर होता है, कि इतने काल तक ज्ञान रहेगा! अपितु नहीं; सदा के वास्ते. इस कारण तुम्हारे वाली मुक्ति ठीक नहीं. यथा तुमारे ऋग्वेद भाष्य भूमिका आदिक पुस्तकों में लिखा है कि चार अर्ब बीस किरोड़ वर्ष प्रमाण का एक कल्प होता है, सो ईश्वर का दिन होता है. अर्थात् इतने काल तक सृष्टि की स्थिति होती है; जिसमें सब जीव शुभ वा अशुभ कर्म करते रहते हैं. फिर चार अर्ब विस किरोड़ वर्ष प्रमाण विकल्प अर्थात् ईश्वर की रात्रि होती है अर्थात् ईश्वर सृष्टि का संहार कर देता है. परमाणु आदि कुछ नही रहते हैं. और सब जीवों की मुक्ति हो जाती है. अर्थात् पूर्वोक्त विकल्प काल ईश्वर की रात्रि में सब जीव सुख में सोये रहते हैं. फिर वि-

कल्प काल पर्य्यन्त कल्प के आदि में ईश्वर सृष्टि रचता है तब सब जीव मुक्ति से सृष्टि पर भेज दिये जाते हैं. फिर वह शुभ और अशुभ कर्म करने लग जाते हैं. यह सिल-सिलायों ही अनादि से चला आता है.

समीक्षा:—भलाजी ! यह मुक्ति हुई वा मजदूरों की रात हुई ? जैसे दिन भर तो म-जदूर मजदूरी करते रहे, रात को फावड़ा टो-करी सराहणे रख कर सो गये, और प्रातः उठते ही फिर वही हाल! परन्तु एक और भी अन्धेर की बात है कि जब कल्पान्त समय सब जीवों का मोक्ष हो जाता है, तो जो क-साई आदिक पापिष्ट जीव हैं उनको तुम्हारे पूर्वोक्त कथन प्रमाण बड़ा लाभ रहता है. क्यों कि तुम्हारे परमहंस आदि धर्मात्मा पुरुष तो बडे२ कष्ट सन्ध्या, गायत्री, यज्ञ, होम, समाज, वेदाभ्यास आदि परिश्रम द्वारा मुक्ति प्राप्त करते हैं; और वह कसाई आदि महापापी

पुरुष गोवधादि महाहिंसा और मांस भक्षणादि अथवा परस्त्रीगमनादि अत्याचार करते भी कल्पान्त में सहज ही अनायास मुक्ति प्राप्त करते हैं. अब नेत्र उघाड़ कर देखो कि तुम्हारे उपदेश के अनुकूल चलने वाले पूर्वोक्त परमहंस आदिकों की क्या अधिकता रही ? और उन पापिष्ठों की क्या न्यूनता रही? क्यों कि विकल्प के अन्त में क्या सन्यासी क्या कसाई सब को एक ही समय मुक्ति से धक्के मिल जावेंगे. और इसी कर्त्तव्य पर ईश्वर को न्यायकारी कहते हो ? बस, जो महा मूढ होंगे वह ही तुम्हारी कही मुक्ति को मानेंगे.

आर्य्याः—हांजी, समाजियों में तो ऐसे ही मानते हैं; परन्तु हां इतना भेद तो है कि जैसे बारह घण्टे का दिन और बारह घण्टे की रात्रि;सो धर्मात्माओं को तो कुछ घण्टा दो घण्टा पहिले मुक्ति मिल जाती है और पापी आदिक सब जीवों को बारह घण्टे की

मुक्ति होती है.

जैनीः—हाय हाय! यह मुक्ति क्या हुई? यह तो महा अन्याय हुआ, क्यों कि धर्मात्माओं का धर्म निरर्थक हुआ और पापी पुरुषों का पाप निष्फल गया.क्यों कि पाप करते हुए को भी बारह घण्टों की मुक्ति मिल जाती है. तो उनके पाप निष्फल गये और धर्म्म करते भी बारह घण्टे की मुक्ति; तो उनके धर्म निष्फल गये. क्या हुआ यदि तेरह चौदह घण्टे को मुक्ति हो गई तो? यथा खञ्जर तले किसीने टुक दम लिया तो फिर क्या? और तुमने जो प्रश्न किया था कि तुम्हारे मत में मुक्ति में ही बैठे रहते है सो मुक्ति क्या कोई हमारे घर की है? मुक्ति नाम ही सर्व दुःखों से, सर्व क्रिया से,सर्व कर्मो से, जन्म--मरण ( अवागमन ) से, मुक्त हो जाने अर्थात् रहित हो जाने का है. फिर तुमने कहा कि कैदी की तरह, सो इसका उत्तर

तो हम आगे देंगे, परन्तु तुमसे हम पूछते हैं कि पूर्वोक्त मुक्त चेतन एक जगह स्थित न रहे तो क्या इस लोक के ऊंच नीच स्थानों में घूमता फिरे ? अर्थात् भ्रमर बन कर बागों के फूलों में टक्करे मारता फिरे ? अथवा कृमि बन कर खाईयों (मोरियों) में सुख सड़ाता फिरे ? अथवा किसी और प्रकार से? अरे भाई! तुम कुछ बुद्धि द्वारा भी विचार कर देखो, कि जैसे नकारे पामर (गरीब) लोग गली२ में भटकते फिरते नजर आते हैं, ऐसे श्रेष्ठ सुखी पदवीधर अर्थात् बड़े ओहदेवाले भी गली२ में भटकते देखे हैं? अपितु नहीं. कारण क्या ? जितनी निष्प्रयोजनता होगी उतनी ही स्थिति अधिक होगी. सो हे भाई ! तुम कैद के अर्थ नहीं जानते हो; कैद नाम तो पराधीनता का होता है, स्थित रहने का नहीं है. यथा, मैं जो इस ग्रंथ की रचिता (कर्त्ता) हूं सो विक्रम सम्वत् १९१० के साल में नि-

कट शहर आगरा जमींदार ज्ञातीय माता ध-
नवन्ती, और पिता बलदेवसिंह के घर मेरा
जन्म हुआ, और फिर मैंने पूर्व पुण्योदय से
सम्वत् १९२४ के साल में जैनमत में सती
का योग ( संयम ) ग्रहण किया, और फिर
हमेश ही साधवीयों के साथ नियमपूर्वक वि-
चरते हुए, दिल्ली, आगरा, पञ्जाब स्थल में
रावलपिण्डी, स्यालकोट, लाहौर. अमृतसर,
जालंधर, होश्यारपुर. लुदेहाना, पटियाला,
अम्बाला, आदिक गांव नगरों में धर्मोपदेश
सभा समीक्षा करते रहते हैं. और बुद्धि के
अनुसार जयविजय भी होती ही रहती है.
फिर विचरते२ जयपुर, जोधपुर, पाली, उद-
यपुर आते हुए १९५६ के साल माघ महीने
में अजमेर के पास एक रजवाडा रियास्त शा-
यापुर में चार पांच दिन तक मुकाम किया,
और वहां तीन दिन तक सभा, समीक्षा, ध-
र्मोपदेश किया, जिसमें ओसवाल, राजपूत,

ब्राह्मण, वैष्णव, समाजी, आदिक हजार वा डेढ हजार के लगभग स्त्रियें वा पुरुष सभा में उपस्थित थे. और दिन के आठ बजे से दस बजे तक व्याख्यान होने के अनन्तर दयानन्दी पुरुषों में से, दो आदमीं कुच्छ प्रार्थना करने के लिये आज्ञा मांगी. तदनन्तर हमने भी एक घण्टा और सभा में बैठना मंजूर किया. तब उन्हों में से एक भाईने सभा में खडे हो कर लैक्चर दिया, कि जैनआचार्याजी श्रीमती पार्वतीजी ने दया सत्यादि का अत्युत्तम उपदेश किया, इसमें हम कुच्छ भी तर्क नहीं कर सकते हैं, परन्तु इनके 'रत्नसार' नामक ग्रंथ में लिखा है कि जैन मत के सिवाय और मतवालों से अप्रियाचरण करना, अर्थात् हतना चाहिये; भला देखो इनकी यह कैसी दया है? तब कई एक सभासद परस्पर कोलाहल (घुमघुसाट) करने लगे. तब हमने कहा कि भाई! इसको भी मन

कट शहर आगरा जमींदार ज्ञातीय माता ध-
नवन्ती, और पिता बलदेवसिंह के घर मेरा
जन्म हुआ, और फिर मैंने पूर्व पुण्योदय से
सम्वत् १९७४ के साल में जैनमत में सती
का योग (संयम) ग्रहण किया, और फिर
हमेश ही साधवीयों के साथ नियमपूर्वक वि-
चरते हुए, दिल्ली, आगरा, पञ्जाब स्थल में
रावलपिण्डी, स्यालकोट, लाहौर, अमृतसर,
जालंधर, होश्यारपुर, लुधियाना, पटियाला,
अम्बाला, आदिक गांव नगरों में धर्मोपदेश
सभा समीक्षा करते रहते हैं. और बुद्धि के
अनुसार जयविजय भी होती ही रहती है.
फिर विचरते२ जयपुर, जोधपुर, पाली, उद-
यपुर आते हुए १९५६ के साल माघ महीने
में अजमेर के पास एक रजवाड़ा रियासत शा-
यापुर में चार पांच दिन तक मुकाम किया,
और वहां तीन दिन तक सभा, समीक्षा, ध-
र्मोपदेश किया, जिसमें ओसवाल, राजपूत,

ब्राह्मण, वैष्णव, समाजी, आदिक हजार वा डेढ़ हजार के लगभग स्त्रियें वा पुरुष सभा में उपस्थित थे. और दिन के आठ बजे से दस बजे तक व्याख्यान होने के अनन्तर दयानन्दी पुरुषों में से, दो आदमीं कुच्छ प्रार्थना करने के लिये आज्ञा मांगी. तदनन्तर हमने भी एक घण्टा और सभा में बैठना मंजूर किया. तब उन्हों में से एक भाईने सभा में खडे हो कर लैक्चर दिया, कि जैनआचार्याजी श्रीमती पार्वतीजी ने दया सत्यादि का अत्युत्तम उपदेश किया, इसमें हम कुच्छ भी तर्क नहीं कर सकते हैं, परन्तु इनके 'रत्नसार' नामक ग्रंथ में लिखा है कि जैन मत के सिवाय और मतवालों से अप्रियाचरण करना, अर्थात् हतना चाहिये; भला देखो इनकी यह कैसी दया है? तब कई एक सभासद परस्पर कोलाहल (भुनभुनाट) करने लगे. तब हमने कहा कि भाई! इसको भी मन

उपजी कह लेने दो. तब लोक चुप कर बैठे. उसने अपने प्रश्न को सविस्तर कहा. अनन्तर हमने उत्तर दिया कि, हमारे प्रमाणिक सूत्रों मे ऐसा भाव कहीं भी नहीं है. और जो तुमने ग्रंथ का प्रमाण दिया है, उस ग्रंथ को हम प्रमाणिक भी नहीं समझते हैं. परन्तु तुम्हारे दयानन्द कृत 'सत्यार्थप्रकाश' नामक पुस्तक संवत १९५४ के छपे हुए पृष्ठ ६३० में ऐसा लिखा है, कि और धर्मी अर्थात् वेदादि मत से बाहिर चाहे कैसा ही गुणी भी हो उसका भी नाश अवन्नति और अप्रियाचरण सदा ही किया करें. अब तुम देख लो यह दयानन्द की कैसी दया हुई? फिर कहा, कि अजी! हमारे दयानन्दजी ने 'सत्यार्थप्रकाश' के बारहवें समुल्लास के ४६७ पृष्ठ में प्रथम ही ऐसा लिखा है कि देखो इनका वीतराग भाषित दयाधर्म दूसरे मतवालों का जीवन भी नहीं चाहते हैं! तब

हमने उत्तर दिया, कि जैनियों की दया तो सर्वत्र प्रसिद्ध है. देखो 'इम्पीरीयल गैजेटियर' हिन्द जिल्द दूसरी दफादोयम, सन् १८८६ के १५ए पृष्ठ में ऐसा लिखा है, कि जैनी लोग एक धनाढ्य फिरका है अमूमनथोक फरोशी और हुण्डी चिट्ठी के कारोबार करते हैं; बल्के आपस में बफामेज जोल रखते हैं. यह लोग बड़े खैरायत करने वाले हैं. और अक्सर हैवानों की परवरिश के वास्ते शिफाखाने बनवाते हैं, इति. परन्तु तुम सरीखे भोले लोगों के मत गुमान रूपी रोग से विद्या रूपी नेत्र मींच हो रहे हैं. तांते औरों के तो अनहोते दूषण देखते हैं और अपने होते दूषण भी नहीं देखते. इसी 'सत्यार्थ प्रकाश' के ग्यारहवें समुल्लास के ३५६ पृष्ठ की ५ वीं वा छठी पंक्ति में दयानन्दजी क्या लिखते हैं? कि इन भागवत आदि पुराणों के बनाने वाले क्यों नहीं गर्भ ही में नष्ट हो गये ? वा जन्मते ही

समय मर क्यों न गये ? और ४३२ पृष्ठ के नीचे लिखता है कि जो वेदों से विरोध करते हैं उनको जितना दुःख होवे उतना थोमा है. अब देख तेरे दयानन्दने अन्य मतों पर कैसी दया करी ? हाय ! अफसोस ! अपनी मंजी तले सोटा नहीं फेरा जाता. यथा.

दोहा.

आप तो सोध्या नहीं, सोधे चारों कूंट;
बिल्ली खेद पमौसियां, अपने घर रहो ऊंट.

फिर कहने लगा कि,अजी! यह क्या बात है हमारे 'सत्यार्थप्रकाश' के ४६२ पृष्ठ में दयानन्दजी लिखते हैं कि जैनी लोग अपने मुखसे अपनी बमाई करनी और अपने ही धर्म को बमा कहना; यह बमी मूर्खता की बात है. तब हमको जरा हंसी आ गई और कहा कि भला तुमारा दयानन्द तो अपने माने हुए धर्म को खोटा कहता होगा ! और औरों को बमा कहता होगा ! अरे भोले ! 'सत्यार्थप्र-

काश' को आंख खोल कर देख, और बांच, कि इसमें प्रत्येक मतानुयायी पुरुषों को अक्ल के अन्धे, चांडाल, पोप, आदिक अपशब्द कह कर अर्थात् गाली आदि दे कर लिखा है. खैर, भला तुम हमको एक यह तो बताओ कि तुम्हारे दयानन्द का ईश्वर साकार है वा निराकार ? और सर्वव्यापक है वा एकदेशी है ? तब उसने उत्तर दिया कि निराकार और सर्वव्यापक है. तो हमने पूछा कि, तुम्हारे ईश्वर बात करता है वा नहीं ? तब उसने हंस कर कहा कि कभी निराकार भी बोल सकते हैं ? हमने कहा कि बस! अब तेरी उक्त दोनों बातों का हम खंडन करते हैं. देख, 'सत्यार्थ प्रकाश' के सातमे समुल्लास सब के १८८ पृष्ठ के नीचे की छठी पंक्ती में लिखते हैं, कि ईश्वर सब को उपदेश करता है, कि हे मनुष्यो ! मैं सब का पति हूं, मैं ही सब को धन देता हूं और भोजन

दे कर पालन पोषण करता हूं, और मैं सूर्य की तरह सब जगत् का प्रकाशक हूं, ज्ञान आदिक धन तुम मुझ ही से मांगो, मैं ही जगत् को करने, धरने वाला हूं, तुम लोग मुझे छोड़ कर किसी दूसरे को मत पूजो. (सत्य मानो). अब देख भोले! जैनी तो मनुष्य मात्र हैं, अपनी बड़ाई करते होंगे, या न करते होंगे, परन्तु तुम्हारा तो ईश्वर ही स्वयं अपनी बड़ाई करता है और कहता है कि मुझे ही मानो, और सब का त्याग करो! फिर और देखो बड़े आश्चर्य्य की बात है कि ईश्वर कहता है कि मैं धन देता हूं, और भोजनादि दे कर पालन करता हूं, परन्तु लाखों मनुष्य निर्धन पड़े हैं, क्या उनको देनेके लिये ईश्वर के खजाने में धन नहीं रहा? और दुर्भिक्ष (अकाल) पड़ने पर लाखों मनुष्य और पशु भूख ही से मर जाते हैं; क्या ईश्वर के गल्ले में अन्न नहीं रहता होगा?

और दूसरे क्या दयानन्द को तेरी तरह ज्ञान नहीं था कि निराकार और सर्व व्यापी काहे से, और कहां से, और कैसे बात कर सकता है? लिखते तो इस प्रकार से हैं कि मानो दयानन्द के कान में ही ईश्वर ने ओठे आदमीयों की तरह बातें करी हों. परन्तु यह ख्याल न किया कि क्या सब ही मेरे कहने को हां२ करेंगे? अपितु विद्वान पुरुष ऐसे भी तो विचारेंगे कि वाणी (बात) करनी तो कर्मेन्द्रिय का कर्म होता है; तो क्या ईश्वर के कर्मेंद्रिय आदिक शरीर होता है? बस कुच्छ समझना भी चाहिये. अब कहोजी! तुम्हारे स्वामीजी के ऐसे वचनों पर क्या धन्यवाद करें? तब वह तो निरुत्तर हुआ. परन्तु इन दयानन्दियों में यह विशेष कर दम्भजाल है कि एक निरुत्तर हुआ और दूसरे ने एक और ही अनघडित सवाल का फन्द लगाया. खैर! फिर दूसरे समाजिये ने खडे हो कर लेक्चर

दे कर पालन पोषण करता हूं, और मैं सूर्य की तरह सब जगत् का प्रकाशक हूं, ज्ञान आदिक धन तुम मुझ ही से मांगो, मैं ही जगत् को करने, धरने वाला हूं, तुम लोग मुझे छोड़ कर किसी दूसरे को मत पूजो. (सत्य मानो). अब देख भोले! जैनी तो मनुष्य मात्र हैं, अपनी बड़ाई करते होंगे, वा न करते होंगे, परन्तु तुम्हारा तो ईश्वर ही स्वयं अपनी बड़ाई करता है और कहता है कि मुझे ही मानो, और सब का त्याग करो! फिर और देखो बड़े आश्चर्य्य की बात है कि ईश्वर कहता है कि मैं धन देता हूं, और भोजनादि दे कर पालन करता हूं, परन्तु लाखों मनुष्य निर्धन पड़े हैं, क्या उनको देनेके लिये ईश्वर के खजाने में धन नहीं रहा? और दुर्भिक्ष (अकाल) पड़ने पर लाखों मनुष्य और पशु भूख ही से मर जाते हैं; क्या ईश्वर के गल्ले में अन्न नहीं रहता होगा?

और दूसरे क्या दयानन्द को तेरी तरह ज्ञान नहीं था कि निराकार और सर्व व्यापी काहे से, और कहां से, और कैसे बात कर सकता है? लिखते तो इस प्रकार से हैं कि मानो दयानन्द के कान में ही ईश्वर ने ओछे आदमीयों की तरह बातें करी हों. परन्तु यह ख्याल न किया कि क्या सब ही मेरे कहने को हां२ करेंगे? अपितु विद्वान पुरुष ऐसे भी तो विचारेंगे कि वाणी (बात) करनी तो कर्मेन्द्रिय का कर्म होता है; तो क्या ईश्वर के कर्मेंद्रिय आदिक शरीर होता है? बस कुच्छ समझना भी चाहिये. अब कहोजी! तुम्हारे स्वामीजी के ऐसे वचनों पर क्या धन्यवाद करें? तब वह तो निरुत्तर हुआ. परन्तु इन दयानन्दियों में यह विशेष कर दस्तूर है कि एक निरुत्तर हुआ और दूसरे ने एक और ही अनघडित सवाल का फन्द लगाया. खैर! फिर दूसरे समाजिये ने खडे हो कर लेकचर

दिया, कि अजी ! इनका और ज्ञान तो ठीक है परन्तु जो सर्व धर्म का सार मुक्ति है वह ठीक नहीं है. क्यों कि यह मोक्ष रूप चेतन को शिला के ऊपर एक महदूद जगह में हमेश ही रहना मानते हैं, कहो जी! वह मुक्ति क्या हुई ? एक आयु भर की कैद हुई! तब हमने देखा कि यह वेगुरे प्रत्येक मत के दोषान्वेषी अर्थात् अवगुणग्राही हैं, सूत्रअर्थ को तो जानते ही नही हैं. यहां तो युक्ति प्रमाण से ही समझाना चाहिये. तब सभा के बीच में एक राजपूत सर्दार अस्सी वर्ष के लगभग की आयु वाला बैठा हुआ था और हमने उस ही की ओर निगाह कर के कहा, कि भाई! तुम्हारी कितने वर्ष की आयु है? तो उसने कहा ८० वर्ष की है.

हमः—तुम्हारा जन्म कहां हुआ है ?

राजपूतः—शायपुरसें.

हमः—जब सें अब तक कहां रहे ?

राजपूतः—शायपुरमें.

हमः—ओहो! अस्सी वर्षसे कैदमें हो? अर्थात् इस अनुमान से आध मील महदूद गांव में ही कैदी हो, और जब तक जीओगे इसी गांव में रहोगे वा कहीं लाहौर, कलि-कत्ता, जयपुर, जा कर रहोगे वा घूमते फिरोगे?

राजपूतः—यहां ही रहूंगा; मुझे क्या आवश्यक्ता है जो कि जगह२ रहूं वा कहीं२ घूमता फिरूं?

हमः—तो क्या तुम उमरकैदी हो?

राजपूतः—कैदी किसका हूं; मैं तो स्व-इच्छा और स्वाधीन यहां ही का वासिंदा हूं. मेरा कोई काम अपे तो परदेश में भी जाऊं नहीं तो क्यों जाऊं?

हमः—भला! यदि तुमको राजा साहिब की आज्ञा हो कि तुम एक मास तक शा-यपुर से कहीं वाहिर नहीं जाने पावोगे तब तुम क्या करो?

राजपूतः—तो हम घना ही धन व्यय कर दें और सर्कार से विज्ञप्ति ( अर्ज ) करें कि हमसे क्या अपराध हुआ, जो आप हमें गांव से बाहिर नहीं जाने दो हो, और वकील भी खमा करें, इत्यादि.

हमः—बाबाजी ! तुम अस्सी वर्ष से यहां ही रहते हो, तबसे तो घबराये नहीं, जो एक महीने की रुकावट हो गई तो क्या हुआ, जो इतनी सिफारशें और घबराहट करना पड़ा ?

राजपूतः—अजी, महात्माजी ! वह तो अपनी इच्छा से रहना है, यह परवश का रहना है सो कैद है.

हमः—बस, जो पराधीन अर्थात् किसी जोरावर की रुकावट से एक स्थान में रहे तो वह कैद है, परन्तु सच्चिदानन्द मोक्ष रूप आत्मा स्वाधीन सदा आनन्द रूप है इसको कैद कहना मूर्खों का काम है. तब वह समा-

जिये निरुत्तर हो कर चले गये, और सभा विसर्जन हुई, यहां मुक्ति के विषय में पूर्वोक्त प्रश्न समतुल्य होने के कारण यह कथन याद आने से लिखा गया है.

॥ १५ वां प्रश्न ॥

आरियाः—भलाजी! तुम मोक्ष से हट कर अर्थात् वापिस आना तो नहीं मानते हो और सृष्टि अर्थात् लोक को प्रवाह से अनादि मानते हो, तो जब सब जीवों की मुक्ति हो जावेगी तो यह सृष्टि क्रम अर्थात् दुनिया की सिलसिला बन्द न हो जायगा?

जैनीः—ओहो! तो क्या इसी फिकर से शायद पुनरावृत्ति मानी है अर्थात् मुक्ति से वापस आना माना है? कि संसार का सिलसिला बन्द ना हो जाय; परन्तु मुक्ति की खबर नहीं कि मुक्ति क्या पदार्थ है? यथा कहावत है "काजी! तुम क्यों दुबले? शहर के अन्देशे." परन्तु संसार का सिलसिला अब तक तो ब-

न्द हुआ नहीं, यदि आगे को बन्द हो जावगा तो मोक्षवालों को कुछ हानि भी नहीं है. क्यों कि सब धर्मात्माओं का यही मत है, कि इस दुःख रूपी संसार से छूटकारा होवे अर्थात् मुक्ति (अनन्त सुख की प्राप्ति) हो, तो हमारी बुद्धि के अनुसार सब की इच्छा पूर्ण होय तो अच्छी बात है, परन्तु तुम यह बतलाओ कि लोक में जीव कितने हैं ?

आरियाः—असंख्य होंगे, वा अनन्त.

जैनीः—झिजकते क्यों हो ? साफ अनन्त ही कहो; तो अब अनन्त शब्द का क्या अर्थ है ? न अन्ते, अनन्तेः तो फिर अनादि की आदि कहनी, और अनन्त का अन्त कहना, यह दोनों ही मिथ्या हैं. और इसका असली परमार्थ तो पूर्वक षट्द्रव्य का स्वरूप गुरू कृपा से सीखा वा सुना जाय तब जाना जाता है. यथा कोई विद्यार्थी किसी पण्डित के पास हिसाब सीखने को आया, तब पण्डित

बोला कि लिख, एक२ दो दो दूनी चार, तो शिष्य बोला कि मुझे तो किरोमको किरोड गुणा करना अर्थात् जरब देना, तकसीम देना, समझाओ. भला, जब तक दो दूनी चार भी नहीं जानता तब तक किरोडों के हिसाब को बुद्धि कैसे स्वीकार करेगी? जब पढते२ पाठक की बुद्धि प्रबल पण्डित के तुल्य हो जावेगी तब ही किरोमों के हिसाब को समझेगा.

आरियाः—यूं तो तुमारे सूत्रों को पढते पढते ही बूढे हो जावेंगे तो समझेंगे कब?

जैनीः—अरे भाई! जो पेट भराई की विद्या फारसी अङ्गरेजी आदिक वडे परिश्रम से वहुत काल में आती है, कभी२ अनुत्तीर्ण (फेल) हो जाता है, और कभी उत्तीर्ण (पास) होता है, फिर कोई२ बी. ए., एम्. ए. पास करते हैं. तो तुम स्कूल में बैठते ही मास्टर से यों ही क्यों नहीं कह देते,

कि हमतो ए, बी, सी, डी, नहीं सीखते, हमारी बुद्धि में तो आज ही बी. ए, एम्. ए, वाली बातें बुद्धि से ही समझा के बकालत का फैसा दिलवा दो; नहीं तो इतनी २ बडी किताबें पढतेश् ही बूढे हो जांयगे. भला, ऐसे हो सकता है ? कदापि नहीं. तो फिर यह पूर्ण परमार्थ रूप अनादि अनन्त मुक्ति आदिक वर्णन (बयान) विना सत्शास्त्रों के अवगाहे कैसे जाना जावे? तांते कुछ वीतराग भाषित सूत्रों को सीखो, सुनो, ना तो सत्यवादियों के वाक्य पर श्रद्धा ही करो; यदि तुम्हारी सी तरह ईट मारवें प्रश्नों के उत्तर में ही पूर्वोक्त अर्थ दलील में आ जाता तो सर्वज्ञ और अल्पज्ञ—विद्वान् और मूर्ख की बात में भेद ही क्यों होता ? सब ही सर्वज्ञ और विद्वान् हो जाते. अल्पज्ञ और मूर्ख कौन रहता ? हे भाई ! दलील में सम्पूर्ण ज्ञान नहीं आ सकता; यथा समुद्र का जल न तु कु-

टिया, न लोटे, न घडे, न मटे में ही आ सकता है. हां! स्वाद मात्र से तो सारांश समुद्र का आ सकत है; यथा खारा, वा, मीठा. ऐसे ही सर्वज्ञों के कहे हुए शास्त्र अर्थ समुद्र के जल वत् अनन्त हैं. दलील रूपी लूटिया में नहीं आ सकते. और दलील जो तो पूर्वोक्त विद्वानों के वचन सुन२ कर ही वमी होती है.

वस पूर्व कहे प्रश्नोत्तरों से सिद्ध हो चुका कि ईश्वर कर्त्ता नहीं है. और नाही ईश्वरोक्त वेद हैं; क्यों कि वेदों में पशुवध करना, और मांस खाना लिखा है, यथा मनुस्मृति के पांचवें अध्याय के २७, २८, २ए वें श्लोक में लिखा हैः—

श्लोक.

प्रोक्षितं भक्षयेन्मांसं ब्राह्मणानां च काम्यया॥
यथा विधि नियुक्तस्तु प्राणानामेव चात्यये॥२७॥
प्राणस्यन्नमिदं सर्वं प्रजापति रकल्पयत् ॥
स्थावरं जङ्गमं चैव सर्वं प्राणस्य भोजनम्॥२८॥

अर्थः—ब्राह्मणों की कामना मांसभक्षण करने की हो तो यज्ञ में प्रोक्त विधि से अर्थात् वेद मंत्रानुसार शुद्ध कर के भक्षण कर लें. श्राद्ध में मधुपर्क से, मांस मधुपर्क इति, और प्राणरक्षा के हेतु विधि के नियम से. ॥२७॥

प्राण का यह सम्पूर्ण अन्न प्रजापति ने बनाया है. स्थावर और जङ्गम सम्पूर्ण प्राण का भोजन है. ॥२८॥

श्लोक.

यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयं भुवा ॥
यज्ञस्य भूत्यै सर्वस्य तस्माद् यज्ञे वधोऽवधः
॥ २९ ॥

अर्थः—ब्रह्माजी ने स्वयमेव ही यज्ञ की सिद्धि की वृद्धि के लिये पशु बनाये हैं. इस लिये यज्ञ में पशुवध अर्थात् यज्ञ में पशु मारने का दोष नहीं है. इति ॥२९॥

तर्कः—जब कि धर्मशास्त्र मनुस्मृति ही वेदों के आधार से यों पुकारती है, तो पाप-

शास्त्रों का कहना ही क्या? और यहां इस विषय में वेदमंत्रो के लिखने की भी आवश्यकता (जरूरत) थी, परन्तु ग्रंथ के विस्तार के भय से नहीं लिखे हैं, और दूसरे हमारे जैनी भाईयों में से इस विषय में कई एक पुस्तक छप चुके हैं. बस! यदि ऐसे वेद ईश्वरोक्त हैं तो वह ईश्वर ही ठीक नहीं है. यदि ईश्वर के कहे हुए वेद नहीं हैं तो वेदों का कथन ईश्वर को पूर्वोक्त कर्त्ता कहने आदिक में प्रमाण नहीं हो सकता.

पृच्छकः—सत्य शास्त्र कौनसे हैं? और प्रथम कौनसे हैं?

उत्तरः—सत्य और असत्य तो सदा ही से है. परन्तु असली बात तो यह है कि जिन शास्त्रों में यथार्थ जड़, चेतन, लोक, परलोक, बंध, मोक्ष, आदि का ज्ञान हो और शास्त्रानुयायियों के नियम आदि व्यवहार श्रेष्ठ हो, वही सत्य हैं और वही प्रथम हैं.

परन्तु पक्ष में तो यों जैनी कहेंगे कि जैन पहिले है और वेदानुयायी कहेंगे कि वेद पहिले है और मतवाले कहेंगे कि हमारा मत पहिले है. यह तो झगड़ा ही चला आता है; जैसे कोई कहता है कि मेरे बर्गों के हाथ की सन्दूक बहुत पुरानी है, और पीलीं२ अशरफीयों की भरी हुई है परन्तु ताले बन्द हैं, दूसरा बोला कि, नहीं, तुम्हारे नीली अशरफियों की है, हमारे बर्गों की पीली है. यों कह२ कर कितने ही काल तक झगड़ते रहो क्या सिद्ध होगा? योग्य तो यों है कि सभा के बीच अपनी२ सन्दूक खोल धरें; ते सभासद स्वयं ही देख लेंगे कि पीली किसकी हैं और नीली किसकी हैं. और बुद्धिमानों की विद्याप्राप्ति का सार भी यही है कि परस्पर धर्म स्नेह आकर्षण बुद्धि से, सत्य, असत्य का निर्णय करें; फिर सत्य को ग्रहण करें, और असत्य को त्यागें; जिससे यह मनुष्यजन्म भी सफल होवे. परन्तु ऐसा

मिलाप कलियुगदूत ने भला कब होने दिया? यद्यपि वर्मों की शिक्षा है:—

मत मतान्तर विवाद में, मत उरझो मतिमान्।
सार ग्रहो सब मतन का, अपनी मति समान॥
निज आतम को दमन कर पर आतम को चीत।
परमातम का भजन कर यही मत परवीण ॥

प्रश्न १६.

पृच्छकः—अजी! आपने १५ वें प्रश्न के अंते लिखा है, कि वेदान्ती नास्तिक है, अर्थात् वेदानुयायी आदिसें तो लोक, परलोक, आदिक आस्तिक प्रवृत्ति मानते हैं; परन्तु अन्तमें नास्तिक मत ही सिद्ध होता है सो कैसे है ?

उत्तरः—हमारी एक दो वार वेदान्तियों से कुछ चर्चा भी हुई, और वेदान्त के एक दो ग्रंथ भी देखने में आये, उनसे यह ही प्रगट हुआ कि यह वेदान्ती अद्वैतवादी नास्तिक हैं. अर्थात् वेदान्ती नास्तिक ऐसे क-

हते हैं, कि एक ब्रह्म ही है और दूसरा कुछ भी पदार्थ नहीं है, इस में एक श्रुतिका प्रमाण भी देते हैं. " एक मेवाद्वितीयं ब्रह्म "

( १ )

जैनीः—ब्रह्म चेतन है वा जड़?

नास्तिकः—चेतन.

जैनीः—तो फिर जड़ पदार्थ चेतन से न्यारा रहा. यह तो दो पदार्थ हो गये; (१) चेतन और (२) जड़. क्यों कि जड़ चेतन दोनों एक नहीं हो सकते हैं. किसी प्रयोग से मिल तो जाय परन्तु वास्तव में एक रूप नहीं होते हैं, क्षीर नीरवत्. और वेदान्ती आनन्द-गिरि परमहंस कृत आनन्दामृत वर्षिणी नाम पुस्तक विक्रमी संवत १९५३ में बंबइ छपी जिसके प्रथम अध्याय के १८ वें पृष्ठ में लिखा है कि प्रथम श्रुतिने देह आदि को आत्मा कहा, और जीव ईश्वर से गुणका भेद कहा, फिर उसका निषेध किया.

तर्कः---प्रथम ही एक निर्गुण ब्रह्म का उपदेश क्यों नहीं किया ?

उत्तरः---जो श्रुति प्रथम ही ब्रह्म का बोध न करती, तो ब्रह्म के अति सूक्ष्म होने से इस जीव को ब्रह्मका कदापि बोध न हो सकता.

जैनीः---देखो ! इस लेख से भी द्वैतभाव सिद्ध होता है. अर्थात् जीव और ब्रह्म दो पृथक् हुए, क्यों कि एक तो याद करने वाला और एक वह जिस को याद किया जावे, तथा एक तो ढूंढने वाला, अर्थात् जीव, और दूसरा वह जिसको ढूंढे, अर्थात् ब्रह्म.

नास्तिकः---नहीं जी, जीव और ब्रह्म एक ही हैं. वह अपने आप ही को ढुंढता है.

जैनीः---जो आपही को भुल रहा है वह ब्रह्म काहेका हुआ ?, वह तो निपट ग्रंथल (अज्ञानी) हुआ.

(नास्तिक चुप हो रहा.)

( ७ )

जैनीः—भला ! जीव और ब्रह्म चेतन है वा जड़ ?

नास्तिकः—अजी ! चेतन है.

जैनीः—तो पूर्वोक्त दो चेतन सिद्ध हुए. एक तो ब्रह्म, दूसरा जीव.

नास्तिकः—नहीं जी, ब्रह्म चेतन, और जीव जड़.

जैनीः—यदि जीव जड़ है, तो पूर्वोक्त ब्रह्म को मिलनेका जीव को ज्ञान होना लिखा है, सो कैसे ? और फिर जीव ब्रह्मज्ञानी हो कर ब्रह्म में मिले अर्थात् मुक्त होवे, सो कैसे ?

( नास्तिक चुप हुआ. )

जैनीः—वास्तव में तो तुम्हारा ब्रह्म और मुक्त यह दोनों ही जड़ तुमारे कथन प्रमाण से सिद्ध होते हैं. और नास्तिक शब्द का अर्थ भी यही है, कि होते हुए पदार्थ को जो नास्ति कहे, क्यों कि आनन्दामृत वर्षिणी के

प्रथम अध्याय के अन्त के २५ पृष्ठ में लिखा है, कि ना मोक्ष है और ना जीव है और नाही ईश्वर और नाही और कुछ है. फिर यह नास्तिक ज्ञान२ और मोक्ष२ पुकारते हैं, यथा बालूकी भींत पर चुवारे चिनें और फिर तीसरे अध्याय के सातवें पृष्ठ ७ वीं भूमीका के कथन में लिखते हैं, कि कोई पुरुष नदी के तट पर खड़ा हो कर नगर की ओर दृष्टि करे, तो उसे सारा नगर दीखता है, फिर वह सौ दोसौ कदम जलमें आगे को गया जहां छाती तक जल आया, फिर वह वहां खड़ा हो कर देखे, तो ऊंचे मकान तो दीखें परन्तु नीचे के मकान आदिक नगर न दीखें. फिर गले तक जल में गया तो कोई२ शिखर नजर आया, और कुच्छ न दीखा. जब गहरे जलमें डूब ही गया तो फिर कुच्छ भी न देखा. ऐसे ही मोक्ष हो कर संसार नहीं दीखे, अर्थात् संसार मिथ्या है.

जैनीः—देखो ! इन नास्तिकों की क्या अच्छी मोक्ष हुई ? अरे मतिमन्द ! मोक्ष होने वाला डूब गया, कि नगरादिक न रहा ? अपितु नगरादिक तो सब कुच्छ वैसे ही रहा, परन्तु वह ही स्वयं डूब गया. फिर छठे अध्याय के ९४ पृष्ठ में लिखा है.

( ३ )

नास्तिकः—संसार तो स्वप्नवत् झूठा है, परन्तु सोते हुए सत्य, और जागते हुए असत्य; परमार्थ में दोनों ही असत्य हैं.

जैनीः—सोता कौन है ? और जागता कौन है ? और स्वप्न क्या है ? और स्वप्न आता किसको है ?

( नास्तिक चुप हो रहा. )

जैनीः—स्वप्न भी तो कुछ देखे वा सुने आदिक का ही आता है, और तुम कहते हो, कि जागते असत्य, तो तुम्हारे पांच तत्व भी तो रहते ही होंगे, और तूं कहनेवाला

और सुननेवाला भी रहता ही होगा; यदि नहीं तो तूं सुनाता क्यों है, और सुनाता किस को है, और सुनने से क्या लाभ होता है?

( ४ )

नास्तिकः—घटाकाश, मठाकाश, महाकाश, यह तीन प्रकार से हमारे मतमें आकाश माने हैं, सो घटवत् शरीरका नाश होने पर महाकाशवत् मोक्ष हो जाता है.

जैनीः—तो यह बताइये कि वह घटवत् शरीर जड है वा चेतन?

नास्तिकः—जड है.

जैनीः—घटवत् शरीर जड है तो वह बनाये किसने? और किस लिये बनाये? क्यों कि तुम चौदहवें पृष्ठ में लिख आये हो कि आत्मा के सिवाय सब अनित्य है. तो वह घडे भी अनित्य ही होंगे, तां ते पुनरपि२ बनाये जाते होंगे.

( नास्तिक चुप हो रहा. )

जैनीः—भला. महाआकाश जड़ है वा चेतन है ?

नास्तिकः—जड़ है.

जैनीः—तो फिर महा आकाशवत् मोक्ष क्या हुआ ? यह तो सत्यानाश हुआ ! इस से तो वे मुक्त ही अच्छे थे, जो कभी ब्रह्मपुरी के कभी चक्रवर्त्ती आदिक के सुख तो भोगते. मुक्त हो कर तो तुमारे कथन प्रमाण से शुन्न हो गया, क्यों कि तुम मुक्ति को बुझे हुए दीपक की भान्ति मानते हो.

( ५ )

नास्तिकः—एक तो शुद्ध ब्रह्म, एक मायोपहित शुद्ध चेतन, जगत् कारण ईश्वर, एक अवद्योपहित जीव, दूसरे अध्याय के २ए वें पृष्ठ में यह सब अनादि हैं, इनको यों नहीं कहा जाता है, कि यह कबसे हैं ?

जैनीः—तो फिर तुमारा अद्वैत तो भाग गया ! यह तो तीन हुए.

( ६ )

नास्तिकः-१०२ पृष्ठ में हम आधे श्लोक में कोटि ग्रंथों का सार कहेंगे. क्या 'ब्रह्मसत्यं जगन्मिथ्या' बस, ऐसा कहनेवाला जीव ही ब्रह्म है; अपर कोई ब्रह्म नहीं है.

जैनी:—देखो इन नास्तिकों की व्यामोहता (बेहोशी). पहिले तो कह दिया कि ब्रह्म सत्य है और जगत् केवल मिथ्या है, अर्थात् ब्रह्म के सिवाय जीवादिक कुछ भी नहीं. और फिर कहा कि यों कहने वाला जीव ही ब्रह्म है, और कोई ब्रह्म नहीं है. अब देखिये जीव ही को ब्रह्म मान लिया, और ब्रह्म की नास्ति कर दी. असल में इन बेचारे नास्तिकों के ज्ञान नेत्र अज्ञानसे मुंदे हुए हैं, तो ते इन्हें कुच्छ भी नहीं सूझता.

( ७ )

नास्तिकः-जीव देह के त्याग के अनन्तर पुण्यलोक ब्रह्मपुरी, वा मनुष्य, वा

पशु होते हैं.

जैनीः—तुम तो पूर्वोक्त एक ब्रह्म के सिवाय दूसरा जीव आदिक कुछ भी नहीं मानते हो, तो क्या ब्रह्म ही जन्म लेता है? और वह आप ही अनेक रूप हो कर पशु, शूकर, कूकर, (सूअर, कुत्ता,) आदिक योनियों में विष्ठा आदिक चरने की सैरें करता है? बस जी, बस! नास्तिक जी! क्या कहना है? भला यह तो बताओ कि जो घटवत् शरीर जडरूप है वह योनियें भोगता है या उसमें प्रतिबिम्ब रूप ब्रह्म है वह योनियें भोगता है?

( नास्तिक विचार में पडा. )

नास्तिकः—अध्याय ६ठे के १०० वें पृष्ठ में श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य श्री शंकराचार्य्य जी महाराज शिवजी का अवतार हस्तामलक आनन्द गिरिसे आदि ले कर बहुत ग्रंथों में हमारा मत प्रसिद्ध है.

जैनीः—ओहो! वही श्री शंकराचार्य्य

हैं कि जिनको आनन्दगिरि शिष्यने अपनी बनाई हुइ पुस्तक शंकर दिग्विजय के ५८ के प्रकरण में लिखा है, कि मण्डक ब्राह्मण की जार्य्या सरस वाणिसें संवाद में मैथुन रस के अनुजव विषय में बाल ब्रह्मचारी होने के कारण से हार गये, कि तुम सर्वज्ञ नहीं हुए हो, क्यों कि आनन्दामृत वर्षिणी में जो लिखा है, कि श्री स्वामी शंकराचार्य्यजीने ८हे वर्ष की आयु में सन्यास ग्रहण किया था. तो फिर उन्हों ने मरे हुए राजा की देह में प्रवेश कर के राणी से जोग किया, तब सर्वज्ञ हो गये, तो ते फिर सरस वाणि को उसका जेद बता कर विजय को प्राप्त हुए.

तर्कः—क्या तुम्हारे वेदान्तियों में यही सर्वज्ञता होती है ?

( प्रश्न ए )

जैनीः—जला, तुम यह बताओ, कि यदि एक ही आत्मा है तो सोमदत्तका सुख

देवदत्त क्यों नहीं जानता है?

नास्तिकः—पृष्ठ १०५ वें में अविद्या की उपाधि से जिस शरीर में जिस जगह अभ्यास (खयाल) है, वहां के दुःख आदि, अनुभव हो सकते हैं, और जगह के नहीं. यदि दूसरे शरीर में अभ्यास होगा, तो उसका भी दुःख सुख होता है, मित्र और पुत्र के दुःख सुख में दुःखी सुखीवत्

जैनीः—वह मन से भले ही सुख दुःख मानें; परन्तु पुत्र के शूल से पिताको शूल नहीं होता है, ताप से ताप नहीं होता.

नास्तिकः—शरीर पृथक् २ (न्यारे २) जो होते हैं.

जैनीः—तो फिर मन भी तो न्यारे २ ही होते हैं.

नास्तिकः—तो देख लो पुत्र के दुःखमें पिताको दुःख होता ही है; तुम ही बताओ, कि कैसे होता है?

जैनीः—अच्छा हम से ही पूछो, तो हम ही बता देते हैं. रागद्वेष के प्रयोग से दुःख सुख माना जाता है; परन्तु शरीर और मन यह दोनों ही जड़ हैं. जड़ को तो दुःख, सुख का ज्ञान नहीं होता है, दुःख सुख के ज्ञान वाले चेतन (जीव) शरीर में न्यारे२ होते हैं. यदि जड़ को ज्ञान होता, तो मुर्दों को भी ज्ञान होता. और यदि सब का आत्मा एक ही होता, अर्थात् सब में एक ही ब्रह्म होता तो एक दूसरे का दुःख सुख दूसरे को अवश्य ही होता.

( २० )

नास्तिकः—जब यों जाने कि मैं जीव हूं, तब उसको भय होता है; जब यों जाने कि मैं जीव नहीं परमात्मा हूं तब निर्भय हो जाता है.

जैनीः—इस तुमारे कथन प्रमाण से तो यों हुआ, कि जब तक चोर यों जाने कि मैं चोर हूं, तब तक चोरी का भय है, और जब

यों जान ले कि मैं तीन लोक का राजा हूं फिर खूब ही चोरीयां किया करे, कुच्छ भय नहीं. परन्तु नास्तिकजी! वह मन से चाहे राजा हो जावे, परन्तु पकड़ा तो जावेगा.

नास्तिकः—यदि जीव और ब्रह्म में हम भेद मानेंगे, तब तो सब में भेद मानना पड़ेगा.

जैनीः—भेद तो है ही, मानना ही क्या पड़ेगा?

( ११ )

नास्तिकः—१०७ पृष्ठ में यह संसार इन्द्रजाल है?

जैनीः—इन्द्रजाल भी तो इन्द्रजालिये का किया ही होता है. तो क्या तुम्हारा ब्रह्म इन्द्रजालिया है?

( १२ )

नास्तिकः—जैसे तोत्ता नलकी पर लटक कर भ्रम में पड़ जाता है.

जैनीः—वह नलकी किसने लगाई, और भ्रम में कौन पडा ?

नास्तिकः—ब्रह्म ही.

जैनीः—ब्रह्म को तो तुम सर्वज्ञ और सर्वव्यापक मानते हो, तो सर्वज्ञ को भ्रम कैसे ? और पडा कहां ?

नास्तिकः—जैसे मकडी आप ही जाला पुर के आप ही फन्से.

जैनीः—वाहवा ! ब्रह्म तो खूब हुआ! जो आप ही तो कूंआं खोदे और फिर आंख मीच आप ही गिर कर डूब मरे.

( १३ )

नास्तिकः—१२२ पृष्ठ में जैसे स्वप्न के खुलते हुए स्वप्न में जो पदार्थ कल्प रखे थे, सब उसही समय नष्ट हो जाते हैं, ऐसे ही पीछे विदेह मुक्ति के सब संसार नष्ट हो जाता है. कोई ऐसा न विचार करे कि मैं तो मुक्त हो जाऊंगा, और मेरे शत्रु मित्रादिक

और जगत् बना रहेगा, और इनके पीछे के लिये यत्न करना मूर्खता है.

जैनीः—देखो इन वेदान्त मतवाले नास्तिकों की बुद्धि कैसे मिथ्यारूप भ्रम चक्र में पड़ रही है? भला, किसी पुरुष को स्वप्न हुआ कि मेरा मित्र मेरे घर आया है, और मैंने उसे सुवर्ण के थाल में बूरा चावल जिमाये हैं, फिर उसकी नींद खुल गई, तो कहो नास्तिकजी! क्या उसके घर का और मित्रादिक का नाश हो गया?

नास्तिकः—नहीं.

जैनीः—तो तुम्हारा पूर्वोक्त लिखा मिथ्या रहा, जो तुमने लिखा है कि स्वप्न के अनन्तर स्वप्नवाले पदार्थ नाश हो जावेंगे.

नास्तिकः—उस समय तो वहां मित्र नहीं रहा, और जो उसने सुवर्ण का थाल अनहुआ स्वप्न में देखा था वह भी न रहा.

जैनीः—अरे मूर्ख! मित्र उस वक्त नहीं

था तो न हो, परन्तु मित्रका नाश तो नहीं हुआ, और जो सोने का थाल अनहुआ देखा था, सो उसके न था, तो जगत् में तो है? अन हुआ कैसे हुआ? यह तो मन की चाल और के और भरोसे में विचल जाती है, जैसे कोई पुरुष अपने साईस को कह रहा था कि तुम घोड़ा कस कर लाओ, हम ग्रामान्तर को जावेंगे; इतने में एक कुम्हार गधे ले कर आ गया तो वह शाहूकार कहता है कि तूं इन गधों को परे कर, उधर साईस को देख कर कहता है कि अरे तूं गधे को कस लाया; भला कहीं गधा भी कसवा कर मंगवाया जाता है? परन्तु संकल्प की चाल और के भरोसे और जगह लग जाती है; यथा कोई पुरुष नौकर को दाम दे कर कहने लगा कि बाजार में से मगज और सेमियें यह२ ले आओ. इतने में उस की लड़की आ कर कहने लगी, कि लालाजी! देखो भाईने मेरी

गोद में पुरीषोत्सर्ग कर दिया है, मेरे कपड़े विष्ठा से भर गये, उधरसे नौकर पूछ रहा है, कि अजी क्या २ लाऊं, तो वह कहने लगा कि विष्ठा लाओ! ऐसे ही प्रायः स्वप्न में मन के संकल्प भी हुआ करते हैं.

नास्तिकः—तो यह बताओ, कि स्वप्न कैसे आता है ? और कुछ का कुछ क्यों दीखने लग जाता है ?

जैनीः—तुम स्वप्न स्वप्न यों ही पुकारते हो, तुम्हें स्वप्न की तो खबर ही नहीं है. हे भाई! स्वप्न कोई ब्रह्मा तो नहीं दिखाता है, और न कोई स्वप्न में नई सृष्टि ही बस जाती है. और नाही कोई तुम्हारा ब्रह्म अर्थात् जीव, देह से निकल कर कहीं भाग जाता है. स्वप्न तो इन्द्रियों के सो जाने और मन के जागने से आता है. और कुछ का कुछ तो पूर्वोक्त मन के खयाल बिचल जाने से दीखता है.

( १४ )

जैनी:—और तुमने यह जो ऊपर लिखा है, कि विदेह मुक्ति अर्थात् जो वेदान्ती ब्रह्मज्ञानी मुक्त हो जाता है; (मर जाता है) तब सब संसार का नाश हो जाता है, सो हम तुमको यों पूछते हैं, कि जो वेदान्ती ब्रह्मज्ञानी मर जाता है, उसका नाश हो जाता है, वा उसके मरते ही सब वेदान्तियों की मुक्ति हो जाती है, अथवा सर्व संसार का प्रलय हो जाता है, अर्थात् मुक्ति (मर जाना) क्यों कि तुम तीसरे अध्याय ६० वें पृष्ठ में लिख आये हो कि, जो अपने आपको ब्रह्म मानता है वह चाहे रो पीट कर मरे, चाहे चमार के घर मरे, उसकी अवश्य ही मुक्ति हो जाती है, तो तुम्हारे कथनानुसार उसकी मुक्ति होते ही सब संसारका नाश हो जायगा, इसमें हमें एक तो खुशी हासिल हुई कि वेदान्ती तो बडे२ साधनों से परम हंस बन२ कर मुक्त होंगे, और

उनके मरते ही सब अज्ञानी और पापीयों की स्वयं ही मुक्ति अर्थात् नाश हो जायगा. और तुम्हारे कथनानुसार ऐसे भी सिद्ध होता है, कि जब वेदान्ती उत्पन्न होता है तब संसार वस जाता है, और वेदान्ती जब मर जाता है तब संसार का नाश हो जाता है. परन्तु यह सन्देह ही रहा कि वेदान्ती का पिता, वेदान्ती से पहिले कैसे हुआ? और वेदान्ती की मुक्ति अर्थात् मरणे के अनन्तर वेदान्ती के पुत्र कन्या कैसे रह जाते हैं? ना तो हम लोग आस्तिक आंखों वालों को यों ही मानना पडेगा, कि वेदान्ती को न कभी मोक्ष प्राप्ति हुई और नाही होगी; क्यों कि सब संसार पहिले भी था, और अब भी है, और वेदान्ती के मरण के अनन्तर भी रहेगा.

( १५ )

नास्तिकः—भला, जैनीजी! तुमही बताओ; कि जीव चेतन है वा जड़?

जैनीः—चेतन.

नास्तिकः—यदि जीव चेतन है तो जीव को परलोक का ज्ञान अर्थात् स्मरण क्यों नहीं होता ?

जैनीः—जीव को परलोक का ज्ञान अर्थात् स्मृति के न होने से क्या जीव की चेतनता की और परलोक की नास्ति हो जायगी ?

नास्तिकः—और क्या ?

जैनीः—किस कारण से ?

नास्तिकः—किस कारण से क्या ? यदि जीव चेतन अर्थात् ज्ञानवान् होता, और परलोक से आता जाता, तो परलोक का स्मरण (याद) क्यों कर न होता ?

जैनीः—अरे भोले ! तुझे गर्भवास की अवस्था स्मरण नहीं है, तो क्या तुम गर्भ से उत्पन्न नहीं हुए हो ? वा, तुम चेतन नहीं

हो ? जरूर हो? (२) तुम्हें माता के दुग्ध का स्वाद याद नहीं है तो क्या माता का दूध पी कर नहीं पले हो? (३) यथा, किसी पुरुष ने विद्या पढी, फिर दो—चार वा छ महीने तक बीमार रहा, उसे पिछला पढा हुआ स्मरण न रहा, तो क्या उसने पढा न था ? (४) अथवा, किसी पुरुषने कैद में कठिन वेदना भोगी, फिर वह कैद से छूट कर घर के सुखों में मग्न हो कर कैद के कष्ट भूल गया; तो क्या उसने कैद नहीं भोगी ? (५) अथवा, स्त्री प्रसववेदना से दुःखित होती है, फिर कालान्तर में शृङ्गार भूषण हास्य विलास आदि भोगों में मग्न हो कर प्रसूत की अवस्था भूल गई, तो क्या उसको प्रसूत की पीडा नहीं हुई? किंवा यह पूर्वोक्त जरूर हो जाते हैं? अपितु नहीं, तो ऐसे ही जीव चेतन के परलोक याद ना रहने से परलोक की नास्ति नहीं हो सकती·

नास्तिकः—यह तो आपने सत्य कहा, परन्तु यह बता दीजिये कि ना याद रहने का कारण क्या है ?

जैनीः—अरे भाई ! यह जीव चेतन कर्मों से पूर्वोक्त समवाय सम्बन्ध है, तां ते इन जीवों की चेतनता, अर्थात् ज्ञान शक्तियें सूक्ष्म रूप ज्ञान, आवरण आदि कर्मानुबंध हो रही हैं, बृक्ष के बीज की न्यांई. जैसे बृक्ष के बीज में बृक्ष वाली सर्व शक्तियें सूक्ष्म हो कर रही हुई हैं, और निमित्तों के मिलने से उसी बीजमें से किसी काल में अङ्कुर फूट कर झाली, पत्ते आदी होते हुए संपूर्ण बृक्ष प्रकट हो जाता है; ऐसे ही इन जीवों को इन्द्रिय और मन आदि प्राणों के निमित्तों से मति, सुरत, आदि ज्ञान प्रगट होते हैं. जब तक यह जीव कर्मों के बंधन सहित है, तब तक विना इन्द्रिय आदिक औजारों के कोई ज्ञान

उपक्रम आदि क्रिया नहीं कर सकता है. जैसे मनुष्य को सीवना तो आता है परन्तु सूई बिन नहीं सी सकता, इत्यादि. और भी बहुतसे दृष्टान्त हैं.

( १७ )

नास्तिकः—यह इन्द्रिय शरीर पांच तत्व से होते हैं.–(१) पृथिवी, (२) जल, (३) अग्नि, (४) वायु, (५) आकाश. इन तत्वों ही के मिलने से ज्ञान हो जाता है वा और कोई जीव होता है ?

जैनीः—देखो, इन अंधमति नास्तिकों के आगे सत्य उपदेश करना कुक्कुड़ कूंवत् है. अरे भाई! यह पूर्वोक्त पांच तत्व तो जड हैं. इन जडों के मिलाप से जड गुण तो उत्पन्न हो जाता है. परन्तु जडों में चेतन गुण अन हुआ कहांसे आवे ? जैसे हल्दी और नील के मिलाप से हरा रंग हो जाता हैं, जिस को

अज्ञान लोग तीसरा हरा रंग कहते है. परन्तु बुद्धिमान् पुरुष जानते हैं कि तीसरा नहीं, दो ही हैं. हल्दी का पीलापन, और नील का नीला पन, यह दोनों ही रङ्ग मिले हुए हैं. हरेमें तीसरा रङ्ग, इनसे पृथक् लाली तो नहीं आ गई, अर्थात् गुल अनारी तो नहीं, हो गया. ऐसे ही जड़ में जड़ गुण, तो भांति२ के हो जाते हैं, परन्तु जड़ में जड़ से अलग चेतन गुण नहीं हो सकता.

( १७ )

नास्तिकः—(१) शोरा, (२) गंधक, (३) कोयला मिलाने से बारूद हो जाती है, जिस में पहाड़ों के उड़ाने की शक्ति उत्पन्न हो जाती है.

जैनीः—बारूद में उड़ाने की शक्ति होती तो, कोठे में पड़ी२ ही उड़ा देती, उडाना तो बारूद से अलग अग्नि से होता है.

नास्तिकः—खैर, अग्नि से ही सही. परन्तु जैनी जी! अग्नि भी तो जड़ है.

जैनीः—अग्नि जड़ ही सही, परन्तु नास्तिक जी! मिलाने वाले चलाने वाला तो चेतन ही है. तांते जड़ से न्यारा चेतन कोई और ही है.

(१९)

नास्तिकः—भला! शब्द, रूप, गंध, रस, स्पर्श, ग्रहण करने की शक्ति इन्द्रियों में है वा जीव में, अर्थात् देखने का गुण आंखों में है वा जीव में?

जैनीः—जब तक जीव अज्ञान कर्म के अनुबंध है, तब तक तो न अकेला जीव देख सकता है और नाही आंख देख सकती है; क्यों कि यदि जीव देख सकता, तो अन्ध पुरुष भी चक्षु से विना ही देख सकता, और जो आंखें देख सकती तो जीव निकल जाने

के अनन्तर अर्थात् मुर्दा भी देख सकता. क्यों कि मुर्दे की भी तो अल्पकाल तक वैसी ही आंखें बनी रहती हैं. बस वही ठीक है जो हम ऊपर लिख चुके हैं, कि कर्म अनुबन्ध जीव इन्द्रियों के निमित्त से अर्थात् जीव इन्द्रिय इन दोनों के मिलाप से देखने आदि की क्रिया सिद्ध होती है.

( २० )

नास्तिकः—अजी! मैं आपसे फिर पूछता हूं कि कर्मानुबन्ध जीव परलोक आदि पूर्व कृत कैसे भूल जाता है? कोई दृष्टान्त दे कर सविस्तर समझा दीजिये.

जैनीः—दृष्टान्त तो हम पहिले ही पांच लिख आये हैं. लो अब और भी विस्तार पूर्वक सुनो. यथा, राजग्रह नगर में किसी एक धनी पुरुष शिवदत्त के पुत्र देवदत्त को कुसङ्ग के प्रयोगसे मद्यपान करने का व्यसन पड़

गयाथा, एक समय मद्यपान कर बाजार में से जा रहा था, तो उसके मित्र ने उसे अपनी दुकान पर बैठा लिया, और मोदक वा पेड़े आदिक खिलाये. उसने आदरका और मिठाई आदि खानेका अपने मन में अति सुख माना. फिर आगे गया तो उसे किसी एक पुरुष ने पूछा कि आज तो तुम्हें मित्र ने खूब लड्डू खिलाये, तो उस मद्यपने जब वर्त्तमान समय लड्डू आदिक खाये थे तब उसकी चेतनता अर्थात् बुद्धि जिस धातु (मगज) से काम दे रही थी अर्थात् मित्र के सत्कार को अनुभव कर रही थी, सो उस धातु (मगज) के मादेपर उस मदिरा के पुद्गल (जौहर) मेदकी गर्मी से उड कर मगज की धातु को रोकते थे, तां ते वह अपने अतीत काल की व्यतीत बात को स्मरण नहीं रख सकता था, तांते वह पूर्वोक्त सुखों को भूला हुआ यों बोला, कि मुझे किस ऐसे तैसे ने लड्डू खिला-

ये हैं ? फिर आगे उस एक शत्रू मिला, उसने उसके खूब जूते लगाये, वह मारसे दुःखित हुआ, और चिल्लाने लगा, और बड़ी लज्जा-को प्राप्त हुआ. फिर थोड़ी देर के बाद आगे चल कर किसी पुरुष ने कहा कि तेरे शत्रुने तुझे बहुत जूते लगाये तो वह पूर्वोक्त कारण से अपने बीते दुःख को भूल ही रहा था, तो त्योंही बोला, कि मेरे जूते लाने वाला कौन जन्मा है ? अब देखो, वह मद्यपायी पुरुष वर्त्तमान काल में तो सुख को सुख जानता था और दुःख को दुःख, परन्तु मदिरा के जौहर मगज पर लगने से अतीत, अनागत के सुख दुःख को याद नहीं रख सका ऐसे ही पुरुष वत् तो यह जीव, और मदिरावत् मोह कर्म के परमाणु, सो इस मोह कर्म के प्रयोग से यह जीव भी जब वर्त्तमान काल जिस यो-नि में होता है तब वहां के सुख दुःख को जानता है. और जब इस देह को छोड़ कर दू-

गयाथा, एक समय मद्यपान कर बाजार में से जा रहा था, तो उसके मित्र ने उसे अपनी दुकान पर बैठा लिया, और मोदक वा पेंडे आदिक खिलाये. उसने आदरका और मिठाई आदि खानेका अपने मन में अति सुख माना. फिर आगे गया तो उसे किसी एक पुरुष ने पूछा कि आज तो तुम्हें मित्र ने खूब लडू खिलाये, तो उस मद्यपने जब वर्त्तमान समय लड्डू आदिक खाये थे तब उसकी चेतनता अर्थात् बुद्धि जिस धातु (मगज) से काम ले रही थी अर्थात् मित्र के सत्कार को अनुभव कर रही थी, सो उस धातु (मगज) के मादेपर उस मदिरा के पुद्गल (जौहर) मेदकी गर्मी से उड कर मगज की धातु को रोकते थे, तां ते वह अपने अतीत काल की व्यतीत बात को स्मरण नहीं रख सकता था, तांते वह पूर्वोक्त सुखों को भूला हुआ यों बोला, कि मुझे किस ऐसे तैसे ने लड्डू खिला-

सकेगा; यथा किसी कवी ने कैसा ही सुन्दर दोहा कहा है:—

परमेश्वर परलोक को भय कहीं जिस चित्त,
गुह्य देशमें पाप सों कबहूं नवचसी मित्त १

तां ते परमेश्वर और परलोक पर निश्चय करके हिंसा, मिथ्या, काम क्रोधादि पूर्वोक्त दुष्ट कर्मों का अवश्य ही त्याग, करना चाहिये, और दया, सत्य, परोपकार आदि सत्य धर्म का अवश्य ही अनुष्ठान करना चाहिये; क्यों कि यदि परलोक होगा तो शुभ के प्रभाव से इस लोक में तो यश होगा और विविध प्रकार के रोग और कलंक और राज दण्डादिकों से बचा रहेगा, और परलोक में शुभ गति हो कर अत्यन्त सुखी होगा; यदि परलोक तेरी बुद्धि के अनुसार नहीं भी होगा तौ भी धर्म के प्रयोग से इस जगह तो यश आदिक पूर्वोक्त सुख होगा.

सरी योनि में कर्मानुसार उत्पन्न होता है तब पूर्वोक्त कारण से परलोक को भूल जाता है. और जियादह शरीर और जीव के न्याराश होने में ज्ञात होने की आवश्यकता हो तो सूत्र श्री रायप्रसैनी जी के दूसरे अधिकार में परदेशी राजा नास्तिक के ग्यारह प्रश्न और श्री जैनाचार्य्य केशी कुमारजी आस्तिक की ओरसे उत्तरों में से प्राप्ति कर लेना; इस जगह पुस्तक बढ़ा होने के कारण से विशेष कर नहीं लिखा गया·

और हमारी तर्फ से यह शिक्षा भी स्मरण रखने के योग्य है कि यदि तुमारी बुद्धि में परलोक नहीं भी आवे तौ भी परलोक अवश्यही मानो, क्यों कि जो परमेश्वर और परलोक को नहीं समझेगा अर्थात् नहीं मानेगा, तो वह पापों से अर्थात् बालघात आदि अगम्य गमनादि कुकर्मों से कभी नहीं बच

सकेगा; यथा किसी कवी ने कैसा ही सुन्दर दोहा कहा है:—

परमेश्वर परलोक को भय कहीं जिस चित्त,
गुह्य देशमें पाप सों कबहूं नवचसी मित्त १

तां ते परमेश्वर और परलोक पर निश्चय करके हिंसा, मिथ्या, काम क्रोधादि पूर्वोक्त दुष्ट कर्मों का अवश्य ही त्याग, करना चाहिये, और दया, सत्य, परोपकार आदि सत्य धर्म का अवश्य ही अनुष्ठान करना चाहिये; क्यों कि यदि परलोक होगा तो शुभ के प्रभाव से इस लोक में तो यश होगा और विविध प्रकार के रोग और कलंक और राज दण्डादिकों से बचा रहेगा, और परलोक में शुभ गति हो कर अत्यन्त सुखी होगा; यदि परलोक तेरी बुद्धि के अनुसार नहीं भी होगा तौ भी धर्म के प्रयोग से इस जगह तो यश आदिक पूर्वोक्त सुख होगा.

## यदि ज्ञाता जनों की सम्मति से विरुद्ध कुछ न्यूनाधिक लिखा गया होवे तो 'मिच्छामि दुःक्कम्'

## ॥ शुभं भूयात् ॥

**नोटः**—इस ग्रंथ में जो मत मतान्तरोंके पुस्तकों के प्रमाण दिये गये हैं, यदि उनका अर्थ इस ग्रंथ मे कहीं लिखे के बमूजिब न हो तो वह अपना अर्थ प्रकट करे ठीक किया जायगा.



ॐ श्री वीतरागाय नमः ॥

# ॥ जैन धर्मके नियम ॥

## १—परमेश्वर के विषय में ।

१ परमेश्वर को अनादि मानते हैं अर्थात् सिद्धस्वरूप, सत्चिदानंद, अज, अमर, निराकार, निष्कलङ्क, निष्प्रयोजन, परमपवित्र सर्वज्ञ, अनन्त शक्तिमान् सदासर्वानन्दरूप परमात्मा को अनादि मानते हैं ॥

## २—जीवों के विषय में ।

२—जीवोंको अनादि मानते हैं अर्थात् पुण्य पाप रूप कर्मों का कर्त्ता और भोक्ता संसारी अनन्त जीवोंको जिनका चेतना लक्षण है अनादि मानते हैं ॥

## ३—जगत के विषय में ।

३—जड़ परमाणुओं के समूह रूप लोक (जगत्) को अनादि मानते हैं अर्थात् पृथिवी, पानी, अग्नि, वायु, चन्द्र, सूर्यादि पुद्गलों के स्वभावसे

समूह रूप जगत् १ काल (समय) २ स्वभाव (जड़ में जड़ता चेतनमें चैतन्यता) ३ आकाश (सर्व पदार्थों का मकान) ४ इन को प्रवाह रूप अकृत्रिम (विना किसी के वनाये) अनादि मानते हैं ॥

## ४—अवतार ।

४—धर्मावतार ऋषीश्वर वीतराग जिन देव को जैन धर्म का बताने वाला मानते हैं अर्थात् जि, धातु, जय, अर्थ में है जिसको नक प्रत्यय होने से जिन, शब्द सिद्ध होता है अर्थात् राग द्वेष काम क्रोधादि शत्रुयों को जीन के जिन देव कहाये, जिनस्यायं, जैन, अर्थात् जिनेश्वर देव का कहा हुआ यह धर्म उसे जैन धर्म कहते है ॥

## ५—जैनी ।

५—जैनी मुक्ति के साधनों में यत्न करने वालो को मानते हैं अर्थात् उक्त जिनेश्वर देव के कहे हुये जैन धर्म में रहे हुये अर्थात् जैन धर्म के अनुयाईयों को जैनी कहते हैं ॥

## ६—मुक्ति का स्वरुप ।

६—मुक्ति, कर्म बंध से अबन्ध हो जाने अर्थात् जन्म मरण से रहित हो परमात्म पदको प्राप्त

कर सर्वज्ञता, सदैव सर्वानन्द में रमन रहने को मानते हैं अर्थात् मुक्ति के साधन धन और कामनी के त्यागी सन्त गुरुयोंकी सङ्गत करके शास्त्र द्वारा जड़ चेतन का स्वरुप सुनकर संसारिक पदार्थों को अनित्य [झूठे] जान कर उदासीन होकर सत्य संतोष दया दानादि सुमार्ग में इच्छा रहित चल कर काम क्रोधादि पर गुन के अभाव होने पर आत्म ज्ञान में लीन होकर सर्वारंभ परित्यागी अर्थात् हिंसा मिथ्या दि के त्याग के प्रयोग से नये कर्म पैदा न करे और पुरःकृत [पहिले किये हुये कर्मों का पूर्वोक्त जप तप ब्रह्मचर्यादि के प्रयोग से नाश कर के कर्मों से अलग होजाना अर्थात् जन्म मरण से रहित होकर परमपवित्र सच्चिदानन्द रूप परमपदको प्राप्त हे ज्ञान स्वरूप सदैव परमानन्द में रमन रहने को मोक्ष मानते हैं.

### ७—साधुयों के चिन्ह और धर्म ।

७-पञ्चयम (पांचमहाव्रत के) पालने वालों को साधु कहते हैं.

अर्थात् श्वेत वस्त्र, मुख वस्त्रिका मुखपर बांधना,एक ऊन आदिक का गुच्छा (रजोहरण) जीव

रक्षा के लिये हाथ में रखना काष्ठ पात्र में आर्य गृहस्थियों के द्वार से निर्दोष भिक्षा ला के आहार करना.

पूर्वक ५ पञ्चाश्रव हिंसा १ मिथ्या २ चोरी ३ मैथुन ४ ममत्व ५ इनका त्यागन

और अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्याऽ परिग्रह-यमाः इन उक्त (पञ्च महाव्रतों के) धारण करना अर्थात् दया १ सत्य २ दत्त ३ ब्रह्मचर्य ४ निर्ममत्व ५ दया, (जीवरक्षा अर्थात् स्थावरादि कीटी से कुञ्जर पर्य्यंत सर्व जीवों की रक्षा रूप धर्म में यत्न का करना. १ सत्य ( सच्च बोलना ) २ दत्त ( गृहस्थियों का दिया हुआ अन्न पानी वस्त्रादि ) निर्दोष पदार्थ का लेना ३ ब्रह्मचर्य [ हमेशा यती रहना ] अपितु स्त्री को हाथ तक भी न लगाना जिस मकान में स्त्री रहती हो उस मकान में भीन रहना ऐसे ही साध्वी को पुरुष के पक्ष में समझ लेना ४ निर्ममत्व [ कौडी पैसा आदिक धन, धातु का किंचित् भी न रखना ५ रात्रि भोजन का त्याग अर्थात् रात्रि में न खाना न पीना रात्रिके समय में अन्न पानी आदिक खान पान के पदार्थ का संचय भी न करना

[न रखना] और नङ्गेपांव भूमि शय्या, तथा काष्ठ शय्या का करना. फलफूल आदिक और सांसारिक विषय व्यवहारों से अलग रहना, पञ्च परमेष्ठी का जाप करना धर्म शास्त्रों के अनुसार पूर्वोक्त सत्य सार धर्म रीति को ढुंढकर परोपकार के लिये सत्यो-पदेश यथा बुद्धि करते हुए देशांतरो में विचरते रहना एक जगह फेरावना के मुकाम का न करना ऐसी वृत्ति वालों को साधु मानते हैं ॥

## ८—श्रावक ( शास्त्र सुनने वाले ) गृहस्थियों का धर्म ।

८—श्रावक पूर्वोक्त सर्वज्ञ भाषित सूत्रानुसार सम्यग् दृष्ट में दृढ हो कर धर्म मर्यादा में चलने वालों को मानते हैं अर्थात् प्रातःकाल में परमेश्वर का जाप रूप पाठ करना अभयदान, सुपात्रदान का देना सायंकालादि में सामायक का करना झूठका न बोलना, कम न तोलना झूठी गवाही का न देना चोरी का न करना, परस्त्री का गमन न करना स्त्री-योंने परपुरुष को गमन न करना अर्थात् अपने पतिके परन्त सब पुरुषो को पिता बंधु के समतुल्य समझना जूए का न खेलना, मांस का न खाना,

शराब का न पीना, शिकार (जीव घात) का न करना इतना ही एही बल्कि मांस खाने, शराब पीने वाले शिकार ( जीव घात ) करने वाले को जाति में भी न रखना अर्थात् उस्के सगाई ( कन्यादान ) नही करना उसके साथ खानपानादि व्यवहार नहीं करना खोटा वाणिज्य न करना अर्थात् दारू, चाम, जहर, शस्त्र आदिक का न वेचना और कसाई आदिक हिंसकों को व्याज पै दाम तक का भी न देना क्यूं कि उनकी दुष्ट कमाई का धन लेना अधर्म हैं ॥

## ए—परोपकार ।

ए—परोपकार सत्य विद्या ( शास्त्रविद्या ) सीखने सिखाने पूर्वोक्त जिनेन्द्र देव भाषित सत्य शास्त्रोक्त जड़ चेतन के विचार से बुद्धिको निर्मल करने में जीव रक्षा सत्य भाषणादि धर्म में उद्यम करने को कहते हैं अर्थात् यथा.

दोहा–गुणवंतोकी वंदना, अवगुण देख मध्यस्थ।
दुखी देख करुणा करे मैत्रीभाव समस्त ॥१॥

अर्थ–पूर्वोक्त गुणोंवाले साधु वा श्रावकों को नमस्कार करे और गुण रहित से मध्यस्थ भाव रहे अर्थात् उसपर राग द्वेष न करे २ दुखियों को देख

क करुणा ( दया ) करे अर्थात् अपना कल्प धर्म रख क यथा शक्ति उनका दुःख निवारण करे ३ मैत्री भाव सबसें रक्खे अर्थात् सब जीवों से प्रियाचरण करे किसी का बुरा चिंते नहीं ॥ ४ ॥

## १०—यात्रा धर्म ॥

१०—यात्रा चतुर्विध संघ तीर्थ अर्थात् ( चार तीर्थों ) का मिल के धर्म विचार का करना उसे यात्रा मानते हैं अर्थात् पूर्वोक्त साधु गुणों का धारक पुरुष साधु १ तैसे ही पूर्वोक्त साधु गुणोंकी धारका स्त्री साध्वी २ पूर्वोक्त श्रावक गुणोंका धारक पुरुष श्रावक ३ पूर्वोक्त श्रावक गुणों की धारका स्त्री श्राविका ४ इनका चतुर्विध संघ तीर्थ कहते हैं इनका परस्पर धर्म प्रीति से मिल कर धर्म का निश्चय करना उसे यात्रा कहते हैं और धर्म के निश्चय करने के लिये प्रश्नोत्तर कर के धर्म रूपी लाभ उठाने वाले ( सत्य सन्तोष हासिल करने वालों ) को यात्री कहते हैं अर्थात् जिस देश काल में जिस पुरुष को सन्त सं-गतादि करके आत्मज्ञान का लाभ हो वह तीर्थ । यथा चाणक्य नीति दर्पण अध्याय १२ श्लोक ८ में:—

साधूनां दर्शनं पुण्यं, तीर्थ भूताहि साधवः।
कालेन फलते तीर्थं, सद्यः साधु समागमः ॥

अर्थ–साधु का दर्शन ही सुकृत है साधु ही तीर्थ रूप हैं तीर्थ तो कभी फल देगा साधुओं का संग शीघ्र ही फलदायक है १ और जो धर्म सभा में धर्म सुनने को अधिकारी आवे वह यात्री २ और जो धर्म प्रीति और धर्म का बधाना अर्थात् आश्रव का सम्बर का बधाना ( विषयानन्द को घटाना आत्मानन्द को बधाना ) वह यात्रा ३ इन पूर्वोक्त सब का सिद्धान्त ( सार ) मुक्ति है अर्थात् सर्व प्रकार शरीरी मानसी दुःख से छूटकर सदैव सर्वज्ञता आत्मानन्द में रमता रहे ॥

॥ इति दशनियमः ॥ शुभम् ॥

॥ संपूर्णम् ॥